सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20 न्यू | 28 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 36 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,445 |
| निफ्टी | 25,103 |
| सोना | 95,718 |
| चांदी | 1,05,290 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




ढली और रामपुर के बीच जल्द बनेगा फोरलेन: विक्रमादित्य

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 10 जून 2025 | 28 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 162, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट को मानव आत्मघाती हमलावरों ने बम से उड़ाने की धमकी दी है। इसके बाद हाईकोर्ट को आनन-फानन में खाली करवाया गया। इस धमकी की गंभीरता को देखते हुए शिमला पुलिस ने उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रतिक्रिया शुरू की। जानकारी के अनुसार, पुलिस को व्हाट्सऐप पर चेतावनी मिली थी। अलर्ट की सूचना मिलते ही डीआईजी साउथ रेंज अंजुम आरा की अध्यक्षता में पुलिस टीम और बम निरोधक दस्ते ने कोर्ट बिल्डिंग में सेनेटाइजेशन अभियान चलाया और खोजी कुत्तों की मदद से संदिग्ध चीज की तलाश की गई। इससे पहले हाईकोर्ट से कर्मचारियों और न्यायाधीशों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सेनेटाइजेशन व तलाशी अभियान 4 घंटे तक चलाया गया। इस दौरान कोई विस्फोटक सामग्री या वास्तविक खतरा नहीं मिला और इस अलर्ट को झूठी चेतावनी घोषित किया गया।

### केरल में कार्गो शिप में आग, 4 क्रू मेंबर लापता

**एजेंसी, कोच्चि।** केरल के कोच्चि में सिंगापुर के एक कार्गो शिप में सोमवार सुबह आग लग गई। कार्गो श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट से 7 जून को रवाना हुआ था। इसे 10 जून को नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा पोर्ट) पहुंचना था। इंडियन कोस्ट गार्ड के मुताबिक घटना के दौरान कार्गो पर 18 क्रू मेंबर्स सवार थे। इनमें से 4 मेंबर्स लापता बताए जा रहे हैं, 5 घायल हैं। (अनंत ज्ञान)

### ज्योति की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत 23 जून तक बढ़ा दी गई है। हिसार कोर्ट में ज्योति मल्होत्रा की सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी हुई, जहां से अदालत ने उसे 23 जून तक न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया है। यूट्यूबर ज्योति को पुलिस ने 16 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे कई दिन रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। 26 मई को हिसार कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में 12 देशों के नागरिकों की एंट्री बैन

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका में आज से 12 देशों के नागरिकों की एंट्री पर बैन लागू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 4 जून को इसे लेकर एक आदेश जारी किया था, जो 9 जून से लागू हो गया है। 12 देशों के अलावा 7 देशों के नागरिकों पर आज से आंशिक रोक लागू होगी। ये इमिग्रेशन और नॉन-इमिग्रेशन दोनों तरह के वीजा पर लागू होगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सुजानपुर के वार्ड हमीरपुर में मिलाने पर लोग रुष्ट -पेज 2
- सरकार की मेहरबानी से प्रदेश में सक्रिय है आउटसोर्स माफिया : जयराम -पेज 3
- जुब्बल-नावर-कोटखाई में शिक्षा मंत्री के प्रयासों से 3 नई सड़कें मंजूर -पेज 6
- गर्मी और डी हाइड्रेशन से बेहोश हुए 14 कैडेट्स -पेज 10
- सिरमौर में मुख्यमंत्री आवास योजना का 103 को मिला लाभ -पेज 12


# भारत ने 11 सालों में तेजी से देखे परिवर्तन : प्रधानमंत्री

## विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

एक्स पर अपनी पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ ऐतिहासिक बदलाव लाए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जनकेंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही हम आशा, विश्वास और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं।' उन्होंने पोस्ट के साथ '11 साल की सेवा' हैशटैग का इस्तेमाल किया और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए बदलावों के विवरण के लिंक साझा किए।

इसमें कहा गया है कि मोदी ने विकास की राजनीति, 'विकासवाद' को मुख्यधारा में ला दिया है और इसे केंद्र बिंदु बना दिया है, जिसके इर्द-गिर्द अब राजनीतिक विमर्श और नीतिगत कार्रवाई घूमती है। 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद से 'इंडिया फर्स्ट' ने उनकी प्रत्येक नीति और कार्रवाई को निर्देशित किया है। (अनंत ज्ञान)

### 2014 के बाद तेजी से माहौल बदला : नड्डा



**मोदी** सरकार के सोमवार को 11 साल पूरे होने पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सरकार के कामकाज, फैसलों और नीतियों पर भाजपा हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार से पहले की सरकार भ्रष्टाचार और निराशा के माहौल से भरी थी। 2014 के बाद माहौल पूरी तरह बदल गया। आज लोग गर्व से कहते हैं, 'मोदी है तो मुमकिन है।'

# शोंगटोंग-कड़छम प्रोजेक्ट से होगी 1000 करोड़ की इनकम : मुख्यमंत्री

## निर्माण का लिया जायजा, 2026 तक पूरा करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किन्नौर जिले में निर्माणाधीन 450 मेगावॉट की शोंगटोंग-कड़छम जल विद्युत परियोजना का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से प्रदेश को सालाना 1000 करोड़ रुपए की इनकम होगी। उन्होंने प्रोजेक्ट के विद्युत गृह स्थल कड़छम और बैराज स्थल पोवारी का निरीक्षण किया और कार्यरत इंजीनियरों व कामगारों से निर्माण गतिविधियों पर संवाद किया व परियोजना को नवंबर 2026 तक समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने वर्ष 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य, 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और वर्ष 2032 तक देश का सबसे समृद्ध एवं सशक्त राज्य बनाने का संकल्प भी दोहराया।



शोंगटोंग-कड़छम प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य का जायजा लेते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### इन परियोजनाओं का करेंगे अधिग्रहण

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश सरकार धौलासिद्ध, लुहरी और सुन्नी पनबिजली परियोजनाओं को अपने अधीन लेने पर विचार कर रही है। इन परियोजनाओं पर हुए व्यय का मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि प्रदेश सरकार अपनी शर्तों पर निर्माण कार्यों को आगे बढ़ा सके और प्रदेश के हितों को सुरक्षित रख सके। उन्होंने किन्नौर के टापरी में जियो थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने की दिशा में भी प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में सर्दियों में 5 से 6 रुपए प्रति यूनिट बिजली खरीदने से बचने के लिए सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। एचपीपीसीएल के माध्यम से लगभग 626 मेगावॉट क्षमता की सौर परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।

# हिमाचल में 15 साल की जाए टैक्सी परमिट की वैधता

## उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने गडकरी के समक्ष राज्य के सड़क और परिवहन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। मुकेश अग्निहोत्री ने अखिल भारतीय टैक्सी परमिट की अवधि 12 से बढ़ाकर 15 साल करने का आग्रह किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।



### स्क्रैप योजना के तहत लंबित राशि मांगी

**डिप्टी** सीएम अग्निहोत्री ने राज्य में पुराने स्क्रैप वाहनों के लिए केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत शेष धनराशि जारी करने का आग्रह किया। इस योजना के तहत 15 साल पुराने वाहन स्क्रैप करने पर केंद्र सरकार बजट देती है, मगर इस योजना में कुछ बजट केंद्र सरकार के पास लंबित है।

### बल्क ड्रग पार्क को जोड़ने वाली सड़क को एनएच बनाने का आग्रह

**ऊना** में बन रहे बल्क ड्रग पार्क को जोड़ने वाली नंगल अजोली मोड से जेजों तक सड़क को नेशनल हाईवे घोषित करने का मामला भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उठाया। उन्होंने इस सड़क के लिए 429 करोड़ की राशि मंजूर करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने अमृतसर से होशियारपुर फोरलेन एनएच को बनखंडी से झलेड़ा तक फोरलेन करने की भी मांग रखी। अग्निहोत्री ने जेजों मोड से टाहलीवाल चौक वाया भाई जी का मोड तक तीन पुलों सहित सड़क के उन्नयन को लेकर 48.69 करोड़ स्वीकृत करने की मांग रखी।

# मुंबई में ट्रेन से गिरे 10 यात्री, 5 की मौत

**एजेंसी, ठाणे।** ठाणे के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेन से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 5 की मौत हो गई, जबकि 5 घायल हो गए। मरने वालों में जीआरपी कांस्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9:30 बजे दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच उस वक्त हुई जब ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी। ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे के मुताबिक ये संभवत: यात्री ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे और उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए, क्योंकि ट्रेनें एक-दूसरे के उलटी दिशा में जा रही थीं। घायलों को शिवाजी अस्पताल और ठाणे जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। रेलवे प्रशासन और पुलिस हादसे की जांच कर रही है। मामले के चलते लोकल ट्रेनों की सेवाएं भी प्रभावित हुईं। (अनंत ज्ञान)

# ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को एसी हेलमेट पहनाएगी बिलासपुर पुलिस

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** तेज धूप में घंटों खड़े रहकर ड्यूटी करना ट्रैफिक कर्मियों के लिए परेशानी का सबब बन जाता है। इसी समस्या का समाधान निकालते हुए बिलासपुर पुलिस अब गुजरात ट्रैफिक पुलिस मॉडल को अपनाने जा रही है। गुजरात, दिल्ली और राजस्थान पुलिस की तर्ज पर अब हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर की ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों को एसी हेलमेट पहनने की सुविधा मिलेगी। इससे न केवल गर्मी से राहत मिलेगी, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।

बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि बिलासपुर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए एसी हेलमेट लेने की प्लानिंग की जा रही है। इसका ट्रायल भी लिया गया है। जल्द इस एसी हेलमेट के संदर्भ में बिलासपुर पुलिस निर्णय लेने जा रही है।

### एसपी ने लिया ट्रायल



**सोमवार** को बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने इस तकनीक का ट्रायल लिया। इस दौरान एक ट्रैफिक कर्मी को एसी हेलमेट पहनाकर उसकी कार्य स्थितियों का जायजा लिया गया। परीक्षण के दौरान पाया गया कि एसी हेलमेट में एक इनबिल्ट कूलिंग सिस्टम है, जिससे ठंडी हवा सीधे पुलिस कर्मी के चेहरे तक पहुंचती है। यह विशेषतः उन स्थितियों में कारगर है, जब सड़क पर तापमान 40 डिग्री से ऊपर चला जाता है और धूप व गर्म हवाएं सीधे शरीर पर असर डालती हैं।

# मौसम का बिगड़ता संतुलन बना खतरा

## कभी बर्फबारी और ओलावृष्टि, तो कभी झुलसा देने वाली तपिश

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** बीते एक महीने में मौसम का अप्रत्याशित बदलाव देखा गया है। मई महीने में आसमान से रिकॉर्ड बर्फबारी-बारिश के साथ ऐसी ओलावृष्टि देखी गई, जो सामान्य नहीं थी। इस ओलावृष्टि से किसानों-बागवानों का नुकसान होने के साथ-साथ कई पक्षी भी मौत के आगोश में चले गए। वहीं, इस दफा जून महीने में साल का अब तक का सबसे अधिक गर्म दिन भी दर्ज हो गया है।

सर्दी और गर्मी ने तो रिकॉर्ड बनाया ही है, साथ में हीट वेव चलने से जनजीवन पर भी बुरा असर पड़ा है। लोगों को ऊना में हीट वेव से बचने के लिए इंतजाम करने पड़े। यहां तक कि जानवरों को भी झुलसाने वाली गर्मी में पेड़ों की छाया का सहारा लेते देखा गया।

बीते साल मई महीने के अंतिम सप्ताह में गर्मी का 40 साल का रिकॉर्ड टूटा था और तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम का संतुलन बिगड़ रहा है। ओले किसी पत्थर से कम नहीं थे। इस बार मई महीने में बारिश का रिकॉर्ड बना है, जबकि मई महीने में पिछले पंद्रह वर्ष का रिकॉर्ड भी साथ ही टूट गया। मई में सामान्य से करीब 120 फीसदी अधिक बारिश हुई।

### ऊना में 42.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा



**ऊना** जिले में सोमवार को अब तक राज्य में सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड हुआ है। पारा 42.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि यह पुराने रिकॉर्ड से कम है, लेकिन अचानक बदल रहे मौसम के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कृषि विभाग के बीके बग्गा का कहना है कि अचानक तापमान में असामान्य बदलाव कृषि खासकर सब्जी की फसलों के लिए सही नहीं है।

# एक ही झटके में 80 करोड़ का मालिक बन गया युवक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एक युवक के लिए घर की सफाई ने उसकी किस्मत बदल दी। उसे अपने पिता के पुराने कागजातों में एक शेयर सर्टिफिकेट मिला, जिसे देखकर उसने सोचा कि ये पुराने और बेकार होंगे, लेकिन जब उसने इनकी जांच की, तो पता चला कि ये शेयर 1990 के दशक में खरीदे गए थे। आज उनकी कीमत लगभग 80 करोड़ हो गई है।

सौरभ दत्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, दोस्तों मेरे पिता ने यह शेयर 1990 में खरीदे थे और तब इन शेयरों की कीमत 1 लाख रुपए थी। शेयर खरीदने के बाद सौरभ के पिता भूल गए और ये पेपर घर के एक कोने में करीब 3 दशक से भी ज्यादा समय से पड़े रहे और आज जब बेटे के हाथ पेपर लगे तो एक ही झटके में सब कुछ बदल गया। आज इन शेयर्स की मार्केट वैल्यू करीब 80 करोड़ रुपए है। ये शेयर जिंदल विजयनगर स्टील लिमिटेड के थे, जिसे बाद में JSW स्टील में विलय कर दिया गया। सौरभ के पिता ने करीब 5,000 शेयर खरीदे थे। विलय के बाद इनकी संख्या बढ़कर 80,000 हो गई और फिर 2017 में हुए स्टॉक स्प्लिट के बाद ये 8 लाख शेयर हो गए। (अनंत ज्ञान)

# सोनम ने ही रची थी पति को मारने की साजिश

**एजेंसी, शिलांग**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शिलांग में हत्या के आरोप में उनकी पत्नी सोनम और 5 संदिग्धों को पकड़ा गया है। सोनम रविवार देर रात 3 बजे यूपी के गाजीपुर के एक ढाबे पहुंची थी। ढाबा संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। बाकी 5 आरोपियों को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ अलग-अलग जगह रात भर डाली गई रेड में पकड़ा गया।

एमपी के बीना से आनंद को, इंदौर से राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और उत्तरप्रदेश के ललितपुर से आकाश लोधी को हिरासत में लिया गया। मेघालय एसआईटी के चीफ हर्बर्ट पिनियाड खारकोंगोर ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राजा पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। उसके सिर पर दो चोटें आई थी।

मेघालय के शिलॉन्ग से दो लेडीज पुलिस अफसर गाजीपुर पहुंची हैं। सखी वन-स्टॉप सेंटर में सोनम रघुवंशी से पुलिस अफसरों की मुलाकात और उसे अपनी कस्टडी में ले लिया। वहीं, सोनम के परिवार का कहना है कि उनकी बेटी बेगुनाह है। (अनंत ज्ञान)


ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
CHAIL CHOWK, CHACHYOT, DISTT. MANDI (H.P.)





Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU

ADMISSION OPEN 2025-26

FACULTY OF AYURVEDA
B.A.M.S.
M.D. Kayachikitsa
M.D. Kumar Bhritya Evum Bal Rog
D. Pharmacy (Ayurveda)
Diploma in Yoga

FACULTY OF AGRICULTURE
B.Sc. (Hons.) Agriculture
M.Sc. Agriculture
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sciences)

SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.)
Bachelor of Science (MLT)
Diploma Multipurpose Health Worker

FACULTY OF VET. SCIENCES
Bachelor of Veterinary Science & Animal Husbandry (B.V.Sc & AH)
Two Years Veterinary Pharmacist Training Course

FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
M.Tech in CE
MBA, BCA, BBA
Ph.D. in CE & Management

FACULTY OF PHARMACY
Diploma in Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy)
B. Pharmacy (Allopathy) (Lateral Entry)
Master of Pharmacy (M.Pharma)
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmaceutics
Pharm. D (6 Years-Doctor in Pharmacy)
Pharm. D-PB
(Doctor in Pharmacy - Post Baccalaureate)
Ph.D. in Pharmaceutical Science

FACULTY OF EDUCATION, BASIC SCIENCE & HUMANITIES
Diploma in Art & Crafts (Drawing Master)
4 Years Integrated B.A. - B.Ed.
4 Years Integrated B.Sc.- B.Ed.
SAVE ONE YEAR
Bachelor of Arts (B.A.)
B.Sc. Medical/ Non-Medical
M.Sc. Mathematics, Physics & Zoology
M.A. Education
Ph.D. Zoology, Physics & Education

SCHOLARSHIP ASSISTANCE FOR SC/ST STUDENTS T&C* apply

H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9816102238, 9129500063
9418484847, 9816242139
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com


## नेत्रदान

## प्रदेश में 9 वर्षों में केवल 160 लोगों ने ही नेत्रदान किया, 255 लोगों को मिली रोशनी

# देवभूमि में नेत्रदान की दर धीमी, लोगों में कई भ्रांतियां

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश में दृष्टिहीनता से जूझ रहे लोगों के जीवन में रोशनी लाने के संकल्प को दोहराया जा रहा है। हालांकि, जहां एक ओर दानवीर लोगों के निस्वार्थ प्रयास कुछ आंखों को नई दुनिया देखने का मौका दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आंकड़े बताते हैं कि देवभूमि में नेत्रदान की दर अभी भी अपेक्षाकृत धीमी है, जिसे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

हिमाचल प्रदेश में आईजीएमसी शिमला और कांगड़ा जिले के टांडा जैसे प्रमुख अस्पतालों में नेत्रदान की सुविधा उपलब्ध है। ये संस्थान नेत्र बैंक के रूप में कार्य करते हैं और कॉर्निया संग्रह तथा प्रत्यारोपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल प्रदेश में नेत्रदान के आंकड़े उतने उत्साहजनक नहीं रहे हैं, जितनी अपेक्षा की जाती है। एक रिपोर्ट बताती है कि 9 वर्षों में केवल 160 लोगों ने ही नेत्रदान किया था, जिससे 255 लोगों को रोशनी मिली है। यह संख्या राज्य में कॉर्नियल अंधत्व से पीड़ित लोगों की संभावित आवश्यकता की तुलना में काफी कम है।



**विश्व नेत्रदान दिवस पर विशेष**

### मानवता का एक अनमोल उपहार

**नेत्रदान** केवल एक अंगदान नहीं है, यह मानवता का एक अनमोल उपहार है। यह एक ऐसा कार्य है, जो एक व्यक्ति को शिक्षा प्राप्त करने, रोजगार पाने, अपने परिवार को देखने और समाज में एक सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देता है। हिमाचल जैसे राज्य में जहां ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा है, नेत्रदान की पहुंच और जागरूकता को बढ़ाना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

### मिथक और जागरूकता

**अधिकांश** लोग नेत्रदान के महत्व, प्रक्रिया और इससे जुड़े लाभों के बारे में पूरी तरह से अवगत नहीं हैं। समाज में अभी भी नेत्रदान को लेकर कई अंधविश्वास और गलतफहमियां व्याप्त हैं, जैसे कि यह शरीर के विरूपण का कारण बनता है या पुनर्जन्म पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अस्पतालों में विशेष रूप से नेत्रदान के लिए परामर्शदाताओं (आई काउंसलर) की कमी भी एक बड़ी बाधा है, जो परिवारों को दुख की घड़ी में सही जानकारी और भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकें।

### उम्र या चश्मा कोई बाधा नहीं



डॉ. गुंजन जोशी

**शिमला** स्थित बसंत आई क्लीनिक की चिकित्सा निदेशक और नेत्र सर्जन डॉक्टर गुंजन जोशी ने कहा कि हमारी आंखें अनमोल हैं और इनके दान से हम किसी के जीवन में रोशनी भर सकते हैं। कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए नेत्रदान एक नई जिंदगी की शुरुआत हो सकती है। उन्होंने बताया कि नेत्रदान एक सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है, जिसे व्यक्ति की मृत्यु के कुछ ही घंटों के भीतर संपन्न किया जा सकता है। इसमें उम्र या चश्मा कोई बाधा नहीं है। डॉ. गुंजन ने लोगों से अपील की कि वे भ्रांतियों को छोड़ें और इस महादान का हिस्सा बनें, क्योंकि आपकी पहल से किसी की दुनिया रोशन हो सकती है तो आइए, हम सब मिलकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

## न्यूज ब्रीफ

### देश में लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवाल विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ मुहिम का ही हिस्सा हैं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि राहुल गांधी के हवाले से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित लेख में केंद्र सरकार की कठपुतली के तौर पर जनमत को हाइजैक करने के तथ्यों और उसमें चुनाव आयोग की भूमिका को उजागर किया गया है। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्तों के सलेक्शन पैनल से हटाने के केंद्र सरकार के फैसले से ही यह स्पष्ट हो गया था कि भाजपा ऐसा चुनाव आयोग चाहती है, जो उसकी राजनीतिक सुविधा के अनुरूप चुनावों को हाइजैक करने में उसकी मदद करे। कौशल ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से देश की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए तथ्यों से विचलित भाजपाई आगामी चुनावों में इसे हार स्वीकार करने की संज्ञा देकर अपनी झुंझलाहट को ही प्रकट कर रहे हैं, क्योंकि वह समझ गए है कि भाजपा का चुनाव आयोग की मिलीभगत से चुनावों को मैनिपुलेट तथा हाइजैक करने के खेल को अब कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भली प्रकार समझ चुके हैं और अब सीधी लड़ाई लड़ते हुए देश में लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे।

### क्रैक अकादमी का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश में अपने शिक्षा के नेटवर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से क्रैक अकादमी ने हमीरपुर में एक ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राज्यभर से आए 70 नए सेंटर पार्टनर्स ने हिस्सा लिया। ट्रेनिंग का उद्देश्य सभी नए सेंटर एक जैसे स्तर की सेवा दे सकें और बेहतर तरीके से जुड़ सकें था। कार्यक्रम में क्रैक अकादमी के आईटी, मार्केटिंग, एकेडमिक्स, सेल्स, एचआर और स्टूडेंट एनरोलमेंट विभागों की टीमों ने विस्तार से जानकारी दी। लाइव सवाल-जवाब सेशन भी हुए, जिनमें सेंटर पार्टनर्स की परेशानियों को समझ कर उसका हल किया गया। साथ ही, सेंटर प्रबंधन, मार्केटिंग रणनीतियों और स्थानीय जरूरतों के अनुसार संचालन को लेकर भी उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की खास बात अकादमी टॉप मैनेजमेंट की भागीदारी थी, जिससे सेंटर पार्टनर्स का हौसला और बढ़ा। क्रैक अकादमी के फाउंडर और सीईओ नीरज कंसल ने कहा कि यह सिर्फ एक ट्रेनिंग नहीं थी, बल्कि एक साझा सोच और लक्ष्य की दिशा में उठाया गया कदम था। हमारा मकसद ऐसा मजबूत नेटवर्क बनाना है, जो हर छात्र को बेहतर सहयोग दे, चाहे वो किसी भी जिले में हो।

### भगवती स्कूल में बच्चों से करवाई मॉक ड्रिल



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में बच्चों को मॉक ड्रिल करवाई गई। स्कूल में आपदा की तैयारियों को बढ़ाने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन करवाया गया। छात्रों ने भिन्न-भिन्न गतिविधियों जैसे सबसे पहले खुद को सुरक्षित करें, डेस्क के नीचे छिपना, इमारतों और पेड़ों से दूर खुले स्थान में जाएं, जमीन पर लेट जाएं और अपने सिर व गर्दन को ढंक लें, खिड़कियों, कांच के दरवाजों और दीवारों से दूर रहें। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीके व बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा तथा संकट के दौरान छोटे विद्यार्थियों की सहायता करने के बारे में शिक्षित किया।

### विधायक ने किया विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 12वीं जिला स्तरीय इंस्पायर विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का भव्य आगाज राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर कमल किशोर भारती ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इस प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा, चंबा, ऊना व हमीरपुर के 170 चयनित बच्चे अपने गाइड अध्यापकों सहित भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि इंस्पायर मानक योजना एक महत्वपूर्ण मंच है, जो बच्चों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने अवसर प्रदान करती है। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने बताया कि विजेता छात्र राज्य स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य मुस्ताक मुहम्मद ने मुख्य अतिथि, उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, बच्चों व अनुरक्षण अध्यापकों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से चारों जिलों के इंस्पायर जिला नोडल अधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रधान विजय बनयाल, कांग्रेस मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर, सुभाष जैलदार, तेजनाथ तेज, पुरुषोत्तम कालिया, तरुण विकास, पूर्व प्रधान चमन लाल भी उपस्थित रहे।

# सुजानपुर के वार्ड हमीरपुर में मिलाने पर लोग रुष्ट

## डीसी के समक्ष आपतियां दर्ज करवाकर उपयुक्त कार्रवाई करने का किया आग्रह

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के परिसीमन का जगह-जगह विरोध होना शुरू हो गया है। एक वार्ड दूसरे वार्ड में मिलाने पर लोगों में आक्रोश देखा गया है। वे अपनी आपत्ति हमीरपुर जिले के उपायुक्त के पास दर्ज करवा रहे हैं। गौरतलब है कि नगर निगम हमीरपुर के 15 वार्ड बनाए गए हैं। इन वार्डों के परिसीमन को लेकर जिला प्रशासन ने 9 जून तक आपत्तियां मांगी थीं। इसके तहत सोमवार को आखिरी दिन भी गांव व शहर के लोगों ने उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह को परिसीमन को लेकर अपनी आपति दर्ज करवाई। गौर रहे कि नगर निगम क्षेत्र के संबंध में 2 जून को जिला प्रशासन द्वारा वार्ड के परिसीमन के बारे में यह आपत्तियां मांगी थीं।



बस्सी झनियारा पंचायत निवासी अन्य वार्ड में मिलाए जाने को लेकर विरोध स्वरूप आपत्ति उपायुक्त हमीरपुर को सौंपते हुए।

सोमवार को वार्ड नंबर 4 कृष्णनगर के निवासी उपायुक्त से मिले और बस्सी झनियारा पंचायत में वार्डों के प्रस्तावित परिसीमन के संबंध में अपनी चिंताओं और सुझावों को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 16 राजस्व गांव शामिल हैं, जिनमें कृषि समिति, उचित मूल्य डिपो, पटवार सर्किल और डाकघर जैसी प्रमुख प्रशासनिक सेवाएं एक ही क्षेत्र में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र के लिए विधायक निर्वाचन क्षेत्र सुजानपुर है। उन्होंने बताया कि वार्डों को विभाजित करने के मौजूदा प्रस्ताव में 4 राजस्व गांवों-लकुई, रकरियाल, कोहलारी और खेंडा को वार्ड नंबर 4 कृष्णानगर में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया वार्डों के विभाजन में बस्सी झनियारा पंचायत के चार गांव लकुई, रकरियाल, कोहलारी और खेंडा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में आते हैं। वर्तमान में यह गांव हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में चले गए हैं। गांववासियों ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करें, वर्तमान वार्डों में ही बने रहें ताकि बेहतर प्रशासनिक दक्षता और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिले।

उन्होंने बताया कि 4 राजस्व गांव लकुई, रकरियाल, कोहलारी और खेंडा को वार्ड नंबर 3 हीरानगर में मिला दिया जाए।

## वार्ड 2 को 7 में नहीं, 9 या 10 में किया जाए समायोजित



नगर निगम के पुराने वार्ड नंबर 2 के निवासी डीसी से अपनी मांग रखते हुए।

**राजस्व** गांव हीरानगर को वार्ड नंबर 4 कृष्णानगर में मिला दिया जाए, क्योंकि यह हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित है। इसके अलावा नगर निगम के वार्ड संख्या 2 के लोगों का प्रतिनिधिमंडल भी उपायुक्त हमीरपुर से मिला। उन्होंने बताया कि नगर निगम हमीरपुर के वार्ड के परिसीमन के प्रारूप प्रस्ताव के अनुसार हमारा पुराना वार्ड यानी वार्ड संख्या 2, अब वार्ड संख्या 7 अणू कलां है कि वर्तमान वार्ड नं. 2 नगरपालिका वार्डों से घिरा हुआ है और इसका दूरदराज के गांवों यानी अणुकलां और अणु खुर्द से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि हमारे वर्तमान वार्ड नं. 2 को वार्ड नं. 7 से प्रस्तावित ड्राफ्ट से हटा दिया जाएगा और इसे प्रस्तावित वार्ड नं. 9 या प्रस्तावित वार्ड नं. 10 में समायोजित किया जाएगा।

उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि आपत्तियों पर विचार करें और आम जनता के हित में आवश्यक कार्रवाई करें। उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने सभी प्रतिनिधिमंडलों को आश्वासन दिया कि नगर निगम के वार्डों की परिसीमन में आई आपत्तियां पर सहानुभूति विचार किया जाएगा।

## भरेड़ी-बेलग सड़क के निर्माण कार्य में तेजी न आने से ग्रामीणों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज के तहत बस्सी को तताहर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य कछुआ चाल की तरह चल रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का मौसम दस्तक देने को है, लेकिन अब तक सड़क की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। निर्माण कार्य की सुस्ती को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सड़क निर्माण में उपयोग होने वाला मटीरियल दूरदराज से मंगवाया जा रहा है, जिसके कारण इसकी आपूर्ति अनियमित हो रही है।

कभी एक ट्रक आता है, कभी तीन से छह ट्रक, और कई बार तो कई दिनों तक कोई सामग्री नहीं आती। परिणामस्वरूप कभी काम शुरू होता है तो कभी बीच में रोक दिया जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की खस्ता हालत के कारण वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। पैदल चलने वालों और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में यह सड़क और भी खतरनाक हो जाएगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है।

ग्रामीणों में संजय, विजय, कुलदीप, नवीन, राजकुमार, विपिन, श्याम, राजीव, यशवंत, रमित, बलबीर, टेक चंद कौशल, बृज लाल इत्यादि ने निर्माण कार्य कर रही कंपनी को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्य में गति नहीं लाई गई तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने निर्माण विभाग और प्रशासन से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जाए। स्थानीय जनता ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि वे मौके की स्थिति का जायजा लें और निर्माण कार्य की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा करें, साथ ही, ठेकेदार पर कार्रवाई करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दें, ताकि सड़क समय रहते पूरी हो सके।

## कै. रणजीत के प्रयासों से स्त्री रोग विशेषज्ञ ने संभाला कार्यभार : उदय

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ता उदय कुमार ने कहा कि सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह जनता का हर तरह से ख्याल रख रहे हैं, चाहे बात सड़क, पानी, बिजली की हो या फिर स्वास्थ्य की। सुजानपुर सिविल अस्पताल जहां पर डॉक्टर तक पूरे नहीं होते थे, वहां पर विधायक के प्रयासों से स्टाफ तो पूरा है, लेकिन सिविल अस्पताल बनने के उपरांत पहली बार इस अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं। उदय ने बताया कि इससे पहले 3 विशेषज्ञ डॉक्टर सिविल अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन अब चौथे यानि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आकृति ने भी आज अपना पदभार संभाल लिया है। इसके बाद जल्द ही एक दो दिन में एनेस्थीसिया के चिकित्सक भी पद संभाल लेंगे। यह प्रयास है विधायक के जो आज रंग ला रहे हैं। विधायक क्षेत्र के विकास के लिए पूरे जोर-शोर से प्रयास दिख भी रहे हैं और पूरे भी हो रहे हैं।

## भीषण गर्मी में उपमंडल नादौन के सूने पड़े बाजार

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** पिछले 5 दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के चलते लोगों ने अपने घरों से निकलना बंद कर दिया है। दिन में 10 बजे से ही हीट बेब चलनी शुरू हो रही हैं। इसके चलते दिन में बाजार पूर्ण रूप से सुनसान दिखाई दे रहे हैं। कस्बों में अधिकतर दुकानदार अपनी दुकानों को दोपहर को बंद करके शाम को 5 बजे के बाद खोल रहे हैं।

उपमंडल में राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए लोगों द्वारा जगह जगह ठंडे पानी की छबीलें लगाई जा रही हैं। आज भी उपमंडल नादौन के बदेडा, कांगू, रैल, भूप्पल, नादौन में लोगों द्वारा ठंडे पानी की छबीलें लगाई गईं।

**भीषण गर्मी से किसान परेशान :** भीषण गर्मी पड़ने से किसान भी काफी परेशान हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने अपनी मक्की की फसल की बीजाई भी कर दी हैं, लेकिन बारिश न होने के कारण उनके लिए परेशानी का आलम बना हुआ है।



भीषण गर्मी पड़ने से कस्बा बड़ा का सुनसान पड़ा बाजार।

**जरूरी काम पर ही लोगों को घरों से बाहर निकलने की सलाह**

**चिकित्सकों ने दी लोगों को अधिक से अधिक पेय पदार्थ पीने की. सलाह :** वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते डॉक्टरों ने लोगों को अधिक से अधिक ठंडे पेय पदार्थ पीने की सलाह दी है। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश भाटिया ने बताया कि लोगों को इस गर्मी से राहत पाने के लिए अधिक से अधिक ठंडे पेय पदार्थ जैसे ब्राह्मी, नींबू पानी, ओआरएस घोल आदि का सेबन करना चाहिए।

अधिक मसाले बाली चीजों के सेवन करने से बचें। हीट बेब से बचने के लिए बिना कारण लोग घर से बाहर न निकलें। यदि किसी में हीट बेब लगने के लक्षण पाए जाएं तो वे अतिशीघ्र उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में संपर्क करें।

## कबीर साहब का प्रकटोदिवस कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा द्वारा कबीर साहब का 628वां प्रकटोदिवस मनाया जा रहा है। सभा के संरक्षक पंजाब सिंह कौशल ने बताया कि प्रकटोत्सव 11 जून को कबीर भवन सलासी में मनाया जाएगा। समारोह में महात्मा प्रणवा नंद अन्य महात्माओं के साथ भाग लेंगे और कबीर साहब की शिक्षाओं पर आधारित सत्संग व प्रवचन करेंगे।

इस दौरान कबीर वाणी सत्संग, झंडा रस्म, कबीर भवन की गतिविधियों का ब्यौरा व भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सभा के प्रधान सतीश कौशल, जनरल सचिव शेखर कुमार व गणमान्य उपस्थित होंगे।

## भरेड़ी, अंबी और पपलाह में बंदरों का आतंक

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज के तहत भरेड़ी, अंबी और पपलाह गांवों में इन दिनों बंदरों का आतंक ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बन गया है। खेतों से लेकर बाजार तक हर जगह बंदरों का आतंक फैला हुआ है। न सिर्फ किसान बल्कि व्यापारी वर्ग भी इस समस्या से बेहद परेशान हैं।



बंदर जहां खेतों में लगी हरी सब्जियों को बर्बाद कर रहे हैं। भरेड़ी के व्यापारियों ने कहा कि बंदरों की संख्या में हाल ही में अचानक वृद्धि हुई है। कई बार वे दुकानों में घुसकर खाद्य सामग्री और अन्य सामान उठा ले जाते हैं, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदार अब डर के कारण दुकान के बाहर सामान रखना बंद कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में जिन किसानों ने अपने खेतों में टमाटर, मिर्च, लोबिया, पालक जैसी मौसमी सब्जियां उगाई हैं, उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। बंदर सब्जियों को नष्ट कर रहे हैं, पौधों को उखाड़ रहे हैं और खेतों में तांडव मचा रहे हैं। इससे कुछ किसानों ने तो खेती करना तक छोड़ दिया है।

अंबी गांव के बुजुर्ग प्रकाश चंद ने बताया, इससे पहले हमारे इलाके में बंदरों की संख्या बहुत कम थी लेकिन अब इनकी संख्या इतनी बढ़ गई है कि जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यदि समय रहते इन बंदरों को पकड़कर कहीं दूर जंगल में नहीं छोड़ा गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि वन विभाग ने जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। गांववासियों ने मांग की है कि बंदरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और उन्हें किसी सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाए। अब तक वन विभाग की ओर से इस मुद्दे पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों में विजय, परवीन कुमार, रजीव, सुरेंद्र, श्याम लाल, नीना देवी, रमेश चंद, कुलदीप ठाकुर, यशवंत, सुरेंद्र कुमार, नवीन कुमार, संजय कुमार व सोमा देवी आदि ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते विभाग ने कार्रवाई नहीं की, तो वे प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

## हिमाचली परिवारों के लिए राशन कार्ड की सुविधा अन्य राज्यों में भी लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचली परिवारों के लिए राशन कार्ड की सुविधा अन्य राज्यों में भी हो ताकि जो परिवार बाहर रह रहे हैं, उन्हें भी सरकार की योजना का लाभ मिल सके। यह मांग ज्वालामुखी विकास सभा ने हिमाचल प्रदेश के माननीय सांसदों से पत्र लिखकर उनके समकक्ष उठाई है। संस्था के अध्यक्ष अमर चंद कमल और सचिव राकेश चंद्र ने इस संदर्भ में सांसदों को पत्र लिखा है। इसमें हिमाचली परिवारों के लिए राशन कार्ड की सुविधा अन्य राज्यों में भी लागू किए जाने का आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान में, हिमाचली परिवार जो दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और देश के अन्य राज्यों में रहते हैं, लेकिन उनका राशन कार्ड हिमाचल प्रदेश का है, उन्हें राशन सुविधा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे हिमाचली परिवारों को अपने दैनिक जीवन में राहत मिलेगी और उन्हें राशन सुविधा प्राप्त करने में आसानी होगी।

## महंगाई भत्ता देने की अधिसूचना जारी करे वित्त विभाग : टीजीटी कला संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत हो चुका है, जबकि प्रदेश के कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। प्रदेश सरकार ने बजट से पहले 15 मई से डीए देने की घोषणा की थी। 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू की ओर से इसे एक जून से देने की बात कही, लेकिन आज तक इसकी अधिसूचना वित्त विभाग ने जारी नहीं की है, जिससे कर्मचारी मायूस हैं क्योंकि अगले सप्ताह से मासिक वेतन के बिल बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। एक जुलाई 2023 का चार प्रतिशत, जनवरी 2024 का चार प्रतिशत, जुलाई 2024 का तीन प्रतिशत तथा जनवरी 2025 का दो प्रतिशत डीए की चार किस्तें लंबित हैं। एक जुलाई 2025 से डीए की 5वीं किस्त लंबित हो जाएगी। एक जुलाई 2022 और एक जनवरी 2023 से लंबित लगभग 48 महीने का डीए एरियर कर्मचारियों को नहीं दिया गया। प्रदेश के आज तक के इतिहास में कभी भी डीए की इतनी किस्तें लंबित नहीं रखी गईं, न ही डीए एरियर को रोका गया। ऐसे में प्रदेश सरकार हर माह एक प्रतिशत डीए बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकार करे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि वित्त विभाग जो सभी प्रस्तावित व्यय कटौतियां शीघ्र मुख्यमंत्री से अप्रूव करवानी चाहिएं और डी ए की अधिसूचना जारी करनी चाहिए। अगर भुगतान को लंबे समय तक टाला गया तो इसका भुगतान असंभव हो जाएगा।

## टौणी देवी में मॉक ड्रिल से बढ़ा आत्मविश्वास

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में विशेष भूकंप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्कूल स्टाफ को आपातकालीन स्थिति में त्वरित, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना था। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने विद्यार्थियों को भूकंप के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी और कहा कि, हमारा राज्य हिमाचल प्रदेश भूकंप के दृष्टिकोण से अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में आता है। इसलिए ऐसी तैयारियां न केवल आवश्यक हैं बल्कि जीवनरक्षक भी हैं।

## सुजानपुर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में खाली पदों के लिए 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

निदेशालय महिला एवं बाल विकास, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से संचालित सक्षम आंगनबाड़ी योजना के अंतर्गत बाल विकास परियोजना सुजानपुर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरे जाने हैं। बनाल पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र घिरथोली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जबकि बैरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र बैरी, चमियाणा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र चमियाणा-2, दाड़ला पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र बधरियाणा, पनोह पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र ख्यूंद, पटलांदर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र चमारडी में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों को भरने हेतु पात्र महिला उम्मीदवार 10 से 30 जून शाम 5 बजे तक सादे कागज पर आवेदन कर सकती हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के लिए केवल महिला उम्मीदवार जिनकी आयु आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात 30 जून को 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होगी, वही पात्र होंगी। आवेदनकर्ता उसी आंगनवाड़ी केंद्र के संग्रहण क्षेत्र (फीडिंग एरिया) की निवासी होनी चाहिए, जिसके लिए वह आवेदन कर रही है तथा उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता-प्रार्थी न्यूनतम 12वीं पास हो तथा उसके परिवार की वार्षिक आय 50000 रुपए से अधिक न हो। आय के संबंध में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कार्यकारी दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद हेतु यदि कोई कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका आवेदन करती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक को आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में मिलने वाले मानदेय की गणना परिवार की वार्षिक आय में नहीं की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया कुल 25 अंकों के आधार पर होगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता के लिए अधिकतम 10 अंक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बाल सेविका, बालवाड़ी अध्यापिका, नर्सरी टीचर, उसी पंचायत में कार्यरत सिलाई अध्यापिका, शिशु पालक के रूप में अनुभव के लिए अधिकतम 3 अंक, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता के लिए 2 अंक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी होने के लिए 2 अंक, स्टेट होम अथवा बालिका आश्रम की प्रवासिनी, अनाथ, विधवा, निराश्रित, तलाक शुदा, विवाहित महिला जिसका पति पिछले 7 साल से लापता है, परित्यकता, एकल नारी के लिए 3 अंक, केवल दो बेटियों तक सीमित परिवार से संबंध रखने वाली अविवाहित प्रत्याशी, केवल दो बेटियों की माता होने के लिए 2 अंक तथा साक्षात्कार के लिए 3 अंक निर्धारित किए गए हैं।

दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 4 जुलाई को सुबह 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजानपुर के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होना होगा। चयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र, महिला मंडल, पंचायत, पंचायत सदस्य तथा खंड विकास समिति के सदस्य के पास भी उपलब्ध रहेगी।

**सुविधा** सर्वजन कल्याण सभा की हमीरपुर इकाई ने टिक्कर गांव में किया कार्यक्रम आयोजित, नवीन बोले-

# ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभा को संवारेंगे विद्या केंद्र

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** सर्वजनकल्याण सभा ने शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए डिडवीं टिक्कर पंचायत के टिक्कर गांव में विद्या केंद्र का शुभारंभ किया। विद्या केंद्र का शुभारंभ शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व पूर्व में भाजपा मंडल हमीरपुर के अध्यक्ष रहे बलदेव धीमान ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य व व्यापार मंडल हमीरपुर के अध्यक्ष रहे सुशील कुमार सोनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बलदेव धीमान ने सभा के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि गांवों के क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल के उपरांत पढ़ाई के लिए उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता है। इ

सासे ग्रामीण बच्चे कहीं न कहीं उपेक्षा का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वजनकल्याण सभा द्वारा एक बहुत ही सराहनीय कदम ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए किया जा रहा है। सुशील सोनी ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभा को निखारने के लिए यह बहुत ही अच्छा काम सर्वजनकल्याण सभा द्वारा शुरू किया जा रहा है, जिससे बच्चे का मानसिक विकास होगा और बच्चों का अच्छा भविष्य बेहतर तरीके से संवरेगा। सभा अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि हमारे गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, परंतु उनको निखारने व सही दिशा में चलाने के लिए सही कदम उठाने की जरूरत है।




कार्यक्रम में मौजूद व्यक्ति और अध्यक्ष मुख्य अतिथि।

इसी कड़ी में सोमवार को विद्या केंद्र का शुभारंभ टिक्कर गांव में किया गया है। नवीन ने कहा कि विद्या केंद्र में कक्षा छठी से लेकर बाहरवीं कक्षा तक के तीस से अधिक बच्चों को स्कूल के उपरांत उनके ही गांव में निशुल्क पढ़ाया जाएगा। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और सही मार्गदर्शन की आवश्यकता बच्चों को होती है, जो पढ़ाई के साथ साथ विद्या केंद्र में बच्चों को दिया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर उपाध्यक्ष रोशन लाल, रवि दत्त शर्मा, एडवोकेट विजय शर्मा, कुशल पटियाल, महामंत्री अश्वनी शर्मा, सचिव संतोष ठाकुर, स्थानीय पंचायत के प्रधान कुलवीर, ग्राम केंद्र अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, रिटायर्ड डप्टी डायरेक्टर प्रकाश चंद, देवाशीष सहित स्थानीय लोग व बच्चे भी उपस्थित रहे।

## पंजपीरी मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**संजय, अनंत ज्ञान**

**धनेटा।** तीन दिवसीय पंजपीरी मेला भड़ौली भगौर का सोमवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीडीसी सदस्या सविता शर्मा और पूर्व चेयरमैन सुनील दत्त बिट्टू उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमेश शर्मा रहे। मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

मुख्य अतिथियों ने मेले की परंपराओं और सांस्कृतिक महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। शुभारंभ अवसर पर लेफ्टिनेंट नरैण मैमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह के विद्यार्थियों आनंदिता शर्मा, अदिति, आकांक्षा, प्रिंस, परीक्षित बेदी, दिव्यम, नैतिक, कार्तिक, इशिता, आराध्य सनम, वंशिका, हर्षिता शर्मा, स्मृति, सुशांत मन्नत, शानिया लगवाल आदि ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।



भड़ोली भगौर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती लेफ्टिनेंट मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह की छात्राएं।

मेला समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने पर 1500 रुपए इनाम भी दिया। सोलह सिंगी मॉडल स्कूल पिपलू ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। दर्शकों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम को खूब सराहा। मेला कमेटी के प्रधान राजेंद्र शर्मा ने अतिथियों और जनता का आभार प्रकट करते हुए बताया कि मेले के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों, झांकियों, लोकनृत्यों और खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मेला स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा उचित प्रबंध किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्तयार सिंह, तिलक, ओम प्रकाश, राकेश, किशन दत, विनोद पटियाल, विभिन्न महिला मंडल की प्रधान एवं सदस्य उपस्थित रहे।


कल्पा : मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल्पा के राजीव गांधी खेल परिसर में बच्चियों के साथ क्रिकेट खेला और उनकी हौसलाफजाई की। मुख्यमंत्री फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों से भी मिले।

# मोदी सरकार के 11 साल : नई दशा-नई दिशा और वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत नेतृत्व

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल का सफर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस नई दशा और दिशा को ले जाने में सफल हुआ है, उसमें भले ही आलोचनाएं भी हुई हैं, लेकिन एक बात माननी पड़ेगी कि राष्ट्रीय स्तर पर जिन विषयों पर बार-बार राजनीतिक तौर पर चर्चा होती थी, कम से कम उन्हें समेटने में मोदी सरकार ने खुद को खरा साबित करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी।

आर्थिक तौर पर देश को नए पायदान पर पहुंचने का मसला हो, या फिर अनुच्छेद 370 नक्सलवाद आतंकवाद रेलवे में नए सुधार सड़क निर्माण में नया पड़ाव हासिल करने का मसला हो। निश्चित रूप में राष्ट्रीय ऊर्जा का इन्हीं से समायोजन हुआ है।



दरअसल में पिछले 11 साल में सबसे अहम चीज आ रही की राजनीतिक स्थिरता की वजह से विकास योजनाओं को नई दिशा मिली जिन करीब एक दर्जन योजनाओं की मार्फत मोदी सरकार ने खुद को अलग से साबित करने का जो बीड़ा उठाया उसमें निश्चित रूप में सभी वर्गों को फायदा हुआ पहले दो टर्म अपने बलबूते बेहतर दशा दिशा देने वाले रहे, लेकिन अब तीसरी मर्तबा नीतीश और नायडू भी इस सरकार के खंबे के रूप में राष्ट्रीय महत्व पर प्रतिकूल असर नहीं डाल रहे। यही वजह है कि अब नक्सलबाद का खत्मा होने की कगार पर है। आतंकवाद की जड़ें उखाड़ फेंकी हैं।

मोदी सरकार ने जब सत्ता संभाली थी तब आर्थिक तौर पर भारत की पहचान 11वें स्थान पर थी, लेकिन अब पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। जो आने वाले कुछ ही समय में चौथे स्थान पर कायम होने वाली है। आईएमएफ की स्टेटमेंट के मुताबिक 25 करोड़ की आबादी को गरीबी से निकलना इसी सरकार के समय का आंकलन किया गया है। यह स्थिति भी गुदगुदाने वाली है। राष्ट्रीय महत्व की योजनाओं पर इस सरकार के समय जमकर काम हुआ रेलवे में मूलभूत परिवर्तन हुए सड़क निर्माण में राष्ट्रीय परियोजनाओं पर जिस बड़े स्तर पर काम हुआ, वह स्थिति अब साफतौर पर भी दिखती है। मुस्लिम समुदाय के लिए भी जिन योजनाओं का फायदा हुआ वह किसी भी सूरत में राष्ट्रीय महत्व के लिए काम नहीं हांका जा सकता।

लेकिन मोदी सरकार को जम्मू कश्मीर की स्थिति में सुधार के लिए अनुच्छेद 370 को खत्म करना और राम मंदिर का अयोध्या में निर्माण इस सरकार के लिए सबसे बड़ा काम था हालांकि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए फैसला कोर्ट किया, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही मिला।

### सही समय पर सही नेतृत्व

**यह** बात अलग है की कई मामलों में मोदी सरकार आलोचना का शिकार भी हुई है बेरोजगारी बड़ी है सरकारी सेक्टर डामाडोल हुआ है। आर्थिक पक्ष पर भी इस सरकार को कई तरह की आलोचना का मुंह देखना पड़ा है। आर्थिक वर्ग भेद बढ़ने की वजह भी विपक्ष उठाता रहा है, लेकिन इन सब के बावजूद देश के लिए जो महत्वपूर्ण रहा वह यही था, की सही समय पर देश का नेतृत्व सही हाथों में गया और राजनीतिक स्थिरता की बूते जो देश भारत को डरा लिया करते थे, उन्हें दिखा दिया की नेतृत्व क्षमता का असर कितना होता है, उसका महत्व क्या रहता है। भारत आज आर्थिक तौर पर दूसरे देश खासकर अगल-बगल और अमेरिका जैसे देश के मुकाबले में खुद को बेहतर हालत में पा रहा है, यही सबसे बड़ा महत्व है।


### मोदी के हाथों में देश सुरक्षित : बिंदल

**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल कहते हैं की जो दशा-दिशा मोदी सरकार के समय देश को मिली है उसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। देश सुरक्षित उन्हीं के हाथों हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत ने वैश्विक चुनौतियों का जिस बड़े स्तर पर सामना किया और आज खुद को बेहतर साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी वह देशवासियों के सीने को और बड़ा कर देती है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा के लिए स्वतंत्रता के बाद आज का समय सबसे सौभाग्शाली : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि सौभाग्य से मैं 1952 से अपनी पार्टी के साथ जुड़ा हूं। 1953 में तो 19 साल की आयु में कश्मीर आंदोलन में सत्याग्रह करके 8 माह जेल में रहा। इन 73 सालों में भारतीय जन संघ फिर जनता पार्टी और अब भारतीय जनता पार्टी के इतिहास का मैं प्रत्यक्ष दर्शक ही नहीं सक्रिय सहयोगी रहा हूं। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मातृभूमि भारत और हमारी पार्टी भाजपा के लिए स्वतंत्रता के बाद आज का समय सबसे सौभाग्शाली स्वर्ण युग है। शांता ने कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने है। 500 सालों के संघर्ष और सैकड़ों राम भक्तों की शहादत के बाद राम मंदिर बन गया। कश्मीर में 370 समाप्त हो गई। गांव गरीब के लिए बढ़िया योजनाओं से करोड़ों गरीब गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए। जापान को पछाड़ कर भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थ व्यवस्था बन गया। विश्व इतिहास में पहली बार 'ऑपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को खत्म करने का प्रयत्न किया। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव का महत्त्वपूर्ण निर्णय देश को एक और नई दिशा देगा।



### विशेष शिक्षक टेट परीक्षाएं 11 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा टेट जून-2025 के अंतर्गत विशेष शिक्षक टेट परीक्षाओं का आयोजन 11 जून को किया जा रहा है। बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि ये परीक्षाएं 2 वर्गों में आयोजित होंगी। पहली परीक्षा पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 5वीं तक और दूसरी कक्षा छठी से 12वीं तक के लिए आयोजित की जाएगी। पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 5वीं तक के लिए विशेष शिक्षक टेट परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक होगी, जिसमें कुल 1,035 अभ्यर्थी भाग लेंगे और इसके लिए 4 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं कक्षा छठी से 12वीं तक के लिए परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 447 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे और इस परीक्षा के लिए 3 केंद्रों की व्यवस्था की गई है। दोनों परीक्षाओं के प्रवेश पत्र 8 जून से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध टेट लिंक पर क्लिक कर अपनी आवेदन संख्या व जन्मतिथि दर्ज करके अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड कर सकते हैं।

### ब्यास नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, लंबागांव।** लंबागांव के आलमपुर पुलिस चौकी के तहत गत दिवस एक 11 वर्षीय के प्रवासी बच्चे की ब्यास नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बच्चा नहाने के लिए ब्यास नदी में गया था। इस बच्चे के मां-बाप यहां पर मेहनत-मजदूरी करते हैं। समाचार मिलते ही पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचा और उन्होंने वहां जाकर स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे का शव बाहर निकाला। बच्चे की पहचान राजेश कुमार, निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मैडीकल कॉलेज टांडा भेजा है।

### चरस तस्कर को 10 साल की सजा, जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी दौलत राम पुत्र बेली राम निवासी धारकस्यान डाकघर झटिंगरी तहसील पधर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश को चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मामले की जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक विनोद भारद्वाज ने बताया कि 19 दिसंबर-2021 को पुलिस टीम नाकाबंदी हेतु हयून (उरला के पास एन एच 153) पर मौजूद थी। उसी समय ऊपर जंगल की तरफ से एक व्यक्ति पैदल आ रहा था, जिसकी संदेह के आधार पर पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 28 ग्राम बरामद हुई थी। इस मामले में अन्वेषण पूरा होने पर थाना पधर जिला मंडी में अभियोग संख्या 134/2021 दर्ज हुआ था। इस मामले तफ्तीश पूरी होने पर ने मामले के चालान को माननीय न्यायालय में पेश किया। जिला न्यायवादी मंडी ने यह भी बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने माननीय न्यायालय के समक्ष 13 गवाह पेश किए, जिनकी गवाही को सही मानते हुए और दोनों पक्षों के तर्क-वितर्क को सुनने के पश्चात माननीय न्यायालय ने इस मामले में उक्त दोषी को नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) की धारा 20 के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषियों को एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।



# ढली और रामपुर के बीच जल्द बनेगा फोरलेन : विक्रमादित्य

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लोक निर्माण मंत्री की मांग की पूरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ढली-रामपुर फोरलेन प्रक्रिया को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। शीघ्र ही इस फोरलेन का कार्य शुरू हो जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान गडकरी ने यह डिमांड पूरी की है। विक्रमादित्य ने इस दौरान उन्होंने राज्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और केंद्रीय मंत्री से उनके शीघ्र निष्पादन का आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से घाटासनी-शिल्हा-बधानी-भुभुजोत-कुल्लू सड़क, मौजूदा राजमार्गों पर चल रहे

### घटासनी-शिल्हा-बधानी-भुभुजोत-कुल्लू सड़क को एनएच घोषित करने की मांग भी उठाई


नितिन गडकरी से मुलाकात करते विक्रमादित्य सिंह।

जिसमें भुभुजोत सुरंग भी शामिल है, को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने इस मार्ग के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह रक्षा साजो-सामान की आवाजाही के लिए एक स्थिर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और मार्ग को 55 किलोमीटर छोटा कर देगा।

विक्रमादित्य ने एनएच-05 पर ढली से रामपुर तक फोर-लेन निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने का भी आग्रह किया। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में 5 राष्ट्रीय राजमार्गों को शामिल करने का अनुरोध प्रस्तुत किया गया है और उन्होंने इसकी स्वीकृति का आग्रह किया।

### केंद्रीय सड़क निधि के तहत 130 करोड़ जारी करने का आग्रह

**विक्रमादित्य** ने केंद्रीय मंत्री से केंद्रीय सड़क निधि के तहत 130 करोड़ रुपए की राशि शीघ्र जारी करने का भी आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राज्य में कार्यों की वार्षिक सीमा को बढ़ाकर 250 करोड़ रुपए करने का भी अनुरोध किया। नितिन गडकरी ने लोक निर्माण मंत्री की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# सुक्खू सरकार की मेहरबानी से प्रदेश में सक्रिय है आउटसोर्स माफिया : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आउटसोर्स के जरिए चल रही एनटीटी भर्ती के मामले में प्रदेशभर से धांधली के समाचार सामने आ रहे हैं। भर्ती के लिए आए अभ्यर्थियों ने ही पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं और सरकार के चहेतों को बैक डोर से मदद करने के आरोप लगाए हैं। सरकार इस तरीके से मनमानी नहीं कर सकती। सिर्फ चहेतों और मित्र मंडली का भला करने के लिए प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस को जनादेश नहीं दिया है।



एनटीटी की भर्ती में हो रही धांधली को सरकार रोके और निष्पक्ष रूप से भर्ती प्रक्रिया का संचालन करे। इसके साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही शिकायतों की सरकार निष्पक्ष जांच करवाएं और दोषी लोगों पर कार्रवाई करे। भाजपा भर्तियों में धांधली नहीं होने देगी। जयराम ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि प्रदेश में आउटसोर्स भर्ती माफिया सक्रिय हो चुके हैं। जिन जगहों पर भी एनटीटी की भर्ती चली हुई है हर जगह से खास लोगों को बैक डोर से फेवर करने की शिकायतें आ रही हैं। पूरा सोशल मीडिया ऐसे वीडियो से भरा पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि इतनी शिकायतें आने के बाद भी सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया है। हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि इस मामले में दखल दें और एनटीटी में हो रही हर प्रकार की धांधली रोकें। जयराम सराज विधानसभा के दौरे पर हैं। इस दौरान वह स्थानीय लोगों से मुलाकात करने के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन में भी शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष खौली में देव तुंगासी कोठी (मंदिर) की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के मौके पर आयोजित समारोह में शामिल होकर सभी देवताओं का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सराज के ही मुराह में माता काश्मीरी जी के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होकर देवताओं का आशीर्वाद लिया।

नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल का सेवा काल सेवा, सुशासन, बड़े संकल्प, उनकी सिद्धि और गरीब-कल्याण को समर्पित है। मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवाकाल को अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए जाना जाएगा।

# हिमाचल कृषि बैंक लाएगा नई योजनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने महिलाओं और बैंक कर्मचारियों के लिए कई सराहनीय योजनाएं लाने की घोषणा की है। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता शिविरों के माध्यम से हिमाचल को नशा मुक्त करने की मुहिम को भी तेज किया जाएगा।

यह जानकारी ननखड़ी में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक महत्वपूर्ण शिविर के शुभारंभ पर बैंक के चेयरमैन, संजय सिंह चौहान ने दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा बजट में की गई घोषणा के तहत, कृषि ऋण पर लगने वाले ब्याज में 50 प्रतिशत तक की छूट देने वाली 'वन टाइम सेटलमेंट' स्कीम पर भी विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक ने वर्तमान में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण वितरण में तेजी लाने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएम सुक्खू के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बैंक महिलाओं और युवाओं के लिए नई ऋण योजनाएं लाने पर भी विचार कर रहा है।

चौहान ने घोषणा की कि बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के साथ-साथ 'ऋण वितरण वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

# मोदी सरकार के 11 साल में दिखी सुशासन और गरीब कल्याण की झलक : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



भाजपा संकल्प से सिद्धि मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किया जा रहे हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह मुख्यमंत्री संवाद कक्ष टारना मंडी में इन कार्यक्रमों को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने दीप प्रज्वलन करके शुभारंभ किया।

बिंदल ने कहा कि 9 जून बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। आज मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं। मोदी सरकार ये 11 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के है। उन्होंने कहा मोदी के नेतृत्व में देश आगे आगे बढ़ रहा है। पूरे देश मे विकास हुआ है। इस कार्यशाला में भाजपा के पदाधिकारियों ने भाग लिया। विश्व पर्यावरण दिवस, योग दिवस, विकसित भारत संकल्प सभा, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 23 जून बलिदान दिवस पर बूथ पर कार्यक्रम, 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर मंडल स्तर पर इस तरह के कार्यक्रमों की योजना बनाई गई।

# रामपुर क्षेत्र में बिना अनुमति बदले जा रहे पुराने मीटर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** आजकल हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं के पुराने बिजली मीटर निकाल कर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह आजकल चर्चा का विषय बना हुआ हैं। इसका रामपुर व अन्य क्षेत्रों में भारी विरोध हो रहा है। लोगों का कहना है कि यह कार्य किसकी इजाजत से मीटर बदलने वाले लोग पुराने मीटर की सील तोड़कर नए स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। यह कार्य बिजली विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में होना चाहिए। यह विभागीय नियमों की अनदेखी है।

### आरटीआई में खुलासा पुराने मीटर की सील तोड़ लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर



गौर हो कि यदि किसी बिजली उपभोक्ता के मीटर की सील टूटी पाई जाती है, तो उसे विभाग की कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। आखिर यह कार्य किसके इशारे पर किया जा रहा है, जिसके बारे में सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए। लोगों के मन में यह भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है।

इस बारे सीसीआईडी ट्रस्ट हिमाचल प्रदेश के आरटीआई राष्ट्रीय सक्रिय अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने स्मार्ट मीटर बदलने की कार्रवाई को गलत बताया और कहा कि स्मार्ट मीटर या कार्ड वाले मीटर लगाने के लिए कोई सरकारी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। वे इसके खिलाफ बिजली विभाग पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वैसे भी जिन लोगों के स्मार्ट मीटर लगे हैं उन्हें भी बिजली के भारी भरकम बिल आने से परेशानी है।

इस बारे जब रामपुर विद्युत मंडल के अधिशाषी अभियंता कुकू शर्मा से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य के लिए सरकार व बिजली बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। तभी यह कार्य किया जा रहा है।

# तिब्बत में चीन का बड़ा गेम प्लान शी जिनपिंग से मिले पंचेन लामा

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** जुलाई माह में दलाईलामा के 90वें जन्मदिन से पहले चीन ने तिब्बत में एक बड़ा गेम प्लान तैयार कर लिया है। तिब्बती बौद्ध धर्म में दलाईलामा के बाद दूसरी सबसे अहम धार्मिक हस्ती माने जाने वाले पंचेन लामा ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की।


चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात करते पंचेन लामा।

इस दौरान पंचेन ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। राष्ट्रपति शी ने उनसे तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में जातीय एकता, धार्मिक सौहार्द, स्थिरता, विकास और प्रगति को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। 1995 में चीन ने ग्यालत्सेन नोरबू को दलाईलामा की इच्छा के विरुद्ध 11वें पंचेन लामा के रूप में नियुक्त किया था। हालांकि, तिब्बतियों ने चीन के इस गेम प्लान तिब्बत में तिब्बतियों के मौलिक अधिकारों का हनन बताया है। साथ ही तिब्बतियों ने चीन से कहा है वे 11वें पंचेम लामा की रिहाई करे जिसे चीन द्वारा कैद करके रखा हुआ है। शी जिनपिंग ने उनसे यह भी आग्रह किया कि वे धर्म के चीनीकरण को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करें। तिब्बत में चीन के गेम प्लान की विश्व के कई देश कड़े शब्दों में निंदा करते भी देखे जा रहे हैं।

बता दें कि दलाईलामा का अगले महीने 90वां जन्मदिन है और इससे पहले शी जिनपिंग ने पंचेन लामा से मुलाकात की है। दलाई लामा ने हाल ही में संकेत दिया था कि वे अपने उत्तराधिकारी चुनने की अपनी पसंदीदा प्रक्रिया को सामने ला सकते हैं। चीन का कहना है कि दलाईलामा के किसी भी उत्तराधिकारी को उसकी आधिकारिक मंजूरी लेनी होगी।

पंचेन लामा, जो अरुणाचल प्रदेश की सीमा के नजदीक तिब्बत के शिगात्से शहर में रहते हैं, उनको कथित तौर पर चीन दलाईलामा का उत्तराधिकारी बनाने की तैयारी कर रहा है, जबकि तिब्बतियों ने लगातार इसका विरोध किया है। तिब्बतियों का कहना है कि दलाईलामा के बाद उनका उतराधिकारी कौन होगा इसकी घोषणा दलाईलामा की कर सकते हैं अन्य कोई भी नहीं। चीन ने दलाईलामा की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके उत्तराधिकारी का जन्म चीन के बाहर स्वतंत्र विश्व में होगा।

# प्रदेश सरकार अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के करीब : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने सोमवार को घोषणा की कि प्रदेश सरकार अपने अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली है, जिसमें सीएम सुक्खू के नेतृत्व में तेज, संतुलित विकास और सार्वजनिक कल्याण पर जोर दिया गया है।



चौहान ने जनता को लाभ पहुंचाने वाले प्रमुख व्यवस्था परिवर्तन निर्णयों पर प्रकाश डाला और विपक्ष पर लोकतंत्र को कमजोर करने और राज्य की प्रगति में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने पुष्टि की कि कांग्रेस सरकार ने अपने अधिकांश वादों को पूरा कर लिया है, जिसमें दूध के समर्थन मूल्य गाय का दूध 51 रुपए लीटर, भैंस का दूध 61 रुपए लीटर में वृद्धि, एनपीएस कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली और अनाथ बच्चों को राज्य के बच्चे के रूप में अपनाना शामिल है।

उन्होंने कहा कि सरकार ई-मोबिलिटी, सौर और जलविद्युत परियोजनाओं के माध्यम से हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। उन्होंने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से 5,000 करोड़ की वसूली के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों और सीमा पर्यटन पहल के लिए केंद्र की मंजूरी हासिल करने का भी उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य स्थायी पर्यटन के लिए नए रास्ते खोलना और जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल है।

**सख्ती** बिलासपुर पुलिस लाई यूरिन ड्रग टेस्टिंग किट, नशेड़ियों की जल्द होगी पहचान

# अब एक मिनट में पकड़ा जाएगा नशा

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में युवाओं के बीच चिट्टे और अन्य नशों की बढ़ती लत एक गंभीर संकट बन चुकी है। हालात इतने चिंताजनक हो चुके हैं कि अब प्रशासन ने हर घर, सतर्क परिवार अभियान के तहत एक नई और प्रभावी पहल शुरू की है।

जिले में पहली बार यूरिन ड्रग टेस्टिंग किट का वितरण शुरू किया गया है, जिससे मात्र एक मिनट में यह पता लगाया जा सकेगा कि कोई व्यक्ति नशे की चपेट में है या नहीं। यह किट विशेष रूप से चिट्टा, चरस, अफीम, भुक्की, स्मैक और नशीली दवाओं जैसे नशों की पहचान करने में सक्षम है। किट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका उपयोग गर्भावस्था जांच किट की तरह आसान है और इसमें किसी प्रकार की मेडिकल लैब प्रक्रिया की जरूरत नहीं पड़ती।

अनंत ज्ञान खास खबर

गौरतलब है कि बिलासपुर में चिट्टे की समस्या अब गांव-गांव तक पहुंच चुकी है। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार जिले की केवल 40 पंचायतों को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी में चिट्टा खरीदने या बेचने के मामले सामने आ चुके हैं। 2024 में पूरे वर्ष जितना चिट्टा पकड़ा गया था, उतना 2025 के पहले चार महीनों में ही बरामद किया जा चुका है।

### क्या कहते हैं एसपी बिलासपुर



**एसपी** बिलासपुर संदीप धवल ने कहा कि जिले में यूरिन ड्रग टेस्टिंग किट पुलिस प्रशासन के पास पहुंच गई है और सभी थानों में यह किट भेज दी गई है। अगर कोई भी परिजन अपने बच्चों के यह टेस्ट करवाने चाहते हैं तो वह यह किट पुलिस प्रशासन से निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को मिलता है, तो उसकी भी इस किट के माध्यम से जांच की जा सकती है।

### कैसे करती है काम

**यह** किट छह अलग-अलग कालम (खानों) में बंटी होती है। जांच के लिए उसमें व्यक्ति के 2-3 बूंद यूरिन डाले जाते हैं। अगर वह किसी विशेष नशे का आदी है तो संबंधित कालम लाल रंग में परिवर्तित हो जाता है। यह प्रक्रिया एक मिनट के भीतर पूरी हो जाती है। इस तकनीक के जरिए नशे का शुरुआती पता लगाकर तुरंत इलाज और परामर्श की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है, जिससे परिवार अपने बच्चों को नशे की लत से उबारने में सफल हो सकते हैं।



अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 10 जून 2025

# आस्था और शांति का दिव्य धाम
# तारा देवी मंदिर

## इतिहास की गाथा में देवी तारा का आगमन

## राष्ट्रपति मुर्मू भी कर चुकी हैं मां तारा के दर्शन

शिवालिक पर्वतमाला की हरी-भरी गोद में शिमला से कुछ ही दूरी पर स्थित तारा देवी मंदिर न केवल एक पवित्र तीर्थ स्थल है, बल्कि शांति और आध्यात्मिकता का एक अद्वितीय केंद्र भी है। यह मंदिर देवी तारा को समर्पित है, जो बौद्ध धर्म में भी पूजनीय हैं और हिंदू धर्म में दस महाविद्याओं में से एक मानी जाती हैं। अपनी मनोरम वास्तुकला, शांत वातावरण और गहरी आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ तारा देवी मंदिर देशभर से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस मंदिर का इतिहास 250 वर्ष से भी अधिक पुराना है। ऐसा माना जाता है कि पटियाला रियासत के महाराजा भूपेंद्र सिंह ने तारा देवी की प्रतिमा को यहां स्थापित किया था। किंवदंती के अनुसार, महाराजा शिकार के लिए शिमला के जंगलों में आए थे और उन्हें यहां तारा देवी के दर्शन हुए। देवी ने उन्हें एक मंदिर बनाने का निर्देश दिया। महाराजा ने तुरंत अपने राज्य पटियाला से अष्टधातु की बनी देवी तारा की मूर्ति मंगवाई और उसे इस पवित्र स्थान पर स्थापित किया। मंदिर की मूल संरचना लकड़ी की थी, जिसे बाद में समय-समय पर जीर्णोद्धार किया गया। वर्तमान में जो मंदिर है, वह पटियाला के शाही परिवार के सदस्यों द्वारा बनवाया गया था और इसका उद्घाटन 2013 में हुआ था।





### वास्तुकला और सौंदर्य का अद्भुत संगम

तारा देवी मंदिर की वास्तुकला पारंपरिक पहाड़ी शैली और समकालीन डिजाइनों का एक सुंदर मिश्रण है। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही एक शांत और दिव्य अनुभूति होती है। मुख्य मंदिर के गर्भगृह में देवी तारा की भव्य प्रतिमा विराजमान है, जो भक्तों को शांति और शक्ति प्रदान करती है। मंदिर की दीवारों पर सुंदर नक्काशी और चित्रकला देखने को मिलती है, जो देवी के विभिन्न रूपों और हिंदू पौराणिक कथाओं को दर्शाती है। मंदिर परिसर में एक सुंदर बगीचा भी है, जहां श्रद्धालु बैठकर ध्यान कर सकते हैं और प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। चारों ओर घने देवदार के पेड़ और ताजी हवा इसे एक आदर्श स्थान बनाती है, जहां मन को शांति मिलती है। मंदिर से शिमला घाटी का मनोरम दृश्य भी दिखाई देता है, जो यहां आने वालों के लिए एक अतिरिक्त आकर्षण है।

### आस्था और विश्वास में मनोकामनाओं की पूर्ति का स्थान

तारा देवी मंदिर दूर-दूर से भक्तों को आकर्षित करता है, जो देवी से अपनी मनोकामनाएं पूरी करने आते हैं। ऐसा माना जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से देवी तारा की पूजा करता है, उसकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। विशेषकर नवरात्रि के दौरान, मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

### एक आध्यात्मिक अनुभव

तारा देवी मंदिर सिर्फ एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा स्थान है, जहां आप आध्यात्मिक शांति और आंतरिक सामंजस्य का अनुभव कर सकते हैं। शहर के शोरगुल से दूर, यह मंदिर एक एकांत और पवित्र स्थान प्रदान करता है, जहां आप प्रकृति के साथ जुड़ सकते हैं और अपनी आत्मा को शांत कर सकते हैं। मंदिर की शांत आभा और प्राकृतिक सुंदरता इसे एक अद्वितीय धार्मिक पर्यटन स्थल बनाती है।

### अद्वितीय परंपराओं में भंडारे के लिए सालों का इंतजार : कमल स्वरूप वर्मा

तारा देवी मंदिर केवल अपनी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी अनोखी परंपराओं के लिए भी जाना जाता है। यह मंदिर भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करने के लिए विख्यात है और यही कारण है कि हर साल लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। यहां की सबसे खास और आश्चर्यजनक परंपरा है, भंडारे की व्यवस्था। अपनी मनोकामनाएं पूरी होने पर श्रद्धालु मंदिर में भंडारा आयोजित करते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 3 से 5 साल तक का लंबा इंतजार करना पड़ता है। मंदिर के ट्रस्टी कमल स्वरूप वर्मा के अनुसार, रविवार के दिन भंडारा आयोजित करने के लिए पहले से ही बुकिंग करनी पड़ती है। यह दर्शाता है कि भक्तों की आस्था और समर्पण कितना गहरा है कि वे सालों तक अपनी बारी का इंतजार करते हैं। उनके मुताबिक मंदिर परिसर में एक और रहस्यमय शिव बावड़ी भी है, जो लगभग दो किलोमीटर नीचे जंगल में स्थित है। ऐसी मान्यता है कि इस बावड़ी में सिक्के डालने से भी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### राष्ट्रपति का ऐतिहासिक दौरा और विशेष प्रसाद

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तारा देवी मंदिर का दौरा न केवल इस मंदिर के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी, बल्कि इसने इसे राष्ट्रीय मानचित्र पर एक विशेष स्थान दिलाया है। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान उन्हें विशेष रूप से तैयार किए गए दस पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों का प्रसाद परोसा गया, जिसमें सेपू बड़ी, राजमा, कढ़ी चावल, मीठा बदाणा और मालपुए शामिल थे। इसलिए तारा देवी मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह शांति, प्रकृति और आस्था का संगम है। यहां से शिमला के आसपास के मनोरम दृश्य और बर्फ से ढकी चोटियों का नजारा भी बेहद मनमोहक लगता है, जो भक्तों और पर्यटकों दोनों को समान रूप से आकर्षित करता है। यह मंदिर वास्तव में हिमाचल प्रदेश का एक अद्वितीय धार्मिक और ऐतिहासिक रत्न है।

विशेष रिपोर्ट
सत्यदेव भारद्वाज
शिमला



**कैसे पहुंचें?** तारा देवी मंदिर शिमला शहर से लगभग 11 किलोमीटर दूर शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। सड़क मार्ग से आसानी से पहुंचा जा सकता है। शिमला से टैक्सी या स्थानीय बसें नियमित रूप से मंदिर के लिए उपलब्ध हैं।

# विवाह में कौन-कौन से लग्न होते हैं?




हिंदू धर्म में विवाह एक अत्यंत पवित्र संस्कार है, जिसे जीवन का एक प्रमुख मोड़ माना जाता है। इस शुभ अवसर को और अधिक मंगलकारी बनाने के लिए विवाह का आयोजन सर्वोत्तम मुहूर्त और शुभ लग्न में किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 'लग्न' का तात्पर्य है वह विशेष समय, जब विवाह संस्कार संपन्न किया जाना चाहिए। विवाह में उपयुक्त लग्न का चयन वर-वधु के सुखद वैवाहिक जीवन, स्वास्थ्य, संतान सुख और समृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक होता है। ज्योतिष में विवाह के लिए कुछ विशेष लग्नों को शुभ माना गया है। जैसे वृषभ, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, धनु और मीन लग्न को विवाह के लिए अत्यंत मंगलकारी समझा जाता है। इन लग्नों में विवाह करने से दांपत्य जीवन स्थिर, प्रेमपूर्ण और समर्पणयुक्त माना जाता है। उदाहरण के लिए वृषभ लग्न स्थिर प्रकृति का होता है, जो रिश्तों में स्थायित्व लाता है। तुला लग्न प्रेम और सौंदर्य का प्रतीक होता है। वहीं, मीन लग्न करुणा और समझदारी से भरपूर वैवाहिक जीवन प्रदान करता है। इसके विपरीत कुछ लग्नों को कम अनुकूल या अशुभ माना जाता है, जैसे मेष, मिथुन, वृश्चिक, मकर और कुंभ लग्न। हालांकि, यदि ग्रहों की स्थिति अनुकुल हो और कुंडली में दोष न हों, तो इन लग्नों में भी विवाह किया जा सकता है। इसलिए किसी भी लग्न का निर्णय व्यक्तिगत कुंडली और पंचांग मिलान के बाद ही लेना चाहिए। गौधुली लग्न का विवाह में विशेष महत्व है। गौधुली वेला वह समय होता है, जब सूर्यास्त के समय गायें घर लौटती हैं और वातावरण में हल्की धूल (धूलि) होती है। इसे अत्यंत शुभ और पवित्र माना गया है। इस समय किए गए विवाह को देवताओं की साक्षी में संपन्न हुआ माना जाता है। आमतौर पर यह सूर्यास्त के 30 मिनट पहले और 30 मिनट बाद का समय होता है। जब किसी विशेष मुहूर्त की उपलब्धता न हो, तब गौधुली वेला में विवाह करना बहुत शुभ होता है। इसके अतिरिक्त अभिजीत लग्न भी विवाह के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। यह लग्न दिन के मध्य में आता है और सभी दोषों का नाश करता है। यदि अन्य मुहूर्त संभव न हो, तो अभिजीत लग्न में विवाह करने की अनुमति शास्त्र देते हैं। लग्नों को उनकी प्रकृति के आधार पर चार श्रेणियों में भी बांटा गया है। चर (चंचल), स्थिर, द्विस्वभाव (उभय) और ध्रुव (स्थायी)। स्थिर लग्न-जैसे वृषभ, सिंह, वृश्चिक और कुंभ को विवाह के लिए सर्वोत्तम माना जाता है, क्योंकि वे स्थायित्व और समर्पण का प्रतीक होते हैं। वहीं चर लग्न यात्रा या परिवर्तन से जुड़े कार्यों के लिए उपयुक्त होते हैं, द्विस्वभाव लग्न समझौते और लचीलापन देने वाले होते हैं। विवाह मुहूर्त तय करते समय केवल लग्न ही नहीं, बल्कि पंचांग के अन्य अंग- तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण-भी देखे जाते हैं। साथ ही राहुकाल, गुलिक काल और यमगंड काल जैसे अशुभ समयों से बचना आवश्यक होता है। इसके अलावा चंद्र और गुरु के अस्त होने पर भी विवाह नहीं करना चाहिए। सप्तम भाव (विवाह का भाव) पर अशुभ ग्रहों की दृष्टि हो तो भी विवाह को टालने की सलाह दी जाती है। विवाह केवल एक सामाजिक रीति-रिवाज नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से संतुलित कर्म है। शुभ लग्न, गौधुली वेला और अभिजीत मुहूर्त जैसे विशेष कालों में विवाह करने से नवदम्पति का जीवन सौभाग्य, प्रेम और समृद्धि से भर जाता है।



आभास शर्मा, पधर, मंडी

# राशि विपरीत योग : जब ग्रह आमने-सामने हों

**वैदिक ज्योतिष में कई विशेष योग बताए गए हैं, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करते हैं। इन्हीं में एक महत्वपूर्ण और रोचक योग है राशि विपरीत योग (या राशि विप्रे योग)। यह योग तब बनता है, जब दो विशेष ग्रह एक-दूसरे की स्वराशियों में रहकर आमने-सामने यानी 180 डिग्री की दूरी पर स्थित होते हैं। यह स्थिति जन्मकुंडली में 7वें भाव के सापेक्ष बनती है। जब दो ग्रह अपनी-अपनी स्वराशियों में रहकर एक-दूसरे के बिलकुल विपरीत राशियों में स्थित होते हैं, तब यह योग बनता है। यह केवल उन्हीं ग्रहों के बीच मान्य होता है जो एक-दूसरे की विपरीत राशियों में विशेष संबंध रखते हैं। इस स्थिति में दोनों ग्रह एक-दूसरे की ऊर्जा को संतुलित या टकराने का कार्य करते हैं, जिससे विशेष प्रभाव उत्पन्न होता है।**



**सूर्य-शनिः** सूर्य सिंह राशि में और शनि कुंभ में हो (या उल्टा)। यह सत्ता बनाम सेवा, आत्मबल बनाम कर्म का द्वंद्व दर्शाता है।

**गुरु-बुधः** गुरु मीन में और बुध कन्या में हो (या उल्टा)। यह ज्ञान और तर्क के बीच का संघर्ष दर्शाता है।

**मंगल-शुक्रः** मंगल वृश्चिक में और शुक्र वृषभ में हो (या उल्टा)। यह ऊर्जा बनाम आकर्षण का मेल होता है।

*राशि विपरीत योग के प्रभाव अच्छे या बुरे दोनों हो सकते हैं, जो ग्रहों की स्थिति, शक्ति और दृष्टि पर निर्भर करता है। यह योग मानसिक और बौद्धिक संतुलन प्रदान कर सकता है। जीवन में द्वंद्व के माध्यम से विकास की संभावनाएं होती हैं। यदि दोनों ग्रह शुभ हों और मजबूत हों, तो यह योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। कभी-कभी यह योग आंतरिक मानसिक संघर्ष और निर्णयों में असमंजस उत्पन्न करता है। जीवन में अस्थिरता और उथल-पुथल की स्थिति आ सकती है, खासकर जब कोई एक ग्रह पापग्रह हो। व्यक्ति दो ध्रुवों के बीच झूलता रहता है, जिससे स्थिरता की कमी हो सकती है। इस योग का सही मूल्यांकन केवल राशियों के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसके लिए कुंडली में ग्रहों की दृष्टि, बल, नक्षत्र स्थिति, और किस भाव में स्थित हैं। इन सब बातों का विश्लेषण आवश्यक होता है। तभी इस योग का सही और सटीक फलादेश किया जा सकता है।*



सुरेंद्र शर्मा, श्री शारदा ज्योतिष निकेतन जोगिंद्रनगर

# गुरु अस्त : 10 जून से 7 जुलाई तक शुभ कार्यों पर रोक



ज्योतिष शास्त्र में गुरु ग्रह यानी बृहस्पति को अत्यंत शुभ, ज्ञान, धर्म और पुण्य फल देने वाला ग्रह माना गया है। यह विवाह, संतान, शिक्षा, धार्मिक कार्यों और अन्य मांगलिक कर्मों का प्रमुख कारक होता है, लेकिन जब गुरु ग्रह अस्त होता है, तब इसे शुभ कार्यों के लिए अशुभ काल माना जाता है। वर्ष 2025 में गुरु ग्रह का अस्त होना 10 जून से प्रारंभ हो रहा है, जो 7 जुलाई तक रहेगा। इस अवधि के दौरान सूर्य की अधिक चमक और नजदीकी के कारण गुरु की किरणें धरती पर प्रभाव नहीं डाल पातीं, जिससे इसका सकारात्मक असर कम हो जाता है। गुरु अस्त काल में विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, अन्नप्राशन जैसे शुभ कार्यों को टालना उचित माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार, जब तक गुरु उदय नहीं होता, तब तक मांगलिक कार्यों को स्थगित रखना ही श्रेयस्कर होता है। हालांकि, इस समय में पूजा-पाठ, व्रत, दान-पुण्य और तीर्थ यात्रा जैसे धार्मिक कार्य किए जा सकते हैं।

गुरु के 7 जुलाई को उदय होने के साथ ही फिर से सभी शुभ कार्यों की अनुमति मिल जाएगी और मांगलिक कार्यों के लिए एक बार फिर शुभ मुहूर्तों की शुरुआत होगी। अतः जो लोग विवाह या अन्य धार्मिक संस्कारों की योजना बना रहे हैं, उन्हें इस अवधि में सावधानी बरतनी चाहिए और गुरु के उदय के बाद ही कार्य आरंभ करना चाहिए। इस प्रकार गुरु अस्त का समय एक महत्वपूर्ण ज्योतिषीय स्थिति होती है, जिसका असर न केवल हमारे धार्मिक जीवन पर बल्कि सामाजिक निर्णयों पर भी पड़ता है। समझदारी इसी में है कि हम शास्त्रीय मान्यताओं का पालन करते हुए शुभ कार्यों को उचित समय पर करें।



विभा शर्मा, श्री शारदा ज्योतिष निकेतन जोगिंद्रनगर।

# नीचभंग राजयोग

## दुर्बल ग्रह से राजयोग तक की यात्रा





ज्योतिष शास्त्र में जब कोई ग्रह अपनी नीच राशि में होता है, तो उसे कमजोर और अशुभ माना जाता है, लेकिन कुछ विशेष स्थितियों में यह दुर्बल ग्रह न केवल अपनी नीचता से मुक्त होता है, बल्कि व्यक्ति के जीवन में राजयोग जैसा शुभ फल भी देने लगता है। इस विशेष स्थिति को नीच भंग राजयोग कहा जाता है, जिसे 'विपरीत राजयोग' का एक अद्भुत रूप माना जाता है। नीच भंग राजयोग तब बनता है, जब किसी व्यक्ति की जन्मकुंडली में नीच ग्रह को भंग करने वाले योग उपस्थित हों। जैसे यदि नीच ग्रह की राशि में उसका स्वामी भी मौजूद हो या वह उच्च ग्रह से दृष्ट हो, तो नीच ग्रह की दुर्बलता समाप्त हो सकती है। उदाहरण के लिए यदि चंद्रमा वृश्चिक राशि में नीच अवस्था में है, लेकिन उसी स्थान पर मंगल (वृश्चिक का स्वामी) भी बैठा है, तो यह नीच भंग का संकेत हो सकता है। इसी प्रकार अगर नीच ग्रह नवांश कुंडली में उच्च राशि में चला जाए, तो भी नीचता का प्रभाव कम हो जाता है और योग शुभ फल देने लगता है। नीच भंग राजयोग का असर व्यक्ति के जीवन में स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है।

जीवन की शुरुआत में संघर्ष, असफलताएं और मानसिक तनाव हो सकता है, लेकिन जैसे-जैसे ग्रहों की दशा या गोचर में परिवर्तन आता है, व्यक्ति को अचानक सफलता, सामाजिक सम्मान, और आर्थिक समृद्धि मिलने लगती है। यह योग विशेषकर उन लोगों के जीवन में बदलाव लाता है, जो कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते और अंततः एक ऊंचाई तक पहुंचते हैं।

इस प्रकार नीच भंग राजयोग केवल एक ज्योतिषीय संयोग नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि जीवन की कठिनाइयां भी अवसर बन सकती हैं, यदि आपके ग्रह उचित स्थिति में आ जाएं। सही ज्योतिषीय विश्लेषण से यह जाना जा सकता है कि कुंडली में यह योग बना है या नहीं और कब इसका प्रभाव जीवन में दिखाई देगा।

-अभिषेक शर्मा



# संत कबीर के अवतरण के कई किस्से

## संत कबीर प्रकट दिवस

15वीं शताब्दी में जिस समय देश में भक्ति आदौलन जोरों पर था और चारों ओर पूजा पाठ व धार्मिक प्रचार में कई तरह के अंधविश्वास, आडंबर और पाखंड भी फैलाए जा रहे थे, तो उसी मध्य एक सिद्ध पुरुष संत कबीर जी का अवतरण हुआ था। संत कबीर जी के अवतरण के भी कई एक किस्से प्रचलित हैं, जिनमें से एक जगह, तो कबीर जी तो मुस्लिम परिवार में पैदा हुआ बताया गया है। ऋग्वेद के 9वें मंडल व सूक्त 94, 96 के अनुसार पता चलता है कि काशी नगरी में ही लहरतारा तालाब के कमल फूल से कबीर जी अवतरित हुवे थे। कहीं-कहीं ऐसा भी बताया जाता है कि संत कबीर का किसी विधवा ब्रह्माण महिला के यहां जन्म हुआ था और समाज के डर के कारण उस विधवा महिला ने बच्चे को लहर तारा नामक तालाब की निकट छोड़ दिया था। बाद में बालक को एक मुस्लिम जुलाह दंपती, जिनका नाम नीरु व नीमा पति-पत्नी) था, ने उठाकर उसे अपने बेटे कबीर के रूप में अपना लिया था। इस प्रकार कबीर के माता-पिता नीरू और नीमा हो गए। जेष्ठ के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन विक्रमी संवत 1455 (1498 ई.) को जन्मे संत कबीर दास अनपढ़ थे और कहीं भी आश्रम या पाठशाला की शिक्षा प्राप्त नहीं की थी। जो कुछ भी शास्त्र ज्ञान उनके पास था, वह सारे का सारा उनके गुरु स्वामी रामानंद की ओर से दिया ही था। स्वामी रामानंद जी के पास गुरु धारण करने के लिए कबीर जी कई बार गए थे, लेकिन मुसलमान होने के नाते स्वामी जी उसे टालते ही रहे, पर कबीर ने तो उन्हें गुरु धारण करने की ठान रखी थी। एक दिन सुबह सवेरे जल्दी ही ब्रहमूर्त में गंगा घाट के रास्ते में जाकर कबीर जी लेट गए (जिस रास्ते से स्नान के लिए स्वामी रामानंद जी जाया करते थे।) और फिर ठीक वैसा ही हुआ जैसा कि कबीर चाहता था। रामास्वामी जी की खड़ावां की ठोकर कबीर के शरीर को लग गई और स्वामी रामानंद जी राम-राम करते हुए पीछे हट गए और फिर स्वामी जी ने सवाल करते हुए कबीर से पूछा कि तुम कौन हो भई? कबीर ने कहा कि आप का शिष्य स्वामी जी। स्वामी रामानंद जी बड़े हैरान हो कर कहने लगे, नहीं तो, तुम तो मेरे शिष्य नहीं हो, मैंने तो तुम्हें कई बार इनकार किया है। तब बड़े ही विनम्र होकर कबीर ने कहा कि जब आप के चरणों का स्पर्श मेरे शरीर से हुआ तो आप ने राम-राम कहा के मुझे उठा दिया। आप तो मेरे गुरु ही हैं। तब से संत कबीर जी स्वामी रामानंद जी के प्रिय शिष्य बन गए। संत कबीर जी की बचपन से ही घुमंतू प्रवृतित थी तथा हमेशा साधु संतों के साथ रहना ही पसंद करते थे। इनके साथ ही साथ निर्गुण ब्रह्म के उपासक होने साथ आडंबरों, अंधविश्वासों, जातिगत विभाजन, ब्राह्मणों के वर्चस्व, मूर्ति पूजन अनुष्ठानों व दिखावटी समारोहों के कट्टर विरोधी थे। संत कबीर जी यह भी कहा करते थे कि बौद्धिक दृष्टि व अध्यात्मिक संदेश से शांति, सद्भाव तथा धर्मों में सामंजस्य स्थापित होता है। घर परिवार में सूफी संत कबीर दास जी के साथ उनकी पत्नी, जिसका नाम लोई था। जिनसे एक बेटा कमाल नाम से व बेटी कमाली कहलाती थी। अंतिम दिनों में संत कबीर जी को अपनी मृत्यु की पूर्व जानकारी हो गई थीं। जैसा कि सभी को विधित ही था कि संत कबीर अंधविश्वाशों के बिलकुल ही विरुद्ध थे, जबकि लोग अकसर कहा करते थे कि काशी में मरने वाला सीधा स्वर्ग पहुंचता है और जो व्यक्ति मगहर में मरता है, वह गधे की योनी में जन्म लेता है। इसी मिथक को नकारते हुए संत कबीर अपनी अंतिम बेला में मगहर को प्रस्थान कर गए थे, जहां विक्रमी संवत 1518 में उन्होंने अंतिम सांस ली थी। इस वर्ष संत कबीर जी जयंती की 648वीं वर्षगांठ मंगलवार को मनाई जा रही है।



प्रेषक : डॉ. कमल के. प्यासा पुरुथी 108/6, द्वितीय तल लोअर समखेतर, मंडी

## न्यूज ब्रीफ

### चामुंडा में द्वितीय वार्षिक नुआला 21 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गद्दी धौगरी लौहार सेवा दल हिमाचल की ओर से द्वितीय वार्षिक भव्य नुआले का आयोजन 21 जून को चांमुडा मंदिर परिसर के लंगर भवन में किया जाएगा। इसके साथ दूसरा वार्षिक शिव पूजन नुआला व भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इसके चलते धर्मशाला के ऐतिहासिक इंद्रूनाग मंदिर खनियारा व श्री चांमुडा मंदिर में पारंपरिक पूजा-पाठ के साथ गद्दी धौगरी लोहार सेवा दल के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। इस दौरान प्रथम निमंत्रण देवभूमि के बारिश के देवता इंद्रूनाग व शक्तिपीठ श्री चांमुडा माता को प्रदान किया गया। श्री चांमुडा मंदिर व डाढ़ में भी वार्षिक कैलेंडर को जारी करने के साथ नुआला उत्सव के लिए बैठक का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी सुभाष देयोलिया, जागृत बंगवाल, मुनीष अशोक आदि मौजूद रहे।

### डाडासीबा में कल मनाई जाएगी कबीर जयंती

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में 11 जून को कबीर जयंती मनाई जाएगी। अनुसूचित जाति जनजाति व ओबीसी जन कल्याण महासभा जसवां-परागपुर के अध्यक्ष अशोक मेहरा ने बताया बुधवार को कबीर जयंता पर सुबह 10:00 बजे करीब भजन कीर्तन होगा। दोपहर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी मध्यकालीन युग के क्रांतिकारी संत हुए हैं, जिन्होंने अपने दोहों के माध्यम से पाखंडवाद और झूठे डमरो से दूर रहकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया, जिसकी आज के समाज में बहुत ज्यादा आवश्यकता है।

### हार गांव में कल निकाली जाएगी शोभायात्रा

**डाडासीबा।** हार गांव में बुधवार को कबीर जयंती मनाई जाएगी। गांववासियों के सहयोग से दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 10 जून को शाम 3:00 बजे शोभायात्रा के साथ होगी। 11 जून को सुबह कबीर जी की वाणी का गुणगान किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### सामूहिक प्रयास से जीत सकते नशे के खिलाफ लड़ाई

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** तहसीलदार राधिका सैनी सोमवार को नशा निवारण केंद्र नूरपुर का दौरा किया। राधिका सैनी ने कहा कि नशा निवारण केंद्र में लड़का जो कभी होनहार विद्यार्थी था, आज नशे के जाल में फंसकर पहचान, सपने और आत्मसम्मान सबकुछ खो चुका है। राधिका सैनी ने कहा कि जब मैंने नशा निवारण केंद्र में युवाओं से बात की, तो उनके उत्तरों में एक गूंजती हुई बात थी। हम अकेले थे, दिशाहीन थे, और कोई सुनने वाला नहीं था। उन्होंने कहा कि नशे से लड़ाई कानून से नहीं, जागरूकता, करुणा और सामूहिक प्रयासों से जीती जाएगी।

### कलवा गुजर बने भलाड़ दंगल विजेता

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** भलाड़ पंचायत में दंगल का आयोजन किया गया। भलाड़ पंचायत में दंगल का आयोजन किया गया। इसमें कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने 51 हजारच विशेष अतिथि भोलू प्रधान बेड़ी कगरेड़ी ने 31 हजार, घनश्याम ठाकुर ने 11हजार, लुधियाड़ पंचायत के पूर्व प्रधान सेवा सिंह 51 सौ रुपए मेला कमेटी को सफल आयोजन के लिए दिए। चंद्र कुमार ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति और पहचान हैं। ऐसे आयोजन हर बार होने चाहिए। पहली कुश्ती 1 लाख, जिसमें शेर गुज्जर, जलाल ईरान के बीच हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल पाया। दूसरी कुश्ती 1 लाख 11 हजार के लिए अभीनायक यूपी और तालब बाबा फ्लाई के बीच हुई। तालब बाबा फ्लाई विजेता रहा। बड़ी माली की कुश्ती 1 लाख 31 हजार के लिए कलवा गुजर और रवि वेहरा के बीच हुइ। कलवा गुजर विजेता रहे।

### बीएड द्रोणाचार्य कॉलेज की शालिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बीएड दूसरे सत्र 2024-26 की परीक्षा परिणाम में द्रोणाचार्य कॉलेज रैत के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। शालिका राणा ने 292 अंक लेकर प्रथम स्थान, अंशिका ने 282 अंक लेकर दूसरा, शिवानी शर्मा, शिया धीमान व वंशिका ने 280 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। अव्वल रहे प्रशिक्षुओं को प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया व प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा, कार्यकारिणी निदेशक बीएस पठानिया ने बधाई दी।

### एचआरटीसी की वोल्वो बस फिर खराब



**अनंत ज्ञान, गगल।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों का खराब होने का सिलसिला नहीं थम रहा। रविवार को धर्मशाला से एचआरटीसी की वोल्वो बस जो 12:00 बजे धर्मशाला से चलती है, जो रास्ते में ही खराब हो गई थी। सोमवार को भी वोल्वो बस सुबह 7:50 पर धर्मशाला से शिमला को रवाना होती है और गगल के पास खड़ी कर दी जाती और सवारियों को दूसरी बस से शिमला भेजना पड़ा। इस कारण सवारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धर्मशाला के आरएम से बात करनी चाही तो उनका कभी मोबाइल स्विच और कभी फोन ही नहीं उठाया।

### बक्शी टेकचंद कन्या स्कूल में मनाया पर्यावरण दिवस



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** पीएमश्री बक्शी टेक चंद कन्या विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसीलदार नूरपुर राधिका सैनी ने छात्राओं के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। तहसीलदार राधिका सैनी व प्रधानाचार्य केसी दियोल ने बताया कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। इस मौके पर छात्राओं को फलाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर इको क्लब व एनएसएस की छात्राओं सहित स्टॉफ मौजूद रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था, बल्कि छात्राओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना था।

# दुर्गम क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाई जाएं दवाइयां व राशन : उपायुक्त

## बोले- मानसून के सीजन से पहले आपदा से बचाव के लिए प्रशासन सतर्क



**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मानसून सीजन शुरू से पहले आपदा से बचाव के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी नियमित तौर पर लोगों तक पहुंचाने के लिए भी उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि आम जनमानस पहले से ही मौसम को लेकर अलर्ट रहे। उन्होंने कहा कि जिले में मानसून आरंभ होने से पहले कूहलों तथा नालियों की साफ-सफाई जरूरी है।

इसके लिए विकास खंड अधिकारी सभी पंचायतों में जल निकासी के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दें, ताकि बारिश का पानी कहीं भी रूक न सके। भू-स्खलन को लेकर संवेदनशील सड़कों एवं अन्य जगहों की सूची पहले से तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। भू-स्खलन इत्यादि से होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग, आईपीएच तथा विद्युत विभाग को आपदा प्रबंधन की दृष्टि से जेसीबी मशीनें और आवश्यक उपकरण भी पहले से तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्गम क्षेत्रों में राशन तथा दवाइयां पहुंचाने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग को भी आवश्यक खाद्य वस्तुओं का दुर्गम क्षेत्रों में भंडारण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर विलंब नहीं किया जाए।

### आपदाओं से निपटने के लिए विभाग करें जरूरी प्रबंध: एसडीएम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने आत्मा परियोजना के सभागार में सोमवार को मानसून के दौरान किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभाग समयबद्ध आवश्यक प्रबंधों को सुनिश्चित करें। सभी विभाग नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे तथा संबंधित नोडल अधिकारियों की सूची उनके मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवाएंगे। स्वास्थ्य विभाग को बरसात के मौसम में जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयों का भी स्वास्थ्य संस्थानों में वितरण सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई को मानसून के दौरान अवरुद्ध सड़कों को पुनः बहाल करने के लिए चयनित स्थानों पर्याप्त मशीनरी और आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

### सुक्खू सरकार के 'सिस्टम ऐरर' से गरीब वर्ग परेशान: सुधीर शर्मा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक व भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार का 'सिस्टम ऐरर' अब प्रदेश के गरीब वर्ग पर भारी पड़ने लगा है। प्रदेश के राशन डिपो की मशीनों में उपभोक्ताओं को केवल नल पैरामीटर, सर्वर ऐरर, सिस्टम ऐरर और ओटीपी सिस्टम फेल ही देखने को मिल रहा है, जिससे लाखों गरीब राशन कार्ड उपभोक्ताओं को सस्ते राशन से वंचित रहना पड़ रहा है। इस सिस्टम को सुधारने में सरकार की तरफ से कोई प्रयास नहीं किया जा रहा, जिससे प्रदेश का गरीब तबका परेशान है। पिछले छह-छह माह से गरीबों के राशन कार्ड ब्लॉक पड़े हैं, जबकि इसमें उनकी कोई गलती नहीं है।

सुधीर ने कहा कि प्रदेश में 5000 से अधिक राशन डिपो में 20 लाख से भी ज्यादा राशन कार्ड होल्डर सरकार के पास पंजीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में करीब हर डिपो में 50 से 100 कार्ड सरकार ने ब्लॉक कर रखे हैं। पिछले छह माह से यह कार्ड होल्डर सस्ते राशन से वंचित हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दे रही।


### हैप्पी बर्थडे



धर्मशाला के मनदीप खन्ना को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।


### बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने की अपील



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** दरंग पंचायत के सामुदायिक भवन में राज्य स्तरीय ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा का सम्मलेन अध्यक्ष रूप रेखा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बहादुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव जगजीवन पाल व हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रीना ग्वास्कर वाल्मीकि ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। सुलह विधानसभा व प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राकेश बहादुर ने सभी लोगों से बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। सुलह वार्ड की जिला परिषद सदस्य रूप रेखा ने कहा कि पूरे प्रदेश में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हम उस हर एक वर्ग के साथ खड़े हैं, जिनका शोषण किया जा रहा है।

# आशीष बुटेल ने दी शहीद कैप्टन सौरभ कालिया को श्रद्धांजलि



शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के शहादत दिवस पर सौरभ वन विहार में श्रद्धांजलि दी।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**विधायक** आशीष बुटेल ने सोमवार को कारगिल युद्ध के शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के शहादत दिवस पर सौरभ वन विहार में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आशीष ने कहा कि कैप्टन सौरभ कालिया ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे देश कभी नहीं भुला सकता।

उन्होंने कहा कि उनके बलिदान को पालमपुर व जिला कांगड़ा तथा हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरा राष्ट्र प्रणाम करता है। उनका शौर्य और समर्पण भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम शहीदों के बलिदान को सम्मान दें और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देशसेवा के संकल्प को मजबूत करें। इस मौके पर नगर निगम पालमपुर के महापौर गोपाल नाग, उप महापौर राज कुमार, पार्षद अमित मनु शर्मा, एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, नगर निगम आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त विकास शर्मा, डीएफओ डॉ. संजीव शर्मा आदि ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 60 करोड़ से लगेंगे 10 नए ट्यूबवेल: निशु मोंगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**




जमानाबाद रोड इच्छी ऑफिस में ग्रामीणों की फरियाद सुनते निशु मोंगरा।

**एपीएमसी** जिला कांगड़ा और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष निशु मोंगरा ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपए की लागत से 10 नए ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं। इससे कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में पानी की कमी दूर हो जाएगी।

निशु मोंगरा सोमवार को जमानाबाद रोड इच्छी ऑफिस में जनता से बात कर रहे थे। ऑफिस पहुंचे सैकड़ों फरियादियों में अधिकतर ने पानी की समस्या बताई। इस पर मोंगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में पानी पर ज्यादा काम किया जा रहा है। घुरकड़ी, बीरता, जोगीपुर, हलेडकलां, सेवकरण और निकटवर्ती पंचायत क्षेत्रों को इससे फायदा होगा। उन्होंने कहा कि अनफंक्शनिंग ट्यूबवेल की फंक्शनिंग करवाई जा रही है। इच्छी, मटौर, नंदेहड़, कंदरेहड़, जमानाबाद, सहौड़ा के लिए पांच करोड़ से ज्यादा का बजट आ चुका है। गगल के लिए एक करोड़ से ज्यादा का बजट आ गया है। अनसोली, भडवाल के लिए दो करोड़ से ज्यादा का बजट आ गया है। राजल और नंदरूल के लिए 11 करोड़ की मेगा डीपीआर तैयार की जा रही है।

### घुरकड़ी से जोगीपुर तक बिछेगी सीवरेज लाइन

**मोंगरा** ने कहा कि घुरकड़ी, बीरता, ललेहड़, जोगीपुर को सीवरेज लाइन बिछाई जा रही है। यह काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। कोहाला में ही जल्द ट्यूबवेल लगाया जाएगा। इससे लोगों को साफ पानी पीने को मिलेगा। इच्छी, नंदेहड़, अब्दुल्लापुर, जमानाबाद में साफ पेयजल के लिए पांच करोड़ से ट्यूबवेल लग रहे हैं। अनसोली और भडवाल में भी पानी की कमी है। इसके लिए अनसोली-भडवाल वाटर स्कीम के लिए दो करोड़ सोलह लाख खर्च किए जाएंगे। इससे वहां पानी की कमी दूर होगी।

# पंकज हत्या मामला: फॉरेंसिक रिपोर्ट पर परिजनों ने उठाए सवाल

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पंचरुखी के वटाहन गांव के 27 वर्षीय पंकज की हत्या के चार माह के बाद रिपोर्ट आ गई है। मृतक पंकज के परिजनों ने फॉरेंसिक रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा है कि पंकज के शरीर के साथ कोई छेड़छाड़ हुई थी। रिपोर्ट में इसे नॉर्मल मौत बताया गया है। मृतक पंकज के पिता सुरेश कुमार ने फॉरेंसिक टीम की जांच पर शक जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि पंकज का शव ज्वालाजी की जंगलों में मिला था।

**रिपोर्ट में बताया नॉर्मल मौत**

शव का पोस्टमार्टम टांडा मेडिकल कॉलेज में किया था, उस समय पंकज के सिर में गहरे घाव थे। चेहरा व बाजू पर लिखे नाम को जलाकर मिटाने की कोशिश की गई थी, एक हाथ की अंगुलियां काट दी थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऐसा कुछ भी नहीं आया है। इस रिपोर्ट को देखकर हैरान हैं। पंकज का शव मिलने के बाद हमने एफआईआर दर्ज करने के लिए पंचरुखी के सलियाना चौक में धरना दिया था और क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल थे। लोगों ने पंकज के सिर पर घाव व जले हुए शरीर को देखा था, जो इसके गवाह हैं। पंकज के हत्यारों ने भी गुनाह कबूल किया था व लौहे के औजार से सिर पर हमला किया था, उसको पुलिस ने बरामद कर लिया था। इससे जाहिर होता है कि ये सब मिलीभगत से हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें कानून व्यवस्था पर पूरा भरोसा था, लेकिन जिस तरह से रिपोर्ट आई है, उससे लगता है कि हमारी कोई सुनवाई नहीं होगी। पंकज हत्या में शामिल अपराधी चार महीनों में ही जमानत पर छूट कर सरेआम घूम रहे हैं। इससे लगता है कि शायद ही हमें इंसाफ मिले।

### क्या था मामला

**पंचरुखी** के व्टाहन गाव का पंकज 18 जनवरी सुबह से लापता हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने अगले दिन पुलिस थाना पंचरुखी को दी। जिन लोगों पर पंकज को गायब करवाने का शक था, उनके नाम भी बताए, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। 27 दिन बाद ज्वालाजी के जंगलों में शव मिला , जिसकी परिजनों वहां पहुंचकर पहचान की। शव का चेहरा किसी तरल पदार्थ से खराब कर दिया था। हाथ की अंगुलियां काट दी थी। शव को पहचानना मुश्किल हो रहा था। मृतक पंकज ने अपनी बाजू में आरोपी महिला का नाम लिख था, जिससे परिजनों ने शव की पहचान की थी। पंकज का शव मिलने के बाद तीन आरोपियों उत्तम चंद, सुशील कुमार व निशु वाला के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया था।

### सुरक्षा पेंशन के लिए अब घर बैठे कर सकेंगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर ने बताया कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण ( ईसोमसा ) विभाग ने ई-कल्याण पोर्टल का शुभारंभ किया है। पोर्टल के माध्यम से सभी पात्र लाभार्थी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अब घर बैठे स्वयं अथवा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अब पेंशन संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा, एकल नारी पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कुष्ठ रोगी पेंशन के सभी लाभार्थी ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। 15 जून के बाद कोई भी मैनुअल एप्लिकेशन कार्यालय में स्वीकार नहीं की जाएगी। आवेदन केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर स्वीकार किए जाएंगे। इस बाबत सभी तहसील कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी पात्र लोगों को ऑनलाइन सुविधा के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाएं, ताकि कोई पात्र व्यक्ति पेंशन सुविधा से वंचित नहीं रहे।

**15 जून के बाद मैन्युअल एप्लिकेशन नहीं होगी स्वीकार**

### नागा पांडव कमेटी के सदस्यों ने लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** माता कन्या देवी मंदिर में मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान ठंडे पानी की छबील लगाई गई। वहीं, कुछ जगह पर लंगर भी लगाए गए। अछरू भरों में नागा पांडव कमेटी के सदस्यों की ओर से लंगर लगाया गया। कमेटी के सदस्य बंटी, पिंकू, अजय, सीटू, विनोद, अबू, सनू, दीनानाथ, रीपीं बलू व अंकू आदि ने अपना सहयोग दिया।

### स्कूल पहुंचने पर गोल्ड विजेता अमन का स्वागत



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी के छात्र अमन कुमार ने राज्य स्तरीय जूनियर (अंडर-17) मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 46 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य चंद्रपाल राणा सहित समस्त स्टाफ तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा स्थानीय जनता ने स्वागत किया। प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा व प्रशिक्षक नवीन राणा ने बताया कि छात्र का राष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जो कि 19 जून से 25 जून को रोहतक हरियाणा में होगी।

### नशे में धुत्त निजी वोल्वो चालक का कटा 15,000 का चालान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस थाना रक्कड़ के समीप बीड़-बिलिंग से दिल्ली जा रही नॉर्दन ट्रैवेल वोल्वो बस के चालक का 15 हजार रुपए का चालान किया। चालक नशे में घुत्त था। चालक बस को चलाने की हालात में नहीं था। इसकी सूचना मिलते ही उपमंडल पुलिस अधिकारी ज्वालामुखी व पुलिस थाना रक्कड़ की टीम मौके पर पहुंची। बस में 45 सवारियां सवार थी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सवारियों के लिए एक नई बस का इंतजाम कर रवाना किया। पुलिस ने नॉर्दन ट्रैवेल के संचालक को सभी सवारियों का किराया भी वापिस करने को कहा है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने सभी ट्रांसपोटर्स और टूर एंड ट्रैवल एजेंसियों से आह्वान किया कि वे ड्राइवर व कंडक्टर की नियमित जांच करके ही बस को चलाने की अनुमति प्रदान करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सांसद राजीव ने किया आध्यात्मिक पुस्तक पुष्पांजलि का विमोचन



आध्यात्मिक गुरु पुनीत गिरि ने सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को पहनाया अंगवस्त्र।

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब**

**सांसद** डॉ. राजीव भारद्वाज सोमवार को सात दिवसीय शिव महापुराण समागम में हाजिरी लगाने पहुंचे। इस दौरान आध्यात्मिक पुस्तक पुष्पांजलि का विमोचन किया गया। इस मौके पर आध्यात्मिक गुरु पुनीत गिरि, दार्शनिक साहित्यकार पंकज दर्शी, चामुंडा रिजॉर्ट के मालिक चेतन चंबियाल, मुंबई से उद्योगपति पंकज जैन के साथ अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

डॉ. राजीव भारद्वाज, पंकज दर्शी और पंकज जैन को आध्यात्मिक गुरु पुनीत गिरि ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया। पुस्तक विमोचन का मुख्य उद्देश्य जिज्ञासुओं तक गुरु प्रवचन को पहुंचना और उनके मौखिक प्रवचनों का दस्तावेजीकरण करना है। शिव महापुराण कथा के छठे दिवस पर आध्यात्मिक गुरु ने कांगड़ा के लोकसहित्य और लोक संस्कृत का भी आनंद लिया। काव्यधारा कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसका मुख्य संचालन पंकज दर्शी ने किया। लोक गायक पवन सिंह ने वजीर राम सिंह की वारें सुनाई। वहीं, निखिल और टीम ने गुग्गा वीर की गाथा को सुनाया।

### 2.93 करोड़ से चकाचक बैजनाथ की सड़कें : रविंद्र

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश युवा कांग्रेस के राज्य महासचिव रविंद्र राव ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल के प्रयासों से 2 करोड़ 93 लाख रुपए खर्च कर युद्धस्तर पर सड़कों को पक्का करने का निर्माण कार्य जारी है। लोक निर्माण विभाग की ओर से 23 किलोमीटर ग्रामीणों सड़कों पर टारिंग का निर्माण कार्य पूरा होने को है। संसाई से ढंढोल सड़क मार्ग, सुजा से बीड़, बीड़ क्योर, बैजनाथ धानग, सगूर मार्ग में टारिंग के कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। मलघोटा-पंतेहड़, ग्वालटिक्कर से महेशगढ़ मार्ग पर भी एक या दो सप्ताह के भीतर टारिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद विधायक किशोरी लाल की ओर से करोड़ों रुपए की नई योजनाओं और परियोजनाओं को मंजूर करवाकर धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों, बिजली और पीने के पानी व अन्य मुलभुत सुविधाओं का सीधे तौर पर जनता को लाभ प्रदान करवाया जा रहा है। मौजूदा समय में बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास कार्यों में प्रगतिशील दिशा की और आगे बढ़ रहा है।

# आपदा के समय मनोसामाजिक मदद अहम : एडीएम शिल्पी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा की ओर से आपदा के समय मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक देखभाल पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम शिल्पी बेक्टा ने किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के परिप्रेक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक सहायता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।


**मानसिक स्वास्थ्य देखभाल पर तीन दिवसीय शिविर का किया शुभारंभ**

ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम फ्रंटलाइन वर्कर्स की क्षमताओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि आपदा के प्रभाव आपस में जुड़े हुए हैं। आम तौर पर किसी भी आपदा में शारीरिक और आर्थिक प्रभाव अधिक दिखाई देते हैं। चाहे वह शारीरिक हो या आर्थिक, अंततः मनोवैज्ञानिक प्रभाव ही होता है। हालांकि, मनोवैज्ञानिक प्रभाव को पहचाना नहीं जा सका है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में कम जागरूकता आपदाओं की ओर से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक प्रभाव के प्रति कम संवेदनशीलता का एक मुख्य कारण है। प्राथमिक देखभाल डॉक्टरों (पीसीडी) को किसी भी आपदा के बाद होने वाले बायोसाइकोसोशल प्रभाव के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। कांगड़ा डीडीएमए का यह प्रयास आपदा के दौरान प्रभावितों की मानसिक स्थिति को समझने और उन्हें समय रहते उचित सहयोग प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। पहले दिन डॉ. अनीता ठाकुर, मनोचिकित्सक, जोनल अस्पताल धर्मशाला एवं संदीप शर्मा ने प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में मानसिक तनाव, अवसाद और मनोसामाजिक समर्थन के प्रभावी तरीकों के बारे में जानकारी दी।

### कबीर की आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के तहत लोअर लंबागांव के धरोड़ में सद्गुरु कबीर साहेब की जयंती मनाई जाएगी। समाज सुधार सभा के मीडिया प्रभारी हरि दास ने बताया कि मंगलवार को दोपहर तीन बजे शोभायात्रा लंबागांव से जयसिंहपुर तक निकाली जाएगी। 11 जून को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण व 10 बजे सत्संग के साथ में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि होंगे व विशेष अतिथि पूर्व विधायक रवि धीमान उपस्थित रहेंगे।

### अंश ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** एंग्लो इंडियन पब्लिक स्कूल लंबागांव के कक्षा 9वीं के छात्र अंश ने सैनिक स्कूल की 9वीं क्लास प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रधानाचार्य चंद्रभान, यशपाल ने अंश के माता-पिता और अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं।

### त्रिलोक ने जरूरतमंद को भेंट की व्हीलचेयर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** समाजसेवी त्रिलोक नाथ ने जरूरतमंद को व्हीलचेयर भेंट की है। कुशमल के पंचायत प्रधान सतीश भट्ट ने अनुरोध किया था। अनुश कुमार व विकास कपूर ने साथ दिया। व्हीलचेयर बाबा त्रिलोक नाथ ने अपने घर पर रखी है, जैसे ही किसी को जरूरत होती है, वो जरूरतमंद को दी जाती है। जब मरीज ठीक हो जाता है तो बाबा त्रिलोक नाथ के घर पर इस व्हीलचेयर को रखा जाता है।

### वन अधिकार अधिनियम की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विकास खंड अधिकारी के कार्यालय बैजनाथ के सम्मेलन कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने की। शिविर में विभिन्न पंचायतों के लगभग 70 जन-प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसडीएम बैजनाथ ने उपस्थित जनों को वन अधिकार अधिनियम की बारीकियों से अवगत करवाया। वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने का आग्रह किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### एनटीटी भर्ती के नाम पर बेरोजगारों से धोखा : भोटका



**अनंत ज्ञान, शिमला।** एनटीटी शिक्षकों की भर्ती के नाम पर प्रदेश में बेरोजगार युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा हो रहा है जिसमें सौ फीसदी राजनीतिक सिफारिशों पर बेकडोर एंट्री हो रही है। कुसंपटी भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र भोटका ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हैरानी की बात है कि प्राइवेट कंपनियां द्वारा एनटीटी शिक्षकों के लिए साक्षात्कार लिए जा रहे हैं जिसके लिए कोई फूलप्रूफ सिस्टम नहीं अपनाया जा रहा है। वॉक- इन- इंटरव्यू के नाम पर आनन फानन में साक्षात्कार करवाए जा रहे हैं जिसमें युवाओं से सिर्फ सर्टिफिकेट एकत्रित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पांवटा में हुए एनटीटी शिक्षकों के इंटरव्यू में हजारों युवा पहुंचे और उचित व्यवस्था न होने पर उन्हें कड़कती धूप में घंटों खड़े रहना पड़ा तदोपरांत इंटरव्यू लेने की बजाय उनसे सर्टिफिकेट की फोटो प्रतियां एकत्रित की गई, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। दूसरी ओर एनटीटी शिक्षकों की भर्ती के लिए कोई आवेदन नहीं मांगे गए बल्कि आनन फानन में युवाओं से सर्टिफिकेट औपचारिकता के लिए वॉक- इन- इंटरव्यू रखे जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि एनटीटी शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता बनाई जाए तथा योग्य एवं पात्र युवाओं को जॉब दी जाए।

### हिमाचल दुग्ध उत्पादक संघ की बैठक संपन्न

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल दुग्ध उत्पादन संघ की बैठक आज सोमवार को विश्राम गृह निरथ में हुई। बैठक में दूध उत्पादकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा 2 जुलाई को दत्तनगर में होने वाले प्रदर्शन पर रणनीति तैयार की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए किसान सभा निरमंड ब्लॉक के अध्यक्ष देवकी नंद व निहाल चंद ने कहा कि आज जो दूध उत्पादक है उसको आज कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,सरकार की नीतियों के कारण दूध उत्पादन घाटे का कारण बन रहा है। क्योंकि दूध को पैदा करने की लागत मंहगाई के कारण बढ़ रही है,फीड की कीमत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादक संघ प्रदेश सरकार से मांग करता है कि सभी सोसायटियों में दूध की गुणवत्ता मापने के लिए टेस्टिंग मशीन दी जाए,दूध की पेमेंट हर माह दस तारीख से पहले दी जाए,पशु औषधालय में खाली पद भरे जाएं,फीड सभी सोसायटियों में उपलब्ध की जाए।

### सुन्नी में सुंदरनगर के मुकेश ने जीता दंगल

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** विशाल दंगल में हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर से पहलवान मुकेश ने फाइनल मुकाबला जीता। कड़े संघर्ष में उसने दिल्ली के मोन्टी को हराया। विजेता को 31 हजार तथा उपविजेता को 21 हजार रुपए ईनाम दिया गया। आयोजनकर्ता रमेश चौहान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारों की संख्या में लोग कुश्ती देखने पहुंचे। प्रचंड गर्मी के बावजूद दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ। पहलवानों ने भी बेहतरीन दाव पेच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत सुन्नी प्रदीप शर्मा, कपिल गुप्ता, ज्योति गुप्ता, रमेश, संजू गुप्ता, नरेश राय, यशपाल, पदम तथा अनिल सहित मेला कमेटी के सदस्यगण और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### आपदा जोखिम से निपटने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगशाड़ में नायब तहसीलदार बगशाड़ मेहर सिंह वर्मा की अध्यक्षता में शुरू हुई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्राम पंचायत बगशाड़, शालग, काण्डा व काहणों के 60 स्वयंसेवी प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। जिला प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से जिला की विभिन्न पंचायतों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को जागरूक कर आपदा जोखिम को कम किया जा सके। जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के ऊपर विस्तार से चर्चा की जैसे कि भूकंप के दौरान क्या करें क्या न करें और भूकंप के दौरान पानी कैसे पिए कैसे की विस्तृत जानकारी लोगों को दी।

# शिमला में नशे के खिलाफ तेज होगा अभियान

## 26 जून को विशेष कार्यक्रम, 15 दिनों के अंदर चलेगा जागरूकता अभियान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** शिमला जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने कमर कस ली है। उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 26 जून को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस गेयटी थियेटर में जिला स्तरीय विशेष कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा।



जिले को नशामुक्त बनाने के लिए डीसी शिमला बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उपायुक्त ने अगले 15 दिनों तक जिले भर में विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे नारा लेखन, भाषण, कविता, नुक्कड़ नाटक, मैराथन, संगोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के सामाजिक कार्य विभाग और हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी घंडल में भी विशेष सेमिनार और कार्यशालाएं होंगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरे जिले में काउंसलिंग शिविर लगाएंगी, और फील्ड स्टाफ लोगों को जागरूक करेगा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत भी जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया और बताया कि हाल ही में आयोजित ग्रीष्मोत्सव में टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उपयोग भी नशे के खिलाफ संदेश देने के लिए किया गया था।

### मास्टर ट्रेनर और माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण

**नशे** के खिलाफ प्रत्येक वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। डाइट के माध्यम से प्रशिक्षित 50 मास्टर ट्रेनर जिले भर में जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने माता-पिता से नशे की चपेट में आए युवाओं को सही उपचार दिलाने के लिए अस्पतालों और मनोचिकित्सकों की सहायता लेने का आग्रह किया।

### नशे के खिलाफ होंगी प्रतियोगिताएं

**नशे** के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल और कॉलेज स्तर पर भी विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सभी स्कूलों में भाषण, कविता लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं 20 जून तक संपन्न होंगी। इनमें चयनित छात्रों को ब्लॉक स्तर और फिर जिला स्तर पर मौका मिलेगा। कॉलेजों में सेमिनार और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं की जाएंगी।

### शिमला में आधार बायोमेट्रिक अपडेट पर जोर

**शिमला** के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नागरिकों से अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवाने का आग्रह किया। उन्होंने चेताया कि ऐसा न करने पर आधार निष्क्रिय हो सकता है, जिससे सरकारी योजनाओं और परीक्षाओं में दिक्कतें आ सकती हैं। बैठक में आधार नामांकन और अद्यतन की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने यूआईडीए से निष्क्रिय आधार पंजीकरण किटों को सक्रिय करने को कहा ताकि पंजीकरण में वृद्धि हो सके। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपना आधार बायोमेट्रिक अपडेट करवाने पर जोर दिया।

# दो वर्षों में विकास कार्यों से लोगों को मिली मूलभूत सुविधाएं : रोहित

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल तहसील के केलवी गांव में देवता 'रैठी बनाड़' की नवनिर्मित पालकी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया। रैठी बनाड़ देवता बढ़ाड़, बटाड़, कठासु और देवघार (सोजला, केलवी, सुंटा) के चार गांवों के संयुक्त आराध्य देवता हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने हिमाचल प्रदेश को देवभूमि बताया और खुद को भाग्यशाली महसूस किया कि उन्हें इस आयोजन में आकर देवता का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला।

रोहित ठाकुर ने कहा कि बरथाटा, कठासु, बटाड़ और पूरे क्षेत्र से उनका भावनात्मक संबंध है। उन्होंने पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में हुए विभिन्न विकास कार्यों, जैसे सड़कों और भवनों के निर्माण का उल्लेख किया, जिससे निवासियों को मूलभूत सुविधाएं मिली हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे।

गांव के बुजुर्गों ने बताया कि देवता रैठी बनाड़ की यह पालकी लगभग 4 दशकों के बाद किन्नौर जिले के निचार के कारीगरों द्वारा



बनाई गई है, जिसमें सभी चार गांवों के लोगों ने सहयोग दिया है। इस अवसर पर देवता रैठी बनाड़ के वजीर, पुजारी, माली, भंडारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री 11 जून को धार में

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर 11 जून, 2025 को शाम 5 बजे नवयुवक मंडल, धार द्वारा आयोजित 8वें शान-ए-धार जमींदार (धार उत्सव) वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि होंगे। इसके बाद, वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। वहीं शिक्षा मंत्री ने केलवी गांव में पालकी प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत।

# जुब्बल-नावर-कोटखाई में शिक्षा मंत्री के प्रयासों से 3 नई सड़कें मंजूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र को तीन नए सड़क संपर्क मार्गों की सौगात मिली है। इन सड़कों में थरोला-पुजैई (127वीं पासिंग), डोलीधार-जैल (128वीं पासिंग), और कशैडा (129वीं पासिंग) शामिल हैं, जो क्रमशः थरोला, मंढोल और सारी ग्राम पंचायतों को जोड़ेंगी।

यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है क्योंकि 2022 से अब तक ठाकुर के नेतृत्व में कुल 129 सड़कों को सफलतापूर्वक पास किया जा चुका है। इन सड़कों से न केवल भौगोलिक संपर्क मजबूत होगा, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि और

**2022 से अब तक ठाकुर के नेतृत्व में 129 सड़कों को किया जा चुका है पास**


जनजीवन में सकारात्मक बदलाव भी आएगा। स्थानीय ग्राम पंचायतों के निवासियों ने इस पहल के लिए शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है और कहा कि ये सुविधा मिलने से लोगों की कई समस्याओं का समाधान होगा।

इस अवसर पर पंचायत समिति जुब्बल-कोटखाई के उपाध्यक्ष यशवंत जस्टा, एसडीएम गुरमीत सिंह नेगी, नायाब तहसीलदार कोटखाई कलम सिंह चौहान, और संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधान उपस्थित रहे।

# नारकंडा से हाटू पीक तक रोपवे की योजना ठंडे बस्ते में

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**कुमारसैन।** नारकंडा से हटू पीक तक रोप वे लगाने की योजना ठंडे बस्ती में पड़ती नजर आ रही है। बताते चलें कि नारकंडा से हाटू पीक तक सरकार द्वारा रोपवे लगाने की योजना थी। रोपवे लगने से यहां के पर्यटन व्यवसाय को पंख लगने के साथ-साथ लोगों की आरती की में भी सुधार होना था।



जानकारी अनुसार कोई भी कंपनी इस रोपवे को लगाने के लिए आगे नहीं आ रही है। रोपवे के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर करीब 206 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। कॉरपोरेशन ने रोप निर्माण के लिए कई बार टेंडर भी आमंत्रित किए लेकिन कोई भी कंपनी टेंडर लेने के लिए तैयार नहीं हुई। यह प्रोजेक्ट डिजाइन बिल्ड फाइनेंस ऑपरेशन 3.1 0 किलो मीटर लंबे इस रोपवे का निर्माण कार्य 5 सालों के भीतर प्रस्तावित था। हालांकि यह प्रोजेक्ट डिजाइन बिल्ड फाइनेंस ऑपरेशन और ऑपरेट ट्रांसफर के आधार पर बनाया जाना था, लेकिन इस पर अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

रोपवे लगने से नारकंडा से हाटु पीक तक देश-विदेश के सैलानी रोमांचक सफर उठा सकते थे। गौर हो कि विशेष तौर पर सर्दी के मौसम में हाटू टोप में भारी बर्फबारी होती है। रोप वे की सुविधा उपलब्ध होने से पर्यटक, श्रद्धालु व स्थानीय लोग बर्फबारी के बीच में हाटू पहुंच सकते हैं।

हालांकि स्थानीय लोगों की माने तो इस रोपवे के लगने से सैलानी हाटु की ओर आकर्षित होंगे। जिससे यहां के स्थानीय लोगों की आर्थिक सुधरेगी, इसलिए स्थानीय लोग बार-बार इस रोपवे को बनाने की जोरदार मांग करते आ रहे हैं। इस कार्य को सर अंजाम देने के लिए लोगों की उम्मीदें यहां के युवा विधायक कुलदीप सिंह राठौर से हैं।

### मोदी सरकार के 11 साल में हुआ चहुंमुखी विकास : बरागटा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 11 साल पूरे कर लिए हैं, जो सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि इन वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है और यह कालखंड विकसित भारत के अमृत काल की नींब बन चुका है।

बरागटा ने बताया कि सरकार ने गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाईं, जिससे करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और उत्तरदायी शासन की मजबूत परंपरा स्थापित होने पर जोर दिया। चेतन ने कहा कि इन नीतियों के परिणाम स्वरूप भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है।

### झंडूता बाजार में लगाए जाएं स्पीड ब्रेकर और साइन बोर्ड



**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के झंडूता बाजार में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है। दुकानदारों और समाजसेवियों ने दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात संकेतकों और स्पीड ब्रेकर की कमी बताया है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण बाजार से गुजरने वाली सड़कों पर हादसे बढ़ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। समाजसेवी रमेश राजपूत ने कहा कि यदि वाहनों की गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी रहेगा। बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, तहसील कार्यालय, कोर्ट और गांव की सड़कों के निकट होने के कारण वाहनों की आवाजाही में लगातार वृद्धि हो रही है। तेज गति से आने वाले वाहन चालक जल्दबाजी में रहते हैं, जिससे पैदल चलने वाले ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा बढ़ गया है। विशेष रूप से प्राथमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के सड़क से सटे होने के कारण स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने के दौरान तेज रफ्तार वाहनों से जोखिम बना रहता है। दुकानदारों और लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए झंडूता बाजार में स्पीड ब्रेकर, यातायात संकेतक चिह्न और साइन बोर्ड लगाए जाएं। लोगों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है, ताकि इस मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सके।

# भाजपा जनता तक पहुंचाएगी केंद्र की उपलब्धियां

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में भाजपा अभियान चलाकर कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। 'विकसित भारत का अमृतकाल' व 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 11 वर्षों पर आधारित इस अभियान के तहत केंद्र सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाई जाएंगी। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और फैसलों के साथ ही झूठी गारंटियों व वादों की पोल भी खोली जाएगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं को इस अभियान की रूपरेखा की जानकारी देने के लिए सोमवार को बिलासपुर में कार्यशाला आयोजित की गई। सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने मुख्य वक्ता तथा सुमित शर्मा ने सह वक्ता के रूप में उपस्थिति रहे। नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल व जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल विशेष तौर पर मौजूद रहे। राकेश जम्वाल ने कहा कि यूपीए सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में देश में भ्रष्टाचार चरम पर था। घोटालों की एक तरह से बाढ़ आ गई थी। देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल था। 2014 का साल भारत के लिए एक टर्निंग प्वाइंट बनकर आया। राकेश जम्वाल ने कहा कि अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता जहां मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएंगे। इसी कड़ी में कार्यकर्ता आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का पंजीकरण करवाना भी सुनिश्चित करेंगे।



बिलासपुर में अभियान की रूपरेखा को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई।

### 15 जुलाई से 15 अगस्त तक हर बूथ स्तर पर 11-11 पौधे लगाने का आह्वान

प्रदेश भाजपा सचिव सुमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं से 15 जुलाई से 15 अगस्त तक जिला के प्रत्येक बूथ पर 11-11 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समाज के सभी वर्गों को स्वस्थ रहने के लिए योग करने के साथ ही इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा चिट्टे जैसे अन्य घातक नशों पर चोट करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर बूथ स्तर पर जनजागरण कार्यक्रम किया जाएगा। 25 जून 1977 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा था। राष्ट्रीय विचारधारा के लोगों को जेलों मे डालकर लोकतंत्र की आवाज दबाई गई। वर्तमान पीढ़ी को उस काले दिवस की याद दिलाने के लिए 25 जून को चर्चा कार्यक्रम होंगे।

### सामुदायिक सलाहकार बोर्ड की बैठक में विशिष्ट समुदायों की जनसंख्या का अनुमान लगाने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**क्षेत्रीय** अस्पताल बिलासपुर के ट्रामा सेंटर में सामुदायिक सलाहकार बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि बिलासपुर हिमाचल प्रदेश का पहला ऐसा जिला बना है, जहां इस प्रकार की बैठक का आयोजन सबसे पहले किया गया है। इस दौरान जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरष्या शर्मा, एकीकृत परामर्श एवं जांच केंद्र पंजगाई, बिलासपुर और घुमारवीं के परामर्शदाता, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा लाहौल ट्राइबल वेलफेयर एसोसिएशन-बिलासपुर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

यह बैठक प्रोग्रामैटिक मैपिंग एवं पॉपुलेशन साइज एस्टिमेशन परियोजना के तहत आयोजित की गई। बैठक में चर्चा की गई कि बिलासपुर जिले में कुछ विशिष्ट समुदायों की जनसंख्या का अनुमान लगाया जाएगा। इस कार्य को लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता कार्यक्रमों को बेहतर दिशा देना है। इस पहल के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग और समुदाय के बीच समन्वय को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आने की उम्मीद है।

### दिव्यांगजनों को दिए जाएंगे यूडीआईडी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय के बचत भवन में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के अंतर्गत स्थानीय स्तरीय समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिले में दिव्यांगजनों को दिव्यांग पहचान पत्र की सुविधा निरंतर प्रदान की जा रही है। अब तक 7325 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया जा चुका है तथा 5611 डिजिटल यूनिवर्सल डिसेबिलिटी आईडी कार्ड (यूडीआईडी) जारी किए गए हैं। डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शेष पात्र दिव्यांगजनों के यूनिवर्सल डिसेबिलिटी आईडी कार्ड शीघ्रता से बनाकर उपलब्ध कराए जाएं। नए प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 107 दिव्यांगजनों के लिए कानूनी संरक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए की दिव्यांगजनों के लिए कानूनी सरक्षक नियुक्त करना बहुत जरूरी है और इसके लिए विभाग बिना देरी से कार्य करें, ताकि दिव्यांग जनों को सुविधा दिया जा सके।

### आर्या अब राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में खेलेगी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिलासपुर के छात्रों ने बैजनाथ में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। आर्या ने दो स्वर्ण पदक जीते हैं। आराध्या, अरोही, हनी, अथर्व, अभिराज, कनिष्का और अर्शभ ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आर्या अब देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय की प्राचार्या मोनिका वत्स्यायन ने विजेता छात्रों का विद्यालय पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राजेश धर्माणी ने पलासला में किया पंचायत भवन का लोकार्पण



पलासला में पंचायत भवन का लोकार्पण करते मंत्री राजेश धर्माणी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पलासला** पंचायत में विकास को नया आयाम देते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

हाल ही में आई आपदाओं के दौरान पंचायतों से प्राप्त सभी प्रस्तावों को सरकार ने तुरंत स्वीकृति प्रदान की है। सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। क्षेत्र की बस्तियों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के लिए नाबार्ड के माध्यम से 22 करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनके माध्यम से छोटे लिंक मार्गों को जोड़ा जा रहा है। पंचायत पलासला में आंतरिक संपर्क मार्गों के निर्माण के लिए 19 लाख रुपये की राशि व्यय की जा रही है। धर्माणी ने पंचायत भवन के भविष्य विस्तार की योजना पर भी बल दिया और संबंधित अधिकारियों को भवन की दूसरी मंजिल के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक धनराशि शीघ्र स्वीकृत करवाई जाएगी।

**निर्देश** मैन्युअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध अधिनियम पर जिला स्तरीय बैठक

# सफाई कर्मियों की हो नियमित स्वास्थ्य जांच: डीसी




जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल कुमार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** मुख्यालय के बचत भवन में रविवार को मैन्युअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की।

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के तहत कार्यरत सफाई कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से टीबी, त्वचा रोग, श्वसन संक्रमण, हेपेटाइटिस जैसे गंभीर रोगों की समय रहते पहचान हो पाती है, जिससे न केवल इलाज संभव होता है, बल्कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता एवं उत्पादकता भी बढ़ती है। उन्होंने सभी शहरी व ग्रामीण निकायों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों को कार्यस्थल पर झाड़ू, टोकरियां, मास्क, दस्ताने, सैनिटाइजर, साबुन, पीकैट, गमबूट इत्यादि सभी आवश्यक सामग्री हर समय उपलब्ध कराई जाए। जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने जानकारी दी कि शहरी निकायों व जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की ओर से कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार, बिलासपुर जिला वर्तमान में मैन्युअल स्कैवेंजर मुक्त है। उपायुक्त ने सफाई कर्मचारियों को अवकाश, न्यूनतम वेतन, ईपीएफ, ग्रेच्युटी जैसे सेवा लाभ समय पर और नियमानुसार प्रदान करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिलासपुर में नशा उन्मूलन की बनेगी सशक्त रणनीति, हॉटस्पॉट क्षेत्रों में बढ़ेगी पुलिस गश्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक बचत भवन बिलासपुर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की। उन्होंने कहा कि नशा उन्मूलन की सशक्त रणनीति बनाई जाएगी। हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस गश्त भी बढ़ाई जाएगी। युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना होगा। सरकार द्वारा विकसित 'ड्रग फ्री इंडिया' ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गोपनीय रूप से नशा तस्करी की सूचना दे सकता है, जिससे उसकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शिक्षण संस्थानों की 100 मीटर परिधि में नशे से संबंधित गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए तथा उपमंडल स्तर पर गठित निगरानी समितियों के माध्यम से 26 जून तक जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जाए। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय विभाग तथा अदाणी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रहार कार्यक्रम' आरंभ किया जाएगा, जिसमें सोशल पुलिसिंग और 'सोसाइटी फॉर इरेडिकेशन ऑफ ड्रग एब्यूज' जैसे घटक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए अदाणी फाउंडेशन की ओर से 45 लाख रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है।

# कहलूर हिमकल्प फाउंडेशन ने शुरू की 'जनचक्र' वृत्तचित्र श्रृंखला




नशे की समस्या पर डॉक्यूमेंट्री, कॉलेजों व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारण होगा।

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** समाज में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों को उजागर कर उनके समाधान की दिशा में जनसहभागिता और सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कहलूर हिमकल्प फाउंडेशन ने 'जनचक्र' वृत्तचित्र श्रृंखला की शुरुआत की है।

डॉक्यूमेंट्री में नशे के सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक दुष्परिणामों को प्रमुखता से दिखाया गया है। इसमें डॉक्टरों की विशेषज्ञ राय, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के अनुभव, नशे से बाहर निकल चुके व्यक्तियों की आप बीती और उनके परिजनों की भावनात्मक झलकियों को भी प्रस्तुत किया गया है। घुमारवीं में आयोजित पत्रकार वार्ता में फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री को यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाएगा। साथ ही, बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार से अनुमति मिलने के बाद इसे कॉलेजों में भी छात्रों को दिखाया जाएगा, ताकि युवा वर्ग को इस लत के दुष्परिणामों से जागरूक किया जा सके। डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन संजीव सोनी ने किया है, जबकि इसकी परिकल्पना फाउंडेशन के संस्थापक अनिल ठाकुर ने की है। 'जनचक्र' से जुड़ी रेनबो अस्पताल घुमारवीं की सीओओ मोनिका शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल नशे के खिलाफ लड़ाई ही नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, दिव्यांगजनों के हित और आत्मरक्षा जैसे अन्य सामाजिक मुद्दों को भी मंच प्रदान करना है। इस दौरान संस्था के अन्य सदस्य विवेक गर्ग आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते 13 पदक



**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** घास्णु में आयोजित स्वाते फ्रेंच किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में ब्यास व्यू मॉडल स्कूल, बग्गी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, घास्णु में किया गया, जिसमें स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने कुल 13 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर ब्यास व्यू मॉडल स्कूल ने अपनी प्रतिभा और अनुशासन का परिचय दिया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में हिमेश, आरव, कुणाल, लक्ष्य, नाभ्य और गीतिका शामिल रहे। वहीं तरुण, शौर्य, समर, आदित्य, साक्षी और पीयूष ने रजत पदक जीते। यज्ञ ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल की पदक सूची में योगदान दिया। इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, स्टाफ और अभिभावकों में गर्व की लहर दौड़ गई। विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र वालिया, प्रधानाचार्या कुसुम नेगी और उप प्रधानाचार्य विजय कुमार ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और समर्पित कोच व स्टाफ को उनके मार्गदर्शन और मेहनत के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को छात्रों की कड़ी मेहनत और टीम भावना का परिणाम बताया है।

### कांग्रेस में शामिल हुए कलबोग और घुण्डा-भड़ैच के कार्यकर्ता



**अनंत ज्ञान, शिमला।** कोटखाई तहसील के ऊपरी क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत घुण्डा-भड़ैच के उप-प्रधान नरेश शर्मा, ग्राम पंचायत कलबोग के राजिंदर सिंह राजटा, और 'नव ज्योति नव युवक मंडल घुण्डा भड़ैच' के सदस्य अनिल शर्मा ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इन सभी कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने विश्वास दिलाया कि पार्टी में सभी को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस दौरान कई अन्य कांग्रेस नेता और स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### सीटू 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का बिगुल फूंकेगी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सीटू की राज्य कमेटी ने आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया है। सीटू के प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा की अध्यक्षता में किसान मजदूर भवन, कैथू, शिमला में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर, प्रदेश महासचिव प्रेम गौतम सहित राज्य कमेटी के प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। बैठक में 108 और 102 एंबुलेंस कर्मियों के आंदोलन को तेज करने के साथ-साथ मिड-डे मील, आंगनबाड़ी, मनरेगा और निर्माण यूनियनों से जुड़ी तैयारियों पर भी गहन चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कश्मीर ठाकुर, विजेंद्र मेहरा और प्रेम गौतम ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए चार मजदूर-विरोधी लेबर कोड्स पर तीखा हमला बोला। सीटू ने ऐलान किया है कि वे इन सभी मजदूर-विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करते हुए व्यापक जन आंदोलन चलाएंगे, ताकि जनता के हित सुरक्षित रह सकें।

### जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित, कुलदीप पठानिया ने की अध्यक्षता, कहा–

# किसानों को मिले आसान ऋण की सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा में जिला परामर्शदात्री समिति की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। इस अवसर पर सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष का विधिवत स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि यह त्रैमासिक सभा वित्तीय वर्ष 2024–25, की आखिरी तिमाही मार्च 2025 की समीक्षा के लिए आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि बैंकों ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए वर्षिक ऋण योजना के अंतर्गत 1410.41 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें जिला ने वित्त वर्ष 2024–25 में 1637.22 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त किया, जो कि 116.10 प्रतिशत है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा जिला चंबा में बैंकों के पास कुल 7338.41 करोड़ की जमा राशि है। किन्तु उसकी तुलना में ऋण बहुत कम वितरित किए हैं



जिस कारण जिला का ऋण–जमा अनुपात कम है। उन्होंने ने सभी बैंकों को कहा की जिले में छोटे व्यापारियों व उद्यमियों तथा किसानों को बिना किसी परेशानी के ऋण उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बैंकों को कहा जो लोग किसी बीमारी के कारण या घर में कमाने वाले की मृत्यु के बाद ऋण चुकाने में असमर्थ हैं ऐसे लोगों के लिए बैंकों द्वारा कोई नीति लाई जाए जिसमें ब्याज इत्यादि माफ करने की सुविधा हो। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी बैंक जिला के किसानों को कृषि क्रेडिट कार्ड से जोड़ें और सरकार द्वारा जारी की गई योजनाओं की जानकारी आम आदमी तक पहुंचाएं। उन्होंने स्मरण करवाया कि चम्बा जिला आकांक्षी जिला चयनित हुआ है तथा इसके मुख्य संकेतक, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग व किसान क्रेडिट कार्ड तथा शिक्षा ऋण की अधिक जागरूकता के लिए कैंप लगाने के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी संकेतकों के नीति आयोग द्वारा दिये गए लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

विधानसभा क्षेत्र चंबा के विधायक नीरज नैयर ने कहा बैंक छोटे ऋण ग्राहकों को प्रदान नहीं कर रहे हैं जिस कारण बहुत लोग बाहर से मनमाने ब्याज पर ऋण ले लेते हैं जिससे उन्हें अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बैंकों कहा कि बैंक ग्राहकों के प्रति सहानुभूति रखें और उन्हें सुविधजनक सेवाएं प्रदान करें।

### डिजिटल साक्षरता पर ध्यान देने की जरूरत

बैठक में आशीष सांगरा एलडीओ भारतीय रिजर्व बैंक शिमला ने बैंकों को निर्देशित किया कि मासिक कैंप में डिजिटल साक्षरता पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कुछ बैंक केवल कुछ ही क्षेत्रों में ऋण दे रहें हैं जबकि उन्हें सभी क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए। यह बैंकों के लिए आवश्यक है कि वे अपने आवंटित लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण वितरण को संतुलित करें। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ने बैंको को निर्देश दिए कि बैंक सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रायोजित ऋण प्रस्तावों जैसे, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, पी एम स्वनिधि इत्यादि का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। विधानसभा अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि बैठक में उनके द्वारा सुझाए गए बिंदुओं पर आगामी समय में विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# चंबा अस्पताल में आम जनता की जान की नहीं कोई कीमत : जय सिंह

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** चंबा में यदि कोई विपक्ष की सशक्त भूमिका निभा रहा है तो वह हैं भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह। सोमवार को दोपहर में रखी गई प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जय सिंह ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल अब एक 'बूचड़खाने' में तब्दील हो चुका है, जहां आम जनता की जान की कोई कीमत नहीं रही।

जय सिंह, जो कि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के वर्तमन सदस्य है और हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के पूर्व चेयरमैन भी रह चुके हैं, ने मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को 'झूठ बोलने का सरताज' करार देते हुए कहा कि चुनाव पूर्व किए गए रोजगार देने के वादे अब सरकार नकार रही है। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री का यह कहना कि हमने कभी नहीं कहा था कि हम पांच लाख नौकरियां देंगे, जनता के साथ धोखा है।' उन्होंने प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य सरकार बार-बार कर्ज ले रही है और हाल ही में 800 करोड़ रुपए का नया कर्ज इसका उदाहरण है। जय सिंह ने चंबा अस्पताल की बदहाली की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि वहां सीवीसी टेस्ट नहीं हो पा रहे, लैब महीनों से खराब है, और 108 एंबुलेंस में वेंटिलेटर तक उपलब्ध नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि स्ट्रेचर और व्हीलचेयर जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के प्रभावहीन होने और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह सरकार सिर्फ सत्ता भोगने में लगी है, जनता की सेवा का कोई भाव नहीं।'

# जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही भाजपा : मनीष

**अनंत ज्ञान, चंबा**



डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे मनीष सरीन ने देश में एक बार फिर से तेजी से बढ़ रहे कोरोना मामलों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार और मीडिया पर तीखा हमला बोला है। सरीन ने सवाल उठाते हुए कहा कि या तो कोरोना वैक्सीन नकली थी या फिर अब फैल रही कोरोना की खबरें।

मनीष सरीन ने अपने बयान में कहा कि कोरोना काल में देश को 'वैश्विक वैक्सीन महाशक्ति' बताने का भरपूर प्रयास किया गया, लेकिन जब देश में एक बार फिर से कोरोना मामलों में उछाल देखा जा रहा है, कई राज्यों में एडवाइजरी जारी हो रही है, तब मनीष सरीन ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया, जब पूरा देश टीकाकरण कर चुका है, तो फिर ये कोरोना कैसे लौट आया? 'ऑपरेशन सिंदूर' और डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से हुए अंतरराष्ट्रीय युद्धविराम जैसे विवादों से जनता का ध्यान भटकाने की असफल कोशिश कर रही है। राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है और आने वाले दिनों में इस पर तीखी बहस छिड़ने की पूरी संभावना है।

# उठाई जाएगी छात्रों की समस्याएं : मुकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) जिला चंबा की महत्वपूर्ण बैठक परिधि गृह चंबा में जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य हाल ही में गठित जिला स्तरीय इकाई और महाविद्यालयों के लिए घोषित प्रभारी सदस्यों को आगामी कार्यों के लिए दिशा–निर्देश देना था।

मुकेश शर्मा ने बताया कि एनएसयूआई जल्द ही हर कॉलेज में सक्रिय भूमिका निभाएगी और छात्रों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया एवं सदर चंबा विधायक नीरज नैय्यर से भेंट कर संगठन की आगामी रणनीति पर भी विचार–विमर्श किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष कार्तिक चंदन मिन्हास, महासचिव पंकज, तथा कॉलेज इकाई के सदस्य यमन, रोशन, मिंटू सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मुकेश शर्मा ने कहा, एनएसयूआई हर कॉलेज और जिले में छात्रों की ताकत बनेगी और उनके हक की आवाज बुलंद करेगी।



बैठक के दौरान मौजूद एनएसयूआई के कार्यकर्ता व अन्य।

**राष्ट्रीय छात्र संघ चंबा की बैठक आयोजित**

# सरोल में बार से 19 पेटियां शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय के साथ लगती सरोल पंचायत में संचालित बार से अवैध रूप से रखीं पुलिस ने 19 पेटियां शराब की पकड़ीं। सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बार में दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को 19 पेटियां देसी शराब की बरामद हुईं। इस शराब को बार में रखने से संबंधित कोई भी लाइसेंस संचालक के पास नहीं मिला। पुलिस ने शराब को अपने कब्जे में लिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि जिले में अवैध तरीके से बिकने वाली शराब को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। रोजाना पुलिस की टीमें दबिश देकर अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई कर रही हैं।

# मिंधा पहलवान ने किया बड़ी माली पर कब्जा

**तलविंद्र सिंह, अनंत ज्ञान**



**डलहौजी।** माता पोहलानी मेला कमेटी बारह पत्थर द्वारा आयोजित दंगल मेले के दौरान लगभग 70 मुकाबला करवाए गए, जिसमें पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर के पहलवानों ने हिस्सा लिया राउंड आधार पर करवाए गए मुकाबले में युवा सितारा अंडर–19 प्रतियोगिता का खिताब देवराज सोनीपत ने शौकत डायनकुंड को हराकर प्राप्त किया, जबकि छोटी माली हरियाणा के संजय ने पठानकोट के बिट्टा को हराकर अपने नाम की।

बड़ी माली के विजेता मिंधा पहलवान पठानकोट ने सोमवीर हरियाणा को हराकर खिताब अपने नाम किया अंडर–19 प्रतियोगिता केग्यारह हजार के पुरस्कार ठेकेदार करमचंद द्वारा छोटी माली के पुरस्कार इक्कीस हजार रुपए राहुल उपमन्यु द्वारा तथा बड़ी माली के पुरस्कार विजेता और उपविजेता को 31 हजार रुपए की राशि शिव शक्ति यूथ क्लब के प्रधान प्रवीण टंडन द्वारा प्रायोजित किए गए।

इस अवसर पर शिव शक्ति यूथ क्लब द्वारा अखाड़ा स्थल और इसके प्रांगण में तिरंगे फहराकर भारत माता को नमन किया गया। मेला कमेटी के अध्यक्ष मदनलाल, उपाध्यक्ष राजकुमार, महासचिव करतार सिंह, सचिव प्रदीप कुमार और कोषाध्यक्ष अजय कपूर ने आई हुई समस्त जनता का हार्दिक आभार किया और मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले समस्त लोगों का हार्दिक धन्यवाद किया। मेला कमेटी के पूर्व प्रधान प्रेम राज कपूर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मिले के दौरान उपस्थित रहे कुश्तियां अजय कुमार, रमेश ठाकुर, शमशेर ठाकुर और राजकुमार की निगरानी में करवाई गई।

# सर्जन और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉक्टरों की हुई तैनाती : पवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नागरिक अस्पताल सरकाघाट में वर्षों से लंबित विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग अब पूरी हो गई है। सोमवार को सर्जन और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ ने अस्पताल में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। इससे पहले यहां मेडिसियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ और मनोचिकित्सक पहले ही अपनी सेवाएं आरंभ कर चुके हैं।

अब लोगों को उपचार के लिए मंडी या अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट के कांग्रेस प्रत्याशी पवन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आशीर्वाद और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि करीब 16–17 वर्षों के बाद यह पहला अवसर है जब नागरिक अस्पताल सरकाघाट में सभी प्रमुख विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात हुए हैं। पवन ठाकुर ने यह भी बताया कि बहुत जल्द यहां रेडियोलॉजिस्ट की भी तैनाती की जा रही है, जिससे अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध होंगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

# समय पर पेंशन न आने से कर्मचारी परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सोमवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम सेवानिवृत्ति कल्याण मंच चंबा की मासिक बैठक पुराना बस अड्डा सपड़ी में अध्यक्ष ठाकुर दीवान चंद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की प्रमुख समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष सरवन शर्मा ने बताया की हमारी पेंशन महीने में कभी समय पर नहीं पड़ी है।

पेंशन कभी 15 तारीख को दी जाती है कभी 22 को दी जाती है। यह अनियमित पेंशन सेवानिवृत्ति कर्मचारियों की परेशानी का कारण बन रही है। परिवार में जिसका मात्र एक ही सहारा पेंशन है उनके लिए परिवार का पालन पोषण मुश्किल हो गया है। मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष शक्ति प्रसाद ने बताया की हमारा डिए लंबित है, मेडिकल बिल नहीं दिए जा रहे हैं, जो कर्मचारी 65–70–75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं उनकी 5–10–15 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी नहीं की गई है 2016 का वेतन वृद्धि संशोधन का एरिया भी अभी तक नहीं मिला है, इसलिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों में बहुत रोष व्यापत है।

सेवानिवृत्त कल्याण मंच चंबा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र जसरोटिया ने बताया कि हिमाचल पथ परिवहन चंबा डीपो की बसे रोज कहीं न कहीं रास्ते में खड़ी हो रही हैं। ऐसे में जमुहार, जोत, पनेला आदि रुट पर लोग आधे रास्ते में परेशान हो रहे हैं। अता प्रबंधक परिवहन निगम चम्बा से यह मांग की गई बसों की ब्रेकडाउन रोकने के लिए प्रयास करें। बैठक में कस्तूरी लाल, सुखदेव, महिला अध्यक्ष नारायणी देवी, प्रकाश, जय प्रकाश, देशराज, बद्री राम, कर्म चंद, शराफत मुहम्मद, विक्रम, अश्वनी, जय चंद, गंगू राम, आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी।

### सूडोकु नवताल- 7456

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7455 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सोमवार को जुन्गा और भड़ेच में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सीपीआई के वैज्ञानिकों ने किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों बारे जानकारी और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

कृषि एसएमएस डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पूरे देश के सात सौ जिलों में डेढ करोड़ किसानों के साथ कृषि व बागवानी विशेषज्ञों द्वारा फील्ड में जाकर सीधा संवाद किया जाएगा। जिसके लिए 2170 टीमें गठित की गई है। इसी प्रकार के शिविर मशोबरा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में सीपीआरआई के वैज्ञानिक डॉ. कैलाश, डॉ. विकास मंगल, डॉ. तनुजा, और बागवानी विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता ने किसानों को कृषि और बागवानी संबधी जानकारी दी गई।

डॉ. सुनील ने बताया कि इन शिविरों में सीपीआरआई के वैज्ञानिकों ने किसानों को आलू उत्पादन बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने किसानों को जुन्गा क्षेत्र में आलू उत्पादन के लिए उपयुक्त किस्म व रखरखाव बारे जानकारी दी गई। जबकि बागवानी विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता ने किसानों को ड्रिप सिंचाई योजना, पॉली हॉउस लगाने के अतिरिक्त किवी और सेब उत्पादन बारे जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मांग के अनुरूप किसानों को फलदार पौधे विभाग द्वारा उपदान पर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# शिमला में सात दिवसीय 'श्रीकृष्ण कथा' आज से

**अनंत ज्ञान, शिमला**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान शिमला में 10 से 16 जून तक श्री राम मंदिर, राम बाजार में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का आयोजन कर रहा है।

स्वामी धीरानंद के अनुसार, इस कथा का उद्देश्य प्रभु कृष्ण की लीलाओं और उनके भक्तों की गाथाओं के माध्यम से आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर करना है। कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी, जिसमें साध्वी सुश्री रूपेश्वरी भारती जी कथा व्यास के रूप में उपस्थित रहेंगी। 10 जून को सुबह 10 बजे राम मंदिर से एक विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। साध्वी गार्गी भारती जी ने मातृ शक्ति से इस कलश यात्रा में पीतांबर वस्त्र धारण कर शामिल होने का आह्वान किया है। यह आयोजन शिमला के निवासियों को अध्यात्म, विज्ञान और भक्ति रस का अनुभव प्रदान करेगा।

## अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

10 जून, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : ज्येष्ठ, **तिथि** चतुर्थी (21:23): **नक्षत्र** पुनर्वसु (21:29), **पक्ष:** शुक्ल, **योग** : सिद्ध (13:45) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:52-12:48), **राहुकाल** (03:00-04:30)।

**विशेष दिन**

- 10 जून 2025 : नेत्रदान दिवस कल।
- 10 जून 2025 : चन्द्र पूर्णिमा व्रत कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृषभ:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मिथुन:** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**कर्क:** अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिश्रम लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह :** संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**तुला:** खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु:** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**मीन :** पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**समस्या** महिला मंडल ने सूखे पेड़ों को कटवाने की उठाई पुरजोर मांग

# हराबाग में हादसे को न्योता दे रहे सूखे पेड़

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

उपमंडल जोगिंद्रनगर के हराबाग क्षेत्र में सूखे और झुके हुए पेड़ स्थानीय लोगों के लिए खतरे का कारण बनते जा रहे हैं। मां शीतला महिला मंडल, अवायर हराबाग की महिलाओं ने सोमवार को एसडीएम जोगिंद्रनगर को ज्ञापन सौंपकर इन पेड़ों को तुरंत हटवाने की मांग की।

महिला मंडल की अध्यक्ष वंदना शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि अपर हराबाग क्षेत्र में सड़क किनारे और घरों के पास कई पेड़ खतरनाक स्थिति में खड़े हैं, जो तेज हवा या बारिश के दौरान कभी भी गिर सकते हैं। इससे न सिर्फ जानमाल का नुकसान हो सकता है बल्कि आए दिन क्षेत्रवासियों को दहशत में रहना पड़ रहा है। महिलाओं ने यह भी बताया कि इन पेड़ों की जड़ें कमजोर हो चुकी हैं और कई पेड़ झुक चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में पहले भी ग्राम पंचायत को अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। महिला मंडल की सचिव सुनीता ने कहा कि क्षेत्र में अक्सर तेज हवाएं चलती हैं, जिससे पेड़ों के गिरने का खतरा और अधिक बढ़ गया है।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इन पेड़ों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई करेगा।



सूखे पेड़ कटवाने की मांग करती महिलाएं।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, पिंगला देवी** पत्नी यशपाल निवासी गांव लूणा लोट डाकघर तान्दी उप–तहसील नित्थर जिला कुल्लू हि.प्र., हलफिया बयान करती हूं कि मेरी पुत्री का स्कूल और पंचायत रिकॉर्ड के अनुसार सही नाम रीतिका ठाकुर और जन्म तिथि 06–06–2008 है। जबकि उसके आधार कार्ड क्रमांक न. 4777 7152 7087 में पुत्री का नाम गलती से गीतिका ठाकुर व जन्म तिथि 01–01–2007 लिखा गया है। जिसे आधार कार्ड में ठीक कर रीतिका ठाकुर और जन्मतिथि 06–06–2008 अपडेट किया जाए।

एक समय में एक काम करो, ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकि सबकुछ भूल जाओ। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# देशद्रोह और सुरक्षा

हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने देश के प्रति वफादारी निभाए, उसके सम्मान और अखंडता की रक्षा करे, लेकिन जब कोई व्यक्ति अपने आचरण या वक्तव्यों से देश की एकता, अखंडता या सम्मान को चोट पहुंचाता है, तब यह एक गंभीर अपराध बन जाता है, जिसे भारतीय दंड संहिता में देशद्रोह कहा गया है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में घटित एक ऐसा ही मामला पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के लिए चिंता का विषय बन गया है। पांवटा साहिब से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी एक युवक सुलेमान को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वह पांवटा साहिब में सब्जी की रेहड़ी लगाकर जीवनयापन कर रहा था, लेकिन उसने सोशल मीडिया पर एक ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट साझा की जिसमें टूटे हुए विमान के टुकड़ों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान जिंदाबाद जैसे नारों का जिक्र किया गया। यह पोस्ट न केवल प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक मानी गई, बल्कि देश विरोधी भावनाएं भड़काने वाली भी समझी गई। सुलेमान पोस्ट डालने के बाद फरार हो गया और बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसकी मंशा क्या थी यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन उसके कृत्य को पुलिस ने देशद्रोह से जोड़कर देखा है और देश की सुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द को खतरे में डालने की आशंका के चलते यह कार्रवाई की गई।

भारतीय दंड संहिता की धारा 124 के तहत देशद्रोह को परिभाषित किया गया है। इसके अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति सरकार के खिलाफ घृणा, अवमानना या विद्रोह फैलाने की कोशिश करता है या वह ऐसा कोई भाषण, लेख, प्रतीक या अन्य सामग्री साझा करता है जिससे देश की संप्रभुता और अखंडता को ठेस पहुंचती हो, तो वह व्यक्ति देशद्रोह का दोषी माना जा सकता है। देशद्रोह सिर्फ गोपनीय जानकारी दुश्मन देश को देना नहीं होता, जैसा आमतौर पर लोग समझते हैं, बल्कि किसी भी तरह से देश के प्रति घृणा या असंतोष भड़काने का प्रयास करना भी इसमें शामिल होता है। सोशल मीडिया आज एक ताकतवर माध्यम बन गया है, जहां कोई भी व्यक्ति अपनी बात सार्वजनिक रूप से कह सकता है, लेकिन इस स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट लाखों लोगों तक कुछ ही मिनटों में पहुंच जाती है और यदि वह पोस्ट उकसाने वाली हो, देश विरोधी हो या धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली हो, तो वह कानून व्यवस्था के लिए खतरा बन सकती है। सुलेमान की ओर से साझा की गई पोस्ट न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना थी, बल्कि इससे देशभक्त नागरिकों की भावनाएं भी आहत हुईं।

भारत में रहते हुए, भारत सरकार और सेना की निंदा करते हुए पाकिस्तान की सराहना करना एक प्रकार से देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। इस प्रकार के मामलों से निपटने में पुलिस की भूमिका अत्यंत संवेदनशील और सतर्क रहने की होती है। पुलिस को शीघ्रता से कार्रवाई करनी चाहिए। केवल प्रशासन ही नहीं, समाज की भी यह जिम्मेदारी है कि इस प्रकार की गतिविधियों के खिलाफ खड़ा हो। नागरिकों को जागरूक होना चाहिए कि सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझकर करें। कोई देश विरोधी गतिविधि नजर आए, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। अपने बच्चों और युवाओं को देश प्रेम, संविधान और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में शिक्षित करें। भारत की विविधता ही इसकी असली ताकत है, लेकिन जब कोई इस विविधता का दुरुपयोग कर देश को बांटने की कोशिश करता है, तब यह राष्ट्र के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। अगर देश नहीं होगा, तो हम सब भी नहीं होंगे। इसलिए देश से बड़ा कोई धर्म, जाति या विचारधारा नहीं हो सकती।

हमें यह समझना होगा कि भारत की आलोचना और देशद्रोह में अंतर होता है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना जायज है, लेकिन देश को गाली देना या दुश्मन देशों का समर्थन करना कदापि उचित नहीं है। यह न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि नैतिक रूप से भी घोर आपत्तिजनक है। हिमाचल प्रदेश, जिसे आमतौर पर शांत और भोले-भाले लोगों का क्षेत्र माना जाता है, अब ऐसे मामलों से अछूता नहीं रहा है। बाहर से आकर रहने वाले लोगों की पृष्ठभूमि की जांच, पहचान पत्रों की जांच और किरायेदारों का पंजीकरण इन मामलों में काफी अहम हो जाते हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह सभी प्रवासियों का सत्यापन करे। स्थानीय लोगों को सतर्क बनाए कि वह अजनबियों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। धार्मिक और राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे। देशद्रोह जैसे गंभीर अपराध समाज में अविश्वास और असुरक्षा का वातावरण पैदा करते हैं। सुलेमान का मामला अकेला नहीं है, बल्कि यह एक चेतावनी है कि हमें और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। भारत की अखंडता, गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखना हम सभी का प्रथम कर्तव्य है। ■

# मोदी युग ने गढ़ी नए भारत की विकसित तस्वीर



मोदी सरकार के 11 साल पर विशेष


लेखक : पीयूष गोयल
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत एक अहम मोड़ पर खड़ा था। एक ऐसा देश, जहां आकांक्षाएं तो थीं, लेकिन उनके पूरे होने की दिशा स्पष्ट नहीं थी, लेकिन बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस दिशा और गति से विकास की यात्रा तय की है, वह आज 'न्यू इंडिया' के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर और वैश्विक मंच पर अपनी स्पष्ट आवाज रखने वाला राष्ट्र है। इस बदलाव की शुरुआत गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने से हुई। आजादी के छह दशकों बाद भी भारतवासी घर, शौचालय, जल और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। इस दिशा में पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर और शौचालय बनाकर दिए गए।

उज्ज्वला योजना के माध्यम से निशुल्क गैस कनेक्शन देकर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई जबकि आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाओं ने गरीबों को ₹5 लाख तक की बीमा सुरक्षा देकर उन्हें आर्थिक आपदा से बचाया। हर घर जल अभियान के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया। ये योजनाएं सिर्फ कागजों की नीतियां नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत में तब्दील होकर आम जनजीवन का बदल चुकी हैं। जन धन योजना के माध्यम से आजादी के बाद पहली बार करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे देश में आर्थिक समावेशन को मजबूती मिली है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी भारत ने ऐतिहासिक प्रगति की है। जिन गांवों में कभी बिजली और पक्की सड़कें एक सपना हुआ करती थीं, वहां अब सोलर लाइटें जलती हैं। दूर-दराज गांवों की राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन और मेट्रो परियोजनाओं ने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत की यह विकास यात्रा डिजिटल रूप से भी क्रांतिकारी रही है। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया और यूपीआई ने आज भारत को दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बना दिया है। आधार, मोबाइल और जनधन की 'त्रिमूर्ति' ने डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर को सहज बनाते हुए भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को लगभग समाप्त कर दिया। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। महिला सशक्तिकरण नरेंद्र मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर मातृत्व अवकाश में वृद्धि और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं और बेटियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किया है।

एनडीए और भारतीय सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन जैसी पहलों ने यह साबित किया कि सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण केवल स्लोगन नहीं, बल्कि नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बन चुका है। कृषि प्रधान देश होने के बावजूद देश का कृषि क्षेत्र लंबे समय तक उपेक्षित रहा, सरकारों के तमाम कागजी दावों के उलट स्थिति ये थी कि किसान खेती छोड़कर नौकरी के लिए पलायन करने को मजबूर थे। बीते एक दशक में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आए। आज पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के हर छोटे किसान को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जा रही है। फसल बीमा योजना, ई-नाम पोर्टल, माइक्रो सिंचाई योजनाएं, और ड्रोन टेक्नोलॉजी के प्रयोग ने कृषि को सिर्फ उपज की दृष्टि से नहीं, बल्कि आय के स्रोत के रूप में मजबूत किया गया है। इसी तरह शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक पहल की गई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में गुणात्मक परिवर्तन आए। मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा, कौशल आधारित शिक्षा और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा, स्वयम, और पीएम ई-विद्या ने शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाया है।

स्किल इंडिया के अंतर्गत लाखों युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बन रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान जो साहसिक और तेज निर्णय लिए, वे पूरी दुनिया में सराहे गए। स्वदेशी वैक्सीन निर्माण और कोविन पोर्टल का सफल संचालन यह दर्शाता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, तकनीक और विज्ञान का निर्माता भी है। साथ ही फिट इंडिया, योग दिवस और आयुष मंत्रालय की सक्रियता ने भारतीय जीवनशैली को फिर से प्रासंगिक बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी की 'लोकल को ग्लोबल' बनाने की दूरदर्शी सोच ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से घरेलू उद्योगों और नवाचारों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उतारने की शक्ति दी है। भारत आज तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है, और पीएलआई स्कीम जैसे प्रोत्साहनों मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और रक्षा विनिर्माण में भी भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है। दशकों तक बुनियादी ढांचा निर्माण के क्षेत्र में उस प्रगति से कार्य नहीं हुए जिसकी देश को जरूरत थी। बीते एक दशक में भारत माला, सागर माला, और उड़ान जैसी योजनाओं ने देश के दूरस्त इलाकों को सड़क, रेल, जल और वायु मार्गों से जोड़ने में नई ऊंचाई दी है।

वंदे भारत ट्रेनें, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और रेलवे के विद्युतीकरण से न केवल यात्रा की गति बढ़ी है, बल्कि यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल भी बनाया गया है। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व आत्मनिर्भरता दिखाई है। दशकों से लंबित वन रैंक, वन पेंशन लागू हुआ, ब्रह्मोस, आकाश जैसे रक्षा उपकरणों से सेनाओं की न सिर्फ ताकत बढ़ी, बल्कि भारत दुनिया में हथियार निर्यात भी कर रहा है। विक्रांत का निर्माण, अग्नि मिसाइलों की श्रृंखला और सीमा पर तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। एक ओर जहां आर्थिक और तकनीकी विकास हुआ, वहीं सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण ने भी समाज में नई चेतना पैदा की है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ पुनर्निर्माण जैसे प्रकल्पों ने सांस्कृतिक आस्था को सम्मान और भव्यता दोनों दिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का संकल्प लिया था वह अब सिर्फ एक नारा नहीं, भारत की पहचान बन चुका है। यह सिद्धि केवल सरकार की नहीं, हर उस नागरिक की है जिसने इस संकल्प में आस्था रखी और यही 21वीं सदी के भारत का असली परिचय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल : आखिर कितने तैयार हैं हम?


लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

जब धरती डगमगाती है, तब सिर्फ दीवारें नहीं गिरतीं, हमारी तैयारियों की असलियत भी सामने आ जाती है। सवाल सिर्फ यह नहीं कि भूकंप आएगा या नहीं, सवाल यह है कि क्या हम उसके लिए सच में तैयार हैं? हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियां जहां पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करती हैं, वहीं इसकी भौगोलिक संवेदनशीलता निरंतर सतर्कता की मांग करती है।

पर्वतीय राज्य होने के कारण यह प्रदेश भूकंप की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। हिमाचल का एक बड़ा भू-भाग सिस्मिक जोन IV और V में आता है, जो भूकंप की तीव्रता और प्रभाव की दृष्टि से सर्वाधिक जोखिमयुक्त माने जाते हैं। ऐसे में आपदा से पूर्व की तैयारी, प्रशिक्षण और जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक हो जाती है। इसी क्रम में 6 जून 2025 को हिमाचल प्रदेश में आयोजित की गई राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल जो प्रदेश की नवमी ऐसी कवायद थी एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह मॉक ड्रिल विशेष रूप से भूकंप आपदा पर केंद्रित रही।

इसका उद्देश्य केवल तकनीकी अभ्यास तक सीमित नहीं था, बल्कि आपदा की स्थिति में समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयासों को परखना, सुधारना और सुदृढ़ बनाना था। इस ड्रिल के माध्यम से हिमाचल सरकार ने अपनी व्यवस्थागत तैयारियों का मूल्यांकन किया और आम नागरिकों को यह स्पष्ट संदेश दिया कि आपदा प्रबंधन एक साझा जिम्मेदारी है। यदि प्रदेश के भूकंपीय इतिहास पर दृष्टि डालें, तो



1905 का कांगड़ा भूकंप आज भी एक भयावह स्मृति के रूप में दर्ज है, जिसमें 20,000 से अधिक जानें गई थीं। बीते वर्षों में मंडी, चंबा, शिमला और सिरमौर जैसे जिलों में समय-समय पर आने वाले झटके यह संकेत देते हैं कि राज्य अब भी गंभीर खतरे की जद में है।

दुर्भाग्यवश, आज भी अनेक सरकारी और निजी भवन ऐसे हैं जो भूकंपीय मानकों के अनुरूप नहीं बने हैं। साथ ही, अनियंत्रित शहरीकरण, पुरानी संरचनाएं और निर्माण संबंधी लापरवाही आपदा की स्थिति में जान-माल के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो सकती हैं। इन्हीं जमीनी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस मॉक ड्रिल को प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ संचालित किया गया।

इसका समन्वय राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा किया गया। इस महत्त्वपूर्ण अभ्यास में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, नागरिक सुरक्षा संगठन तथा स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, बाजारों और पंचायत स्तर तक व्यापक जनभागीदारी देखी गई। इस मॉक ड्रिल की विशेषता इसका 'रियल टाइम सिमुलेशन' रहा, जिसमें भूकंप के तत्काल बाद उत्पन्न होने वाले परिदृश्य को यथासंभव यथार्थ रूप में प्रदर्शित किया गया। इसमें घायलों की प्राथमिक चिकित्सा, भवनों से सुरक्षित निकासी, आपातकालीन संचार प्रणाली और राहत-बचाव कार्यों की त्वरित प्रतिक्रिया जैसे महत्त्वपूर्ण घटकों को शामिल किया गया।

इस अभ्यास के माध्यम से यह परखा गया कि आपदा के समय संसाधनों की तैनाती कितनी प्रभावी है और विभागीय समन्वय कितना मजबूत है। भूकंप जैसी आपदाओं में समय ही सबसे महत्त्वपूर्ण कारक होता है। भविष्य में जब कभी धरती कांपे, तब यह प्रदेश डरे नहीं, तैयार हो और यह तैयारी तभी संभव है जब हर नागरिक यह समझे कि 'भूकंप के समय मेरी जिम्मेदारी क्या है?' तभी हम उस दिन की कल्पना कर सकते हैं, जब हिमाचल भूकंपों के सामने अजेय और अडिग खड़ा रहेगा—सजग, सशक्त और सक्षम।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**विश्व** पर्यावरण दिवस हर देश में मनाया गया, लेकिन इस दिवस को मनाने का औचित्य तभी सार्थक हो सकता है जब हर व्यक्ति पर्यावरण के प्रति संजीदा हो। हिमाचल में प्लास्टिक का कचरा फैलाने या फिर उसका उपयोग करने वालों का चालान काटने तक के लिए ऐप लांच किया गया, लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐप से चालान काटने से प्लास्टिक पर नियंत्रण हो पाएगा? जो पर्यटक हिमाचल आकर जहां-तहां कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक की बोतलें फेंककर चले जाते हैं उनका क्या? इस तरह के प्लास्टिक वेस्ट को ठिकाने लगाने के लिए सरकार के पास क्या कोई ठोस योजना है? हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का असल उद्देश्य है लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और पृथ्वी के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाना। यह दिन तभी सार्थक हो सकता है जब इसे केवल व्यवहारिक स्तर पर क्रियान्वित किया जाए। **केवल सिंह, कांगड़ा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के एथलीट

**देवेंद्र** झाझरिया भारत के एथलीट हैं। उन्होंने ब्राजील के शहर रियो में आयोजित पैरालंपिक खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पैरालंपिक में यह उनका दूसरा स्वर्ण पदक रहा। 12 साल पहले 2004 के एथेंस पैरालंपिक में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया था। वे एक पेड़ पर चढ़ रहे थे कि तभी उनका हाथ बिजली के तार से जा टकराया। 11000 वोल्ट के करंट के कारण पूरा हाथ झुलस गया। तमाम कोशिशों के बावजूद देवेंद्र का बायां हाथ काटना पड़ा और यह उनके और उनके परिवार के लिए किसी वज्रपात से काम नहीं था। देवेंद्र का हाथ कटा, लेकिन इसके बाद भी उनके अंदर जीने का जज्बा बना रहा, उनके मनोबल ने उनके घरवालों को हिम्मत दी और देवेंद्र ने एथलीट की दुनिया में करियर बनाने का फैसला किया। देवेंद्र झाझरिया को 2004 में 'अर्जुन पुरस्कार' और 2012 में 'पद्मश्री पुरस्कार' से नवाजा जा चुका है। वे पहले ऐसे पैराओलंपियन खिलाड़ी हैं, जिन्हें पद्मश्री का खिताब मिला है। वर्ष 2017 में उन्हें 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न' से भी सम्मानित किया गया। ■


देवेंद्र झाझरिया
जन्म : 10 जून, 1981

## कविता



# नेत्रदान की अलख जगाएं...!

संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)

*इस दुनिया में नेत्रदान की अलख जगाएं,*
*छाया अंधकार उसे रोशनी में बदल पाएं।*
*हम अपनी आंखों से देखते रहेंगे ये जहां,*
*ये नेत्रहीन आंखों बिन दुनिया देखें कहां।*
*उनके जीवन को रोशन करने प्रयास करें,*
*एक नेत्रदान से जीवन भी रंगों से भर दें।*
*इस दुनिया में नेत्रदान की अलख जगाएं,*
*छाया अंधकार उसे रोशनी में बदल पाएं।*
*भारत में नेत्रहीनता की समस्या है गंभीर,*
*नेत्र प्रत्यारोपण के प्रति हो जाओ अधीर।*
*जीवन में उजाला भरने का संकल्प करों,*
*नेत्रदान का पुण्य जीवन में सार्थक करों।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सामान्य मौतों से ज्यादा सड़क हादसों में होने वाली मौतों की संख्या


लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

प्रतिदिन देश में सामान्य मौतों से इतने लोग नहीं मरते जितने प्रतिदिन सड़क हादसों में मौतें हो रही हैं परिवार के परिवार मारे जा रहे हैं अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे हैं। हादसों में मौतों की इस वृद्धि को रोकना होगा। अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर सड़क हादसे लापरवाही और नशा करके ड्राइविंग कर रहे हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे। यातायात के नियमों का सही तरीके से पालन किया जाए, तो सड़क हादसों में होने वाली मौतें रुक सकती हैं।

देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढ़ती जा रही है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। जागरूकता अभियान चलाने होगें। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतु करोडों रुपए बहाया जाता है। मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए, तो देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है, मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे हैं।

देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है। देश में इतने भीषण हादसे हो रहे हैं कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नींद सो रहे हैं। प्रतिदिन हादसों में लोग मारे जा रह हैं। पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए जाते हैं। मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योंकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते हैं और यातयात नियमों का उल्लंघन करते हैं और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं देश में हर चार



मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। शराब पीकर वाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखों लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। हादसों की सूची बढ़ती ही जा रही है। आज करोड़ों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है, मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालों की संख्या कम है, क्योंकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता।

पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं, मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हेलमेट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनों को हवा में चलाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाइसेंस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते हैं नतीजतन खुद ही मौत को दावत देते हैं। भले ही पुलिस यंत्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है, मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पेट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं। लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं। मावन जीवन को बचाना होगा, क्योंकि मानव जीवन दुर्लभ है। बेलगाम हो रहे यातायात पर लगाम लगाना सरकार व प्रशासन का कर्तव्य है लोगों को भी इसमें सहयोग करना होगा, तभी इस समस्या का स्थायी हल हो सकता है। यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते हैं तो सड़कों पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...



**हर** साल 10 जून को विश्व नेत्रदान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना है। यह दिन तभी सार्थक बन सकता है जब हम नेत्रदान के महत्व को समझें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। आज भी कई लोग धार्मिक भ्रांतियों या सामाजिक कारणों से अंगदान, विशेषकर नेत्रदान से हिचकिचाते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि मृत्यु के बाद शरीर के अंगों का दान करने से मोक्ष नहीं मिलता, जबकि यह धारणा पूर्णत: गलत है। मरणोपरांत भी यदि आपकी आंखें किसी नेत्रहीन व्यक्ति की दुनिया रोशन कर सकती हैं, तो इससे बड़ा पुण्य और कोई नहीं हो सकता। यह न केवल किसी की जिंदगी में उजाला लाती हैं, बल्कि आपकी आंखों को अमरता भी प्रदान करती हैं। नेत्रदान करके आप किसी के अंधकारमय जीवन में रोशनी की किरण बन सकते हैं। आइए, नेत्रदान का संकल्प लें और इस नेक कार्य को बढ़ावा दें।

**-धनी राम**
**नगरोटा बगवां, वार्ड नं. 7**



**मैं** सत्या देवी जिला ऊना के गांव मतोह पंचायत सिहाना की स्थायी निवासी हूं। गृहिणी होने के साथ-साथ गांव की जिम्मेदार नागरिक भी हूं। इस क्षेत्र में परिवहन सुविधा सामान्य से भी कम है, उपमंडल तक पहुंचने में भी बहुत दिक्कत होती है, एक सरकारी बस के सहारे ही हमारा इलाका टिका हुआ है। सुबह ऊना रेलवे स्टेशन जाने के लिए कोई भी बस सुविधा नहीं है, जिसके लिए सरकार व विभाग शायद प्रयास नहीं करता है, अगर सुबह 3.30 या 4 बजे बस सुविधा का प्रावधान हो जाए तो लोगों को टैक्सी करके नहीं जाना पड़ेगा, अगर कोई बीमार हो जाए, तो भी बस की सुविधा नहीं है। सड़कों की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है, लेकिन बहुत धीमी गति से हो रहा है। महोदय जी हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यहां पर जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव मतोह के साथ लगते गांव कोट, चमियाडी, डोलू, सिहाना, जडाना, जरोला, जटेहडी, चामुखा आदि पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों, सूअरों और नील गउओं की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। कई दफा बारिश अधिक या कम होने से फसल प्रभावित होती है। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित भी होते हैं, लेकिन अखबार का डिजिटल संस्करण ही पढ़ना पड़ता है। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा, किंतु अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा उपमंडल मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि कोट, चमियाडी, डोलू, सिहाना, जडाना, जरोला, जटेहडी , चामुखा में अगर कोई व्यवस्था हो जाए तो इन रूट पर समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। यहां क्र षि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं, इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ते हैं। कभी-कभी प्रिंट भी मिल जाता है।

**-सत्या देवी**
**मो. 7018600549**



**नगर** परिषद चंबा की बेहद लापरवाही अपने 32 साल के लेखन और स्वतंत्र पत्रकारिता के जीवन में मैंने 'नगर परिषद चंबा' जैसा निकम्मा, लापरवाह और बहानेबाज प्राधिकार देश में कभी नहीं देखा, यह निश्चित रूप से नैतिक भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा तो है ही। सैकड़ों बार लिखित, ई-मेल से और मौखिक रूप से समस्याएं तथा सूचनाएं उपलब्ध करवा देने के पश्चात् भी 'नगर परिषद चंबा' के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उचित कार्रवाई न करने का रिकॉर्ड बेहद चिंताजनक और दु:खद भी है। मेरे व्यक्तिगत अनुभव के अनुसार तो 'नगर परिषद चंबा' द्वारा धरातल ( विशेष स्थल) पर कार्य करने का रिकॉर्ड तो तकरीबन शून्य, सिफर, जीरो ही है। चंबा के हजारों लोग 'नगर परिषद चंबा' के निकम्मेपन, उदासीनता और लापरवाही से बहुत ही ज्यादा परेशान हो चुके हैं। माननीय हिमाचल प्रदेश सरकार से निवेदन है कि इस विषय में अब तुरंत, ठोस, सशक्त और प्रभावी कार्रवाई की जाए।

**-मुमुक्षु के. ठाकुर**
**मोहल्ला ओबड़ी, चंबा, ( हि.प्र. )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# खडीहार पंचायत में पानी का संकट

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

गर्मियों की दस्तक के साथ ही जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत खडीहार में पेयजल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। पानी की भीषण किल्लत से परेशान ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। सोमवार को पंचायत के उपप्रधान रिटायर्ड कर्नल मस्त राम के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम जोगिंद्रनगर से भेंट की और पानी की समस्या के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

उपप्रधान मस्त राम ने बताया कि गांव में बीते कई दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ी है। गांव में पानी की सप्लाई पहले एक खुले नाले से की जा रही थी, लेकिन गर्मी बढ़ने के साथ-साथ वह नाला भी सूख गया है। उस नाले के पानी में साफ-सफाई का कोई प्रबंध नहीं था, जिससे स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों का खतरा भी हमेशा बना रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि गांव में वर्षों पहले दो पाइप लाइनों को बिछाया गया था, लेकिन लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद उन पाइप लाइनों से आज तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। यह व्यवस्था केवल कागजों में ही सिमट कर रह गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की आपूर्ति बहाल करने के लिए जल्द से जल्द ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

# ढरांगण गांव में रिवर बीच कैंप साइट जलकर राख

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** चौहार घाटी व छोटाभंगाल घाटी में आगजनी की घटना का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जानकारी के अनुसार बरोट पंचायत के ढरांगण गांव के चमन लाल सपुत्र मती राम अपनी निजी भूमि पर बनाया गया रिवर बीच कैंप साइट में रविवार को अचानक भीषण आग लगने से जलकर राख हो गया।

गौरतलब है कि इसी वर्ष ही 16 फरवरी को बरोट पंचायत के लंबाडग बाजार में पांच दुकानें और 23 मार्च को लक्कड़ बाजार बरोट में आग लगाने से लकड़ी के दो खोखे और उसमें दुनाकादारों द्वारा रखा गया सारा सामान भी जल जाने के साथ आसपास की अन्य चार दुकानों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित चमन लाल ने बताया कि यह भीषण आग रसोई में रखे गैस सिलेंडर के लिक होने से लगी है।

पंचायत के प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर, पटवार वृत्त ढरांगण के पटवारी रोहित ठाकुर तथा पुलिस चौकी टिक्कन ने नुकसान का जायजा लिया।

ढरांगण वृत्त के पटवारी रोहित ठाकुर के अनुसार पीड़ित चमन लाल का इस भीषण आग से कुल 38 लाख 93 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

# भोला बने महादंगल के चैंपियन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



मझियाठ केसरी लखदाता पीर कुश्ती महादंगल के चैंपियन को सम्मानित करते हुए चंद्रमोहन।

मझियाठ में महादंगल के आयोजन में भद्रोता क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य और समाजसेवी चंद्रमोहन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की वहां पहुंचते ही लोगों ने चंद्रमोहन शर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चंद्रमोहन शर्मा ने कहा कि नशा रूपी एक जहर जो कि दीमक की तरह हमारे समाज को खोखला करता जा रहा है, ऐसे में नशे के खिलाफ एवं नशा माफियों के खिलाफ मिलकर आगे आना होगा।

वहीं मझियाठ केसरी लखदाता पीर कुश्ती महादंगल 2025 के इस दंगल में भोला पहलवान ने रूनी पहलवान को हरा कर विजेता बने चंद्रमोहन शर्मा ने इस दंगल में आए देशभर के पहलवानों को सम्मानित किया। उन्होंने अपनी निजी धनराशि से दंगल कमेटी को 1 लाख 51 हजार अनुदान दिया और दंगल में मौजूद कई असहाय गरीब लोगों की 10-10 हजार रुपए देकर मदद प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने विशेष रूप से दंगल कमेटी के पदाधिकारियों और गो सेवकों बोधराज ठाकुर, मधु मोहन ठाकुर संतोष शर्मा, लीलू ठाकुर और अन्य सदस्यों का दिल की गहराइयों आभार व्यक्त किया।

### मझियाठ केसरी लखदाता पीर कुश्ती महादंगल के विजेता किए सम्मानित

विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व प्रधान रतन लाल वर्मा, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता श सरला देवी और राजकुमार ठाकुर मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पात्र मतदाता जल्द करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार सरकाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत छूटे हुए और नए पात्र मतदाताओं की पहचान एवं नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। राजकीय डिग्री कॉलेज, सरकाघाट के सभागार में आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और बीएलओ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। बैठक में बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को अपने मतदान क्षेत्र में जाकर मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण करने और किसी कारणवश अब तक मतदाता सूची में सम्मिलित न हुए सभी पात्र नागरिकों की पहचान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी बनाना है, इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। बैठक में महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए भी रणनीति तैयार की गई। इस दौरान सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में ऐसे छूटे हुए मतदाताओं की सूची तैयार करें और उनसे फॉर्म-6 तथा फॉर्म-7 समय पर भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि निर्धारित समय सीमा में संशोधित मतदाता सूची निर्वाचन आयोग को भेजी जा सके। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में सम्मिलित करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती का आधार है। इस कार्य को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ संपन्न करना सभी बीएलओ और पर्यवेक्षकों का कर्तव्य है।

### सरकाघाट स्कूल के होनहारों ने चमकाया क्षेत्र का नाम : अनीता



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला मंडी के सरकाघाट उपमंडल की बाल पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकाघाट के विद्यार्थियों ने मैट्रिक व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में राज्य स्तरीय साइंस क्विज व अखिल भारतीय अंडर-19 महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके स्कूल, माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सोमवार को स्कूल में इन होनहार बच्चों के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल प्रिंसिपल अनीता आजाद ने मैट्रिक परीक्षा में इशिता व सक्षम राणा तथा 12वीं परीक्षा में अर्शिता चंदेल व कशिश द्वारा मेरिट में आकर उन्हें सम्मानित किया व दूसरे बच्चों को भी उनके पद चिन्हों पर चलने की नसीहत दी।

### बग्गी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, सोलन तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में फनैरा वहली टौर की सतत आजीविका में भूमिका स्वास्थ्य, पर्यावरण, सांस्कृतिक संरक्षण और उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बग्गी पंचायत विकास खंड बल्ह जिला मंडी में किया गया। इस अवसर पर पौधे से संबंधित पारंपरिक लोकज्ञान, इसके पर्यावरणीय लाभों और स्वास्थ्य उपयोगिताओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमिता एवं ऑनलाइन विपणन पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि तौर से निर्मित प्लेटों और अन्य उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किस प्रकार बेचा जा सकता है।

### पधर में नंबरदार संघ की बैठक संपन्न

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** तहसील नंबरदार जन कल्याण संघ पधर की महत्वपूर्ण बैठक संघ के प्रधान संत राम की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन पधर में आयोजित हुई। बैठक में तहसील पधर के सभी नंबरदारों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया और संघ से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में संघ की मांगों को प्रदेश सरकार के समक्ष रखने के लिए जिला व प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी के साथ संयुक्त बैठक का मन आयोजन किया जाए। इसके तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की भेंट सुनिश्चित करने की रूपरेखा तय की जाए, ताकि नंबरदारों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जा सके। इस दौरान सभी ने अधिकारों की रक्षा हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### 11 जून को धर्मपुर में नशे के खिलाफ रोड रन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर नशा मुक्त अभियान के तहत सोमवार को धर्मपुर क्षेत्र नशा मुक्ति अभियान की बैठक में तय किया गया कि युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान के तहत युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने और नशे से दूर रखने के उद्देश्य 11 जून को अंडर-16 आयु 18 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों के लिए 2 व 4 किलोमीटर दौड़ का आयोजन धर्मपुर से केंद्रीय विद्यालय के बीच किया जाएगा। इस सड़क दौड़ में केवल धर्मपुर के नजदीकी इलाके के धावक ही भाग ले सकते हैं। दौड़ में पहले पांच स्थानों तक पहुंचने वालों को नगद ईनाम दिया जाएगा। इसके लिए आज डॉक्टर आईवी वर्मा की अध्यक्षता में सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। धर्मपुर में आयोजित बैठक में अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र सिह, पूर्व प्रचार्य रूपलाल, राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर के प्रिंसिपल सुरेंद्र सकलानी, महिला प्रधान सोमा देवी की धर्मपुर खंड ज्ञान विज्ञान समिति की कंचना देवी आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### आपदा जोखिम से निपटने के लिए सिखाए गुर

**लक्की, अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगशाड़ में नायब तहसीलदार बगशाड़ मेहर सिंह वर्मा की अध्यक्षता में शुरू हुई। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्राम पंचायत बगशाड़, शालग, कांडा व काहणों के 60 स्वयंसेवी प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। जिला प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से जिला की विभिन्न पंचायतों में प्रशिक्षण व जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि समय रहते लोगों को जागरूक कर आपदा जोखिम को कम किया जा सके। प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के ऊपर विस्तार से चर्चा की।

### वरिष्ठ पत्रकार अमन सूद के पिता का निधन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमन सूद के पिता कुलदीप चंद सूद का सोमवार को चंडीगढ़ में आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। इस दुखद समाचार से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। कुलदीप चंद सूद का अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव मैहला बैजनाथ में किया जाएगा। इस दुःखद अवसर पर प्रेस क्लब जोगिंद्रनगर के सभी सदस्यों, विधायक प्रकाश राणा, भाजपा प्रवक्ता पंकज जमवाल, कांग्रेस के पूर्व सचिव जीवन ठाकुर, राकेश धरवाल, विमला चौहान, राकेश चौहान, पूर्व मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र पाल, रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर, व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अमन सूद के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सड़क पर डंगे न लगने से लोगों में रोष, विभाग कर रहा हादसे का इंतजार

# पटड़ीघाट-चंदेश सड़क पर बढ़ रहा हादसों का खतरा

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



डंगे न होने पर सड़क पर निकलती बस खतरे को पार करती हुई।

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली पटड़ीघाट-गैहरा-चंदेश सड़क पर डंगे न लगने से स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

लगभग दो वर्ष पहले बरसात में सड़क के कई जगह पर डंगे गिर गए थे, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने अभी तक इन डंगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे वाहन चालकों व स्थानीय लोगों को सड़क पर यात्रा करने में परेशानी हो रही है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे लोग

**स्थानीय** लोगों में ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद, उपप्रधान वीरी सिंह, वार्ड पंच कांता देवी, गैहरा के प्रधान रूप लाल, भूप चंद, यस पाल, घनश्याम, सुरेंद्र, संजय कुमार, जोगिंद्र पाल, संदीप जसवाल, यसवंत कुमार, मित्र देव, विनय कुमार, रवि चंद, रोशन लाल, मोक्ष और ओम कार आदि का कहना है कि जाजर और मझेड़ गांव के पास सड़क की स्थिति बहुत खराब है और बसें भी मुश्किल से निकलती हैं। वाहन चालकों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है।

### विभाग की लापरवाही का परिणाम

**लोगों** का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण सड़क की स्थिति खराब हुई है। विभाग ने अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं किया है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

### जल्द होगा समस्या का समाधान : अनिल

**सहायक** अभियंता अनिल राणा ने बताया के की इस बारे में कनिष्ठ अभियंता भांबला से बात कर के जल्द ही सड़क के डंगे को ठीक किया जाएगा।

# मेडिकल बिलों का भुगतान न होने पर रोष

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन चच्योट खंड गोहर कार्यकारिणी की मासिक बैठक वन विश्रामगृह चैलचौक में प्रधान दिलीप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिला मंडी के प्रधान हरीश शर्मा, धनोटू सेगली के प्रधान दिले राम ठाकुर, सेवानिवृत्त डीएफओ सोमदत्त ठाकुर तथा अन्य समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर समस्त पेंशनरों द्वारा डीए की किस्त तथा वर्ष 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के भते का एरियर तथा मेडिकल बिलों के भुगतान न होने पर रोष व्यक्त किया गया। वहीं राज्य के चुनाव पुरानी कार्यकारिणी की अधिसूचना पर ही किए जाएं। हरीश शर्मा ने कहा कि चुनाव जल्द करवा दिए जाएंगे।

# क्रैक अकादमी ने मंडी में सेंटर पार्टनरशिप के लिए मांगे आवेदन

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान



**मंडी।** रोजगार बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए क्रैक अकादमी ने मंडी में सेंटर पार्टनरशिप के लिए आवेदन मांगे हैं। हिमाचल में पहले ही 70 से ज्यादा सेंटर खोल चुकी क्रैक अकादमी अब मंडी के युवाओं को न सिर्फ सस्ती और अच्छी कोचिंग उपलब्ध कराएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी देगी।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अकादमी ने करसोग, सराज, दरंग, नाचन और बल्ह जैसे क्षेत्रों के लिए में सेंटर खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक लोग इन स्थानों के लिए पार्टनर बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। क्रैक अकादमी की टीम इन पार्टनर्स का चयन करेगी और उन्हें पूरा सहयोग भी देगी।

### करसोग, सराज, दरंग, नाचन और बल्ह में सेंटर खोलने का मौका

क्रैक अकादमी के फाउंडर और सीईओ नीरज कंसल ने कहा, हमारा मकसद है कि हिमाचल के हर कोने में सस्ती और बेहतरीन कोचिंग पहुंचे। ये सेंटर बच्चों को जेईई, एनईईटी, सीडीएस, एसएससी, बैंक, रेलवे जैसे एग्जाम के लिए अच्छी तैयारी का मौका देंगे।

# जीवन ठाकुर ने दो सड़कों का किया भूमिपूजन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने सोमवार को विकास खंड द्रंग के तहत दो महत्वपूर्ण सड़कों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी।

उन्होंने पहले घरोण से अपर घरोण सड़क का भूमिपूजन किया, जिससे ऊपरी क्षेत्रों के ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

### क्षेत्रवासियों में जगी राहत की उम्मीद

इसके उपरांत भटवाड़ से काही धार सड़क निर्माण कार्य का भी विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने कहा कि इन दोनों सड़कों के निर्माण से न केवल ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना उनका पहला लक्ष्य है। स्थानीय ग्रामीणों ने जीवन ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित इन सड़कों के निर्माण से अब जीवन में वास्तविक बदलाव आएगा।

# रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर को मिला सर्वश्रेष्ठ क्लब का सम्मान

अभिषेक, अनंत ज्ञान



पुरस्कार के साथ सम्मानित।

**जोगिंद्रनगर।** रोटरी इंटरनेशनल की ओर से पठानकोट में आयोजित जिला स्तरीय अवार्ड सेरेमनी में मंडी जिला के जोगिंद्रनगर रोटरी क्लब को एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ क्लब के सम्मान से नवाजा गया।

यह पुरस्कार रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के गवर्नर पीएस ग्रोवर ने क्लब को भेंट किया। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के 40 सदस्यों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट और समर्पित कार्यों को देखते हुए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, सचिव सुशील पठानिया और वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर को उनकी सालाना शानदार परफॉर्मेंस के लिए भी व्यक्तिगत रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के 120 प्रमुख क्लबों ने भाग लिया।

मंडी जिला के अन्य सक्रिय क्लब मंडी, नेरचौक, सुंदरनगर और कांगड़ा जिले के धर्मशाला, पालमपुर, कांगड़ा, हमीरपुर व ऊना के क्लबों को भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने बताया कि यह सम्मान रोटरी के सत्र 2024-25 में क्लब द्वारा किए गए पर्यावरण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का फल है।

# तेज रफ्तार बाइक से देर रात सड़क हादसे में दो युवक घायल

गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान

**रिवालसर।** थाना बल्ह में देर रात एक सड़क हादसे की शिकायत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता ज्ञान चंद पुत्र टेक चंद निवासी गांव धार-1 डाकघर रिवालसर ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने घर के कमरे में मौजूद थे।

इसी दौरान उन्होंने बाहर से तेज शोर-शराबे की आवाज सुनी, जो देहरी गलू की तरफ से आ रही थी। ज्ञान चंद ने जब बाहर आकर देखा तो पाया कि दो युवक तेज रफ्तार से बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। अचानक उन्होंने सड़क पर एक तेज यू टर्न लेने की कोशिश की, जिससे बाइक असंतुलित होकर गिर गई। हादसे के बाद ज्ञान चंद ने देखा कि दोनों युवक घायल अवस्था में सड़क पर पड़े हुए थे।

बाइक एचपी82ए-5930, पर सवार युवकों की पहचान हैप्पी पुत्र मस्त राम निवासी गांव घियूंधार डाकघर रिवालसर और चंदन पुत्र शैलेंद्र सिंह निवासी गांव धार डाकघर रिवालसर के रूप में हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर मामले की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एकादश रुद्र घाट पर ब्यास आरती आज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एकादश रुद्र घाट पर ज्येष्ठ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मंगलवार सायं 7.15 बजे ब्यास आरती का आयोजन किया जाएगा। एकादश रूद्र मंदिर के पुजारी सत सुंदरम ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का बड़ा महत्व है, संत कबीर की जयंती भी इसी दिन होती है। मंगलवार सायं भव्य ब्यास आरती का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान एकादश रूद्र मंदिर के पुजारी सत सुंदरम ने स्थानिय लोगों से इस आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम 10 जून को सायं के आयोजित किया जाएगा।

# लॉर्ड्स में मेधावी छात्र सम्मानित

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



सम्मानित होनहार छात्र।

स्थानीय सुप्रसिद्ध पाठशाला लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट में सोमवार को मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी रहे।

इस समारोह में एनवायर्नमेंटल साइंस क्विज में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि लॉर्ड्स के 12वीं कक्षा के अमन व अरुण ने हिमाचल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित साइंस क्विज में पूरे हिमाचल में दूसरा स्थान हासिल कर सरकाघाट का नाम रोशन किया है। दोनों ही छात्रों को मुख्यमंत्री सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित समारोह में पीटरहॉफ शिमला में 50,000 रुपए के नगद इनाम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया दोनों ही छात्र होनहार हैं।

# विद्युत बोर्ड पेंशन फॉर्म की बैठक अब 12 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत बोर्ड पेंशन फॉर्म इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक अब 11 जून के स्थान पर 12 जून को आयोजित की जाएगी। यह बदलाव 11 जून को राजपत्रित अवकाश होने के कारण किया गया है। बैठक का आयोजन प्रात: 10:30 बजे सामुदायिक भवन जोगिंद्रनगर में किया जाएगा।

सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लें और अन्य पेंशनधारकों को भी बैठक में आने के लिए प्रेरित करें। बैठक में समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा संभावित समाधान के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा।

# वंदना ने किया कोठी महिला मंडल भवन का लोकार्पण

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



वंदना गुलेरिया का स्वागत करते हुए महिलाएं।

**सरकाघाट।** महिला सशक्तिकरण एवं समाज को समर्पित महिला मंडल भवन का लोकार्पण सरकाघाट की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव कोठी में जिला परिषद सदस्या वंदना गुलेरिया के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंडल की प्रधान शीला ठाकुर ने की। कार्यक्रम की मुख्यातिथि वंदना गुलेरिया को अतिथि देवो भव परंपरा का निर्वहन करते हुए महिला मंडल द्वारा शाल और टोपी भेंट की गई। भवन लोकार्पण करते हुए उन्होंने सभी ग्राम वासियों को इसकी बधाई दी तथा कहा कि यह भवन महिला मंडल की सामूहिक पहल और समाज के सहयोग से संभव हो पाया है, जो क्षेत्र की महिलाओं को संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर पूर्व बीडीसी सदस्य कुसुम वर्मा तथा पूर्व बीडीसी सदस्य संजीव कुमार को समाज सेवा में उनके अमूल्य योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त महिला मंडल की सक्रिय सदस्या सत्य देवी के सतत सहयोग और महिला मंडल भवन को भू दान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया तथा उनका आभार भी प्रकट किया गया। महिला मंडल की सभी सदस्याएं इस गरिमामय आयोजन में उपस्थित रहीं और उन्होंने भवन को सामुदायिक गतिविधियों का एक प्रभावी केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**अनदेखी** — समस्या का समाधान न हुआ तो भयंकर बीमारी को न्योता दे सकती है गंदगी

# मंडप में गंदगी के लगे ढेर, लोग परेशान

अनंत ज्ञान, धर्मपुर



धर्मपुर उपमंडल की उप तहसील मंडप में मंडप से छात्र सड़क मार्ग के किनारे पंचायत द्वारा कूड़ा-कर्कट के लिए जो संयंत्र लगा रखा है, वह गंदगी और कूड़े से भर चुका है।

यही नहीं अब लोगों ने इसके बाहर भी कूड़ा-कर्कट फेंकना शुरू कर दिया है। इस कूड़ा-कर्कट के यहां फेंकने से सड़क पर चलने वाले राहगीरों व स्कूली बच्चों को बदबू के चलते यहां से नाक बंद करके जाना पड़ता है। समय रहते अगर इस गंदगी का निदान नहीं हुआ तो यह भयंकर बीमारी को न्योता दे सकती है।

इस बारे जब पंचायत प्रधान रितु निराला से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मंडप में स्थानीय लोगों ने अपने घर प्रवासी लोगों को किराए पर दे रखे है और वही लोग अपने कमरों का कूड़ा-कर्कट वहां फैंक देते हैं।

पंचायत प्रधान ने स्थानीय मकान मालिकों पर आरोप लगाया है कि इन्होंने प्रवासी लोगों को मकान किराए पर दे रखे हैं जिनका पुलिस थाना में भी एंट्री दर्ज नहीं है और इस गंदगी के लिए यही लोग जिम्मेदार हैं।

### जल्द ही कूड़े को हटा दिया जाएगा : नायब तहसीलदार

पंचायत प्रधान ने पुलिस थाना प्रभारी धर्मपुर से भी आग्रह किया है कि मंडप में रह रहे प्रवासी लोगों की जांच पड़ताल की जाए और जिन लोगों ने अपने मकान किराए पर दे रखे हैं उनके खिलाफ भी उचित कार्रवाई अमल बनाई जाए। **वहीं** दूसरी तरफ जब नायब तहसीलदार मंडप ओम शिखा से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों से बात करके इस समस्या का समाधान जल्द ही ढूंढ लिया जाएगा और इस कूड़े कचरे को यहां से हटा दिया जाएगा।

# अनुवर्ती कार्यक्रम के तहत पात्र युवतियों को बांटी सिलाई मशीनें

अनंत ज्ञान, पधर

हिमाचल प्रदेश सरकार वंचित वर्गों के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कल्याणकारी व प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है। इनमें से एक अनुवर्ती कार्यक्रम योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र लाभार्थियों को आजीविका कमाने के लिए सिलाई मशीन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे घर बैठे उपयोगी कार्य कर अपनी आय बढ़ा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए लाभकारी है, जो पारंपरिक कौशल जैसे सिलाई-कढ़ाई इत्यादि में निपुण हैं। उपमंडल पधर के तहसील कल्याण कार्यालय के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की 12 महिलाओं को योजना के तहत हाल ही में सिलाई मशीनें बांटी गईं। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा प्रति सिलाई मशीन पर 1800 रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। गांव कथोग की युवती सोनिया और बथेरी क्षेत्र की उपासना ने बताया कि उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा तहसील कल्याण कार्यालय में अनुवर्ती कार्यक्रम के तहत सिलाई मशीनें प्रदान की गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डेरा गोविंद दास में सालाना भंडारा 13 को

**नवीन, अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** नगर परिषद संतोषगढ़ के साथ लगती खानपुर पंचायत में डेरा बाबा गोबिंद दास में सालाना भंडारा करवाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश गुरु रविदास साधु संप्रदाय सोसायटी के अध्यक्ष एवं डेरा संचालक संत बाबा रविंद्र दास ने बताया कि इस सालाना भंडारे के उपलक्ष्य में 13 जून को अखंड साहिब का पाठ रखा जाएगा, जिसका भोग 15 जून को डाला जाएगा। झंडा रस्म अदा कर कीर्तन दरबार सजाए जाएंगे जिसमें संत महापुरुषों द्वारा कीर्तन किया जाएगा। गद्दी की रस्म अदा कर गुरु का लंगर अटूट चलेगा।

### डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में मन्नत ने जीता गोल्ड



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर के लूहणु मैदान में आयोजित की गई ओपन प्रतियोगिता में ऊना जिले के तहत गांव समूर कलां की मन्नत पूरेवाल ने अंडर 16 डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीता है। मन्नत के घर पहुंचने पर परिजनों ने मिठाई खिलाकर मन्नत का स्वागत किया। आपको बता दें कि मन्नत पूरेवाल राजकीय माध्यमिक पाठशाला समूर कलां में 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है। मन्नत के पिता रणवीर सिंह दुकान करते हैं और माता पूनम देवी नर्स हैं। मन्नत खेलकूद के साथ साथ पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। मन्नत से बातचीत पर उसने बताया कि डिस्कस थ्रो के साथ साथ वह हैंडबॉल भी खेलती हैं। इसमें मन्नत ने नेशनल में भी प्रदर्शन किया है। मन्नत ने इस उपलब्धि का श्रेय मन्नत ने अपने कोच और माता पिता को दिया है।

### झुलसती गर्मी में जानवर भी ले रहे पेड़ों की छांव



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शहर में सोमवार को झुलसाने वाली गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की छांव का जानवर और इंसान भी एक साथ सहारा लेते दिखे।

### राष्ट्र स्तरीय हैमर बॉल प्रतियोगिता 13 से

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल में होगी राष्ट्रीय स्तर की हैमर बॉल प्रतियोगिता 13 से 15 जून तक डूमखर मैदान में खेली जाएगी। कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश श्रोता ने बताया कि टीम की घोषणा जल्द ही कर जाएगी। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश के लगभग सभी राज्यों की टीमें भाग लेंगी और खिलाड़ी हैमर बॉल में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। हिमाचल प्रदेश हैमर बॉल संघ के अध्यक्ष अभय राणा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में लड़कों और लड़कियों की टीमें हिस्सा लेंगी। हिमाचल प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण अवसर है और कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन खेलों के प्रति बढ़ते रुझान का प्रतीक है। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सहोता ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की टीम में भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कड़ा अभ्यास कर रही है। स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह है। इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में सुमित, रणवीर राणा, अमन शर्मा और विनोद शर्मा भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

### अनिल शर्मा को चुना संस्था का उपाध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, अनंत ज्ञान, अंब।** सर्वहितकारी सभा पंजोआ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी अनिल शर्मा को सभा की कमेटी का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं व बधाई दी। बैठक की अध्यक्षता सभा के चेयरमैन मदन धीमान ने की। इस अवसर पर कुशल धीमान, बलविंदर सिंह, फतेह सिंह, लखबिंदर सिंह, विकास शर्मा सहित अन्य गणमान्य व स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। सभा के सदस्यों ने विश्वास जताया कि अनिल शर्मा के नेतृत्व में संस्था और अधिक सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगी और गांव के हित में नए आयाम स्थापित करेगी।

### कै. अमोल कालिया का शहादत दिवस मनाया



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिवालिक एवेन्यू स्थित अमोल कालिया मेमोरियल पार्क नंगल में सोमवार सुबह कैप्टन अमोल कालिया (वीर चक्र मरणोपरांत) की 26वीं शहादत दिवस के अवसर पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया गया। बड़ी संख्या में पुरुषों व महिलाओं ने पार्क में एकत्र होकर वीर शहीद को नमन किया। कार्यक्रम में जोशीले देशभक्ति भाषणों के बाद भजन-कीर्तन और धार्मिक स्तुति प्रस्तुत की गई। समारोह में मुख्य रूप से दीपक नंदा (एमसी काउंसलर), मेजर नीलगगन, डॉ. धामी (अध्यक्ष सीनियर सिटीजन फोरम), शांतिसरूप शर्मा, रोशन लाल, राजिंदर सिंह (नेवी), प्रो. धारवाड़ (सेवानिवृत्त प्राचार्य, भटोली कॉलेज), प्रो. दीपक कालिया, डॉ. तिलक राज शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कैप्टन अमोल कालिया के पिता सतपाल कालिया, माता उषा शर्मा, भाई ग्रुप कैप्टन अमन कालिया व भाभी हिमां कालिया, इशिता कालिया व लड्डू कालिया ने सुमन शर्मा के सहयोग से सभी का आभार व्यक्त किया।

## राजकीय सम्मान के साथ किया होमगार्ड जवान का अंतिम संस्कार



**अनंत ज्ञान, ऊना।** होमगार्ड्स विभाग में सीनियर प्लाटून कमांडर के पद पर तैनात तरसेम लाल निवासी संसोवाल का निधन हो गया है। उसकी तबियत खराब होने के चलते इसे एम्स बिलासपुर में भर्ती करवाया गया था, जिसके बाद उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। शव को उनके पैतृक गांव संसोवाल में लाया गया। यहां पर होमगार्ड्स विभाग की ओर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बाहिनी अधिकारी धीरज शर्मा व कंपनी कमांडर मोहिंदर सिंह ने अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**घर में एक माह में हुई दूसरी मौत :** गौर हो कि मृतक के बेटे की भी मौत कुछ दिन पहले हुई थी। मृतक अपने पीछे माता, पत्नी व बेटे को छोड़ गया है। घर में एक माह में दो मौतों से गांव में मातम का माहौल है। होमगार्ड्स कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने मृतक की अचानक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं जताई हैं व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# गर्मी और डी हाइड्रेशन से बेहोश हुए 14 कैडेट्स

## पेखुवेला में दस दिवसीय एनसीसी शिविर में पेश आई घटना

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** झुलसाने वाली गर्मी का असर पूरे जिले में देखा गया। भारी गर्मी के करना जिला मुख्यालय के समीप जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला में सोमवार को एनसीसी के शिविर में 14 कैडेट्स की तबीयत बिगड़ गई। इन सभी कैडेट्स को उपचार के लिए ऊना के रिजनल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों की टीम कैडेट्स के उपचार में जुट गई है। हालांकि कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई।

जिले के पेखुवेला में चल रहे एनसीसी कैंप में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक के बाद एक कैडेट मैदान में चक्कर खाकर गिरने लगे। चिकित्सकों ने डी हाईड्रेशन की वजह से बच्चों की तबीयत बिगड़ने की वजह बताई है। सभी कैडेट्स को इंजेक्शन के साथ-साथ ओआरएस का घोल दिया गया है। इसके बाद सभी



ऊना के रिजनल अस्पताल में उपचाराधीन एनसीसी कैडेट।

कैडेट्स की सेहत में सुधार हुआ है और उन्हें जरूरी हिदायतें देकर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि, एक कैडेट्स का अभी भी उपचार किया जा रहा है।

बता दें कि पेखुवेला में दस दिवसीय एनसीसी शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्कूलों व कॉलेज के करीब 500 बच्चे भाग ले रहे हैं। शिविर के सातवें दिन सोमवार सुबह जैसे ही कैडेट्स ने दौड़ लगानी शुरू की। उनमें से 14 की हालत बिगड़ने लगी। कैडेट्स को चक्कर आने के साथ-साथ उल्टियां आनी शुरू हो गई। कई कैडेट्स अचेत होकर गिर भी पड़े। सभी कैडेट्स को आनन-फानन में ऊना के रिजनल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनकी हालत में सुधार हुआ है।

रिजनल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि पानी की कमी से बच्चों की तबीयत बिगड़ी है। सभी की हालत में सुधार है। उन्होंने बताया कि एनसीसी अधिकारियों को जरूरी हिदायतें दी गई हैं।

## जनूही गांव में बनते ही गिर गई स्वर्गधाम की छत, उठे सवाल



जनूही गांव में स्वर्गधाम की छत टूटने से तीन मजदूर घायल हो गए हैं।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल अंब की नैहरी पंचायत के अंतर्गत जनूही गांव में बन रही स्वर्गधाम की छत अचानक गिर गई, जिससे तीन मजदूर घायल हो गए। घायल मजदूरों को तुरंत अंब अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान ही छत भरभरा कर गिर गई। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में न तो कोई सुरक्षा उपाय किए गए थे और न ही मौके पर कोई सरकारी इंजीनियर मौजूद था। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या स्वर्गधाम जैसी सार्वजनिक सुविधा के निर्माण में भी लापरवाही बरती जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोग इस दुर्घटना पर हैरानी जता रहे हैं। यह घटना प्रशासन और ठेकेदार की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है।

ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। पंचायत प्रधान नीलम कुमारी का कहना है की शटरिंग कर रखी थी, उसके बाद भारी बारिश होने के कारण कुश स्पॉट लेंटर डालते समय गिर गई जिसके कारण लेंटर गिर गया। अब बड़ा सवाल यह है कि अगर शटरिंग करने के बाद भारी बारिश पड़ी तो उसके बाद लेंटर डालने के समय शटरिंग को चेक क्यों नहीं किया गया, जो किसकी जिम्मेदारी है।

## हरोली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के भरे जाएंगे 18 पद

**एक जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाल विकास परियोजना हरोली के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के 8 और सहायिकाओं के 10 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। सीडीपीओ हरोली शिव सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन सादे कागज पर भर के 1 जुलाई सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय हरोली में जमा करवा सकते हैं। शिव सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र शाह मुहल्ला भदसाली, अपर कांगड़ वर्तमान, भदौड़ी, जननी-2, भदसाली हरिजन बस्ती, खत्री बस्ती पंजावर, ललड़ी-1 वर्तमान और बीटन के गुज्जर मोहल्ला-2 में एक-एक पद आंगनबाड़ी वर्करों का भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र पाद्या मोहल्ला पोब्बोवाल, गऊआ मोहल्ला दुलैहड़, ब्रहमण मुहल्ला गोंदपुर जयचंद, राजपूत तरखान मोहल्ला गोंदपुर जयचंद, बीवड़ू मोहल्ला दुलैहड़, ब्रह्माण मोहल्ला सिंगा, भरवाल मोहल्ला ललड़ी, लोहार मोहल्ला बढ़ेड़ा, पुरिया मोहल्ला सलोह और बट्टकलां निचली बस्ती में सहायिकाओं का एक-एक पद भरा जाएगा।

**शैक्षणिक योग्यता एवं मानदंड**

उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है। प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वे क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए। प्रार्थी के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नही होनी चाहिए जिसका प्रमाण पत्र नायब तहसीलदार / तहसीलदार/कार्यकारी मजिस्ट्रेट अधिकारी द्वारा प्रमाणित/प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।

## कंवर वॉलीबाल को दिलाएंगे अब पहचान : अजय



अजय ठाकुर अपने समर्थकों के साथ।

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर पूरे प्रदेश, विशेषकर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। वीरेंद्र कंवर के इस महत्व पूर्ण पद पर चयन से न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश में वॉलीबाल खेलों को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। यह शब्द राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन एवं जिला ऊना यूबा मोर्चा के सचिव अजय ठाकुर ने वीरेंद्र कंवर को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बंगाणा में मीडिया से कहा कि यह न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान की सराहना है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के लिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है।

उन्होंने कहा कि कंवर एक छत्र नेता के रूप में न केवल राजनीतिक, बल्कि खेल और सामाजिक क्षेत्रों में भी अपनी अलग पहचान रखते हैं। अजय ठाकुर ने कहा कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का 22 वर्षों का लंबा अनुभव वॉलीबाल फेडरेशन में देश के लिए अमूल्य साबित होगा। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिताओं में न केवल निखार आएगा, बल्कि भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक वॉलीबाल महाशक्ति के रूप में उभर सकता है।

अजय ने कहा कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर हिमाचल प्रदेश सरकार में मंत्री पद पर रह चुके हैं और वर्तमान में राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में जहां जनहित के मुद्दों पर मुखर भूमिका निभाई, वहीं खेलों को भी प्रोत्साहित करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि उन्हें आज राष्ट्रीय स्तर पर इस अहम भूमिका के लिए चुना गया है। कुटलैहड़ क्षेत्र के नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी इस पर खुशी जताई है।

भारत में वॉलीबाल जैसे खेलों को अभी भी वह स्थान नहीं मिला है, जिसके वे हकदार हैं। वीरेंद्र कंवर जैसे अनुभवी नेता के नेतृत्व में अब इन खेलों को नई पहचान मिलने की पूरी संभावना है। उनकी संगठन क्षमता, नीति निर्धारण में पकड़ और खेलों के प्रति समर्पण भारत को वॉलीबाल में 'सुपरपावर' बनाने की दिशा में मजबूत कदम साबित होगा। इस मौके पर युवा मोर्चा सदस्य भी मौजूद रहे।

## मां चिंतपूर्णी मंदिर में हंसराज रघुवंशी ने पत्नी संघ शीश नवाया



**विकाश शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी ने चिंतपूर्णी मंदिर में माता रानी के दरबार में अपनी पत्नी के साथ हाजिरी लगाई और मां का आशीर्वाद लिया और मंदिर में हवन भी डाला। पुजारी सचिन कालिया और अंकुश कालिया ने हंसराज रघुवंशी को मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करवाई।

इस दौरान हंसराज रघुवंशी ने अपने भजन की प्रस्तुति से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इस मौके पर उनके साथ कई प्रशसंकों ने फोटो भी खिंचवाई। माता रानी के दरबार में माथा टेकने के बाद हंसराज रघुवंशी ने कहा कि माता रानी की कृपा से ही उनका जीवन संवर गया है। उन्होंने माता रानी के आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया।

## रमेश धवाला से किया व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण : सतीश

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** भारतीय जनता पार्टी जैसी संगठनात्मक शक्ति पर टिकी पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं के साथ हो रहा व्यवहार चिंताजनक बनता जा रहा है। देहरा से पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री रमेश धवाला को देहरा में आयोजित एक कार्यक्रम में उचित सम्मान और स्थान न दिया जाना पार्टी के मूल संस्कारों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। यह बात भाजपा गगरेट के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि रमेश धवाला उन चुनिंदा नेताओं में रहे हैं, जिन्होंने न केवल पार्टी के कठिन दौर में संगठन को खड़ा किया, बल्कि निष्ठा, त्याग और सेवा के बल पर पार्टी को जन-जन तक पहुंचाया। उनके साथ पार्टी द्वारा किया गया व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने अपील की कि इस प्रकार के गतिरोधों को जल्द समाप्त किया जाए, साथ ही उन्होंने शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल से आग्रह किया कि वे इस विवाद को सुलझाने में भूमिका निभाएं।

## वॉलीबाल फेडरेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कल ऊना आ रहे कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर बुधवार को पहली बार अपने गृह जिले ऊना पहुंच रहे हैं। सुबह 11 बजे वह बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से 11 बजे ऊना रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, जहां उनके स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। वीरेंद्र कंवर के समर्थकों और खेलप्रेमियों में इस मौके को लेकर खासा उत्साह है और रेलवे स्टेशन से लेकर पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र तक स्वागत की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। रेलवे स्टेशन पर वीरेंद्र कंवर के स्वागत के लिए दर्जनों गाड़ियों और सैकड़ों समर्थकों का काफिला मौजूद रहेगा। समर्थक बैंड-बाजों और पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन करेंगे। यह काफिला ऊना से थानाकला, बंगाणा और लाठियाणी होते हुए पूरे कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करेगा। स्टेट बॉलीबॉल फेडरेशन के पदाधिकारी मदन राणा ने बताया कि वीरेंद्र कंवर के राष्ट्रीय बॉलीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष बनने पर समूचा जिला एवं हिमाचल गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल वीरेंद्र



कंवर की नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश की खेल उपलब्धियों की भी बड़ी जीत है।

कंवर के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल रहेगा। मदन राणा ने जानकारी दी कि खेल जगत से जुड़े कई बड़े नामों और संगठनों ने भी उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मदन राणा ने कहा कि वीरेंद्र कंवर के नेतृत्व में बॉलीबॉल जैसे लोकप्रिय खेल को नई दिशा मिलेगी और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मंच प्रदान किया जाएगा।

## बड़ोह में समाजसेवा की मिसाल बने युवा



गगरेट उपमंडल की बड़ोह पंचायत में सामाजिक सहयोग की भावना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते युवक छबील में सेवा करते हुए।

**संजीव पराशर, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** गगरेट उपमंडल की बड़ोह पंचायत में रविवार को सामाजिक सहयोग की भावना का सुंदर उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब स्थानीय युवाओं ने मिलकर तपती दोपहर में राहगीरों के लिए ठंडे और मीठे जल की छबील का आयोजन किया। इस पहल ने न केवल लोगों को गर्मी से राहत दी, बल्कि समाज सेवा की दिशा में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को भी उजागर किया। छबील में राह चलते लोगों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने ठंडे जल का सेवन कर राहत की सांस ली और युवाओं के प्रयास को सराहा।

सेवा भाव से ओत-प्रोत इस आयोजन को सफल बनाने में रूबी, सोनू, हैप्पी, रजत, संजीव, कनव, शेखर, मुकेश, विक्रम, अनुराग और आरुष ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी विश्वजीत पटियाल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि 'सेवा का भाव जब युवाओं में हो, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित है। गर्मी में छबील जैसे आयोजन केवल प्यास नहीं बुझाते, बल्कि सामाजिक समरसता की भावना को भी प्रबल करते हैं।

वहीं, व्यापार मंडल गगरेट के सदस्य निशांत निशु व स्थानीय लोगों ने भी युवाओं की इस पहल की खुलकर तारीफ की और उम्मीद जताई कि इस प्रकार की समाजसेवी गतिविधियों से गगरेट क्षेत्र में जागरूकता और सौहार्द का वातावरण बना रहेगा।

# कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा एक बार फिर आया सामने : सत्ती

**डेरा बाबा रुद्रानंद के होर्डिंग्स हटाकर कांग्रेस नेताओं के पोस्टर लगाने की निंदा की**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने मुख्यमंत्री के दौरे से पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद के होर्डिंग्स जमीन पर फेंककर मुख्यमंत्री और स्थानीय कांग्रेस नेता के फोटो लगाए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि जब नशे में धुत्त लोग किसी काम के लिए भेजे जाते हैं तो फिर ऐसा ही काम होता है।



विधायक सत्ती ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले झंडे लगाने के लिए भेजे गए लोगों को एक होटल में बिठाकर पार्टी करवाई गई। उसके बाद इन तत्वों ने शहर भर में डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम के होर्डिंग्स जमीन पर फेंक कर नेताओं की तस्वीरें टांग डालीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया है, लेकिन जब चुनाव आते हैं तो कांग्रेस के यही नेता वोटों के लालच में संतों के चरणों में नाक रगड़ने का ड्रामा करते हैं। विधायक ने कहा कि इतना ड्रामा करने के बावजूद मुख्यमंत्री ने ऊना विधानसभा क्षेत्र की तरफ देखा तक नहीं। विधायक ने कहा कि जिला मुख्यालय के बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र ढाई साल से भवन की तंगी से गुजर रहे हैं। करीब 8.79 करोड़ रुपए की लागत का यह भवन भाजपा सरकार के समय बनाकर लगभग तैयार कर दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के पास इसके लोकार्पण तक का समय नहीं है।

दूसरी तरफ शहर के महाविद्यालय में भी 11.93 करोड़ रुपए की लागत से नए अकादमिक परिसर के एक और दो नंबर भवनों का भी लोकार्पण होना था, लेकिन स्कूल और कॉलेज के बच्चों को यह भवन बैठने तक के लिए नहीं दिए जा रहे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान भी उन्होंने उठाया। शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते हुए भी जल्द लोकार्पण की मांग की गई। आखिर ढाई साल के इंतजार बाद मुख्यमंत्री को ऊना की याद आई तो वह भी बिना लोकार्पण किए वापस चलते बने।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने की बजाए उन्हें नशा करवा कर गलत हरकतें करने की सीख दे रही है, जिसका उदाहरण लोगों को शहर की सड़कों पर धार्मिक स्थल के फेंके गए होर्डिंग्स से देखने मिला है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की असलियत है। विधायक ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को इस कृत्य के लिए तुरंत प्रभाव से डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम के महंत स्वामी हेमानंद महाराज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

**जानकारी** भारत अब किसी भी प्रकार के आक्रमण का माकूल जवाब देने में सक्षम : भाजपा

# मोदी सरकार का कार्यकाल उपलब्धियों भरा : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक और सामरिक उपलब्धियों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्ष में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर अद्वितीय प्रगति की है और विश्व अर्थव्यवस्था में 22वें स्थान से उछलकर चौथे पायदान पर पहुंचना अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन न केवल संख्याओं का है, बल्कि यह भारत के वैश्विक प्रभाव, आत्मनिर्भरता और नागरिकों की जीवन शैली में व्यापक सुधार का भी प्रमाण है।



पीएम के 11 वर्ष के कार्यकाल को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए देवेंद्र भुट्टो, साथ हैं अन्य।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश की गरीब जनता का दुख-दर्द समझा और धरातल पर एक के बाद एक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं, जिससे आज गरीब से लेकर मध्यमवर्गीय वर्ग तक सभी को लाभ मिल रहा है। भुट्टो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कुटलैहड़ सरकार ने बीते 11 वर्षों में जनकल्याण को प्राथमिकता दी है।

उज्ज्वला योजना से करोड़ों महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला, वहीं आयुष्मान भारत से गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को पक्के घर मिले। जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और शहरी जीवन में व्यापक बदलाव लाए।

किसानों के लिए पीएम-किसान योजना से आर्थिक सहायता दी गई। ये योजनाएं सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार करती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पर भी जोर दिया और कहा कि आज मोदी न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर भी निर्णायक फैसले लिए, जिससे देश के दुश्मनों को स्पष्ट संदेश मिला कि भारत अब किसी भी प्रकार की कूटनीति या आक्रमण का माकूल जवाब देने में सक्षम है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, उपाध्यक्ष राजकुमार मनकोटिया, भाजपा नेता सूरम सिंह, सतीश धीमान आदि मौजूद रहे।

## 13 जून को छात्रों से सीधा संवाद करेंगे जगद्गुरु

**अनंत ज्ञान, हरोली।** 13 जून को सुबह 10 बजे हिमकैप्स केद प्रागंण में दिगंवर अखाड़ा से जगदगुरु रामानंदाचार्य विकास दास जी महाराज द्वारा बच्चों के मन की बात सीधी गुरु देव के साथ शुक्रवार को कॉलेज ऑडिटोरियम में लॉ एवं नर्सिंग के छात्राओं को सनातन धर्म के साथ जुड़ने एवं अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाए रखने के साथ अपने धर्म कर्म के वारे में छात्रों से सीधा संवाद करेंगे।

यह जानकारी कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने पत्रकारों को बताते हुए कहा कि छात्रों को अपनी संस्कृति एवं सनातन धर्म के साथ जुड़ने के क्या -क्या लाभ हैं एवं ईश्वर के प्रति लगन के लिए ऐसे संवाद महीने में एक वार कैंपस में आयोजित किए जाने बेहद जरूरी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### काइस से बंदरोल सड़क की जल्द हो मरम्मत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के काइस से बंदरोल को जोड़ने वाली सड़क इन-दिनों क्षतिग्रस्त है, जिससे किसानों और बागवानों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में गांव के लोगों ने डीसी कुल्लू से मुलाकात की ओर मांग रखी कि कृषि और बागवानी सीजन से पहले इस सड़क को जल्द सुधारा जाए। ढालपुर पहुंचे ग्रामीण प्रताप पठानिया ने बताया कि साल 2023 की बाढ़ में यह सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई और उसके बाद से लेकर अभी तक इसकी हालत नहीं सुधर पाई है, ऐसे में उन्हें बंदरोल सब्जी मंडी आने के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इससे पहले भी उन्होंने लोक निर्माण विभाग के समक्ष मांग रखी थी, लेकिन अभी तक इस सड़क की हालत नहीं सुधरी है। प्रताप पठानिया ने बताया कि इन सभी मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने डीसी से मांग रखी है और आग्रह किया कि कृषि और बागवानी सीजन से पहले इस सड़क को ठीक किया जाए।

### सीएम के दौरे की रूपरेखा पर की चर्चा

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड का दो दिवसीय दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री 18 और 19 जून को आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। इसकी तैयारियों को लेकर मिल्कफेड के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को विश्राम गृह निरमंड में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह, डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ, लोक निर्माण विभाग के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार, जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के अधिशाषी अभियंता किशोर कुमार सहित सभी विभागों के विभागध्यक्ष और अधिकारी एवं कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में बुद्धि सिंह ने कहा कि इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू करोड़ों की विभिन्न कल्याणकारी, विकासात्मक योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री बागा-सराहन गांव में रात बिताएंगे, जहां वे लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका निपटारा करने का प्रयास करेंगे। साथ ही वहां के स्थानीय रीति रिवाजों और संस्कृति से भी परिचित होंगे।

### एनएसयूआई ने शुरू किया 'युवान' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनएसयूआई ने सोमवार को कुल्लू में युवाओं को जोड़ने और नशे से दूर रखने के उद्देश्य से 'युवान' कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर (टोनी) ने किया। कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा तेजी से जकड़ रहा है और यह चिंता का विषय है। एनएसयूआई इससे पहले 'संकल्प' कार्यक्रम चला चुकी है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए, अब 'युवान' कार्यक्रम के तहत संगठन हर गांव और हर घर तक पहुंचेगा और युवाओं से सीधा संवाद करेगा। अभिनंदन ने उम्मीद जताई कि प्रदेश के युवा इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

### कुल्लू के सभी खंड के प्रशिक्षण वर्ग शुरू



भारतीय किसान संघ के कुल्लू खंड के प्रशिक्षण वर्ग के दौरान सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू के सभी खंड के प्रशिक्षण वर्ग शुरू हो गए हैं। सोमवार को कुल्लू खंड तथा नगर खंड के प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुए। कुल्लू खंड के प्रशिक्षण वर्ग में हरिराम विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि नगर खंड में संघ के प्रांत मंत्री उमेश ने अध्यक्षता की। इन प्रशिक्षण वर्गों का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन के उद्देश्य, संगठन की समाज के प्रति जिम्मेदारी तथा संगठन की रीति-नीति तथा संगठन के रचनात्मक आंदोलन आत्मक तथा संघटनात्मक कार्यों के प्रति जागरूक इन प्रशिक्षण वर्गों में किया गया। इन वर्गों में जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा ने भी अपने विचार रखे। कुल्लू खंड के प्रशिक्षण वर्ग में जिला उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर, डॉक्टर शेर सिंह, अरुण ठाकुर, प्रकाश चंद, पवन सनातनी, प्रचार प्रमुख अशोक ठाकुर आदि प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहे।

### हेड ब्वॉय नितेश और हेड गर्ल बनी वैनिता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो में एक भव्य पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नव निर्वाचित छात्रों को उनके पदों की शपथ दिलाई गई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर ने स्वागत भाषण में छात्रों की जिम्मेदारियों और नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्र विद्यालय अनुशासन आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर हेड ब्वॉय नितेश बिष्ट, हेड गर्ल वैनिता (नेहरू हाउस ) के कैप्टन कशिश, वाइस कैप्टन सागर ( गांधी हाउस ) के कैप्टन आयुषी, वाइस कैप्टन वैभव (टैगोर हाउस) के कैप्टन हंसिका, वाइस कैप्टन पावनी और सभी कक्षा के मॉनिटर को बैज पहनाकर मनोबल बढ़ाया। सभी छात्र नेताओं ने स्कूल के नियमों का पालन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करने की शपथ ली। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण और भी उत्साह पूर्ण हो गया। अंत में स्कूल के प्रबंधक कमल ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### शाईरोपा में कल ईको जोन हितधारकों की बैठक

**अनंत ज्ञान, बंजार।** ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के ईको जोन क्षेत्र से जुड़े स्थानीय हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श बैठक का आयोजन 11 जून को सुबह 11 बजे शाईरोपा स्थित कम्युनिटी ट्रेनिंग एवं पर्यटक केंद्र में किया जाएगा। यह जानकारी वन्य जीव रेंज तीर्थन के वन परिक्षेत्र अधिकारी ने दी। बैठक विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर ऐसे मॉडल विकसित करना है, जिनके माध्यम से जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए भुगतान जैसे उपायों को लागू किया जा सके। वन विभाग ने ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क ईको जोन के सभी हितधारकों से इस बैठक में भाग लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव देने और स्थानीय स्तर पर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि यह बैठक पार्क क्षेत्र की तीनों रेंज के हितधारकों के लिए बुलाई गई है। इसमें वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और विश्व बैंक के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इन्होने बताया कि इस बैठक में विश्व धरोहर पार्क स्थल संरक्षण के नए उपायों और स्थानीय लोगों की भलाई से जुड़े मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### एनटीटी भर्ती में एक साल डिप्लोमा वालों को दिखाया जा रहा बाहर का रास्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में इनदिनों एनटीटी की भर्तियां की जा रही हैं। वहीं, प्रदेश भर में एनटीटी का प्रशिक्षण ले चुके उम्मीदवार इस भर्ती प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में 1 साल का प्रशिक्षण करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती के लिए मान्य नहीं किया जा रहा है, जिससे दर्जनों महिलाओं में खासा रोष व्याप्त है। जिला कुल्लू के सेउबाग में भी इनदिनों एनटीटी की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है, ऐसे में जब सोमवार को दर्जनों महिलाएं भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने पहुंची, तो वहां पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया। महिलाओं का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान उन्हें कहा गया कि जिसने भी 2 साल एनटीटी का कोर्स किया है। वह ही सिर्फ इसके लिए मान्य है, जबकि 1 साल के कोर्स वालों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। इस मुद्दे को लेकर महिलाओं ने ढालपुर में डीसी कुल्लू के साथ मुलाकात की और मांग रखी कि एक साल प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को भी इसमें उम्मीदवार बनाया जाए और कहा कि डीसी यह पूरा मुद्दा प्रदेश सरकार के समक्ष रखे, ताकि उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकें।

# गर्मी से राहत पाने को पर्यटकों ने किया कुल्लू और लाहौल-स्पीति का रुख

## रोहतांग दर्रे सहित शिंकुला व बारालाचा दर्रों में पर्यटकों का लग रहा मेला

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/केलांग।** जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में पर्यटकों का खूब जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

पर्यटन नगरी मनाली की ही बात करें, तो चार दिन में 65 हजार के करीब सैलानी मनाली पहुंचे हैं, जबकि अन्य पर्यटन स्थलों में भी रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटकों का जमाबड़ा लग रहा है। चार दिन के भीतर मनाली 15 हजार पर्यटक वाहन पहुंचे हैं। सोमवार को लगभग 3100 पर्यटक वाहनों ने मनाली में दस्तक दी है। होटलों में आक्यूपेंसी 100 प्रतिशत पहुंच गई है, जबकि छोटे-बड़े अधिकतर होटल भी पैक होने लगे हैं। वहीं, रोहतांग दर्रे के लिए 1200 परमिट कम पड़ रहे हैं। सोमवार को रोहतांग दर्रे में पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा,




विश्व प्रसिद्ध अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल पर पंजाब व हरियाणा से घूमने पहुंचे पर्यटक।

जबकि शिंकुला और बारालाचा में भी काफी संख्या में पर्यटक वाहनों में पर्यटक पहुंचे।

कुल्लू जिले की पर्यटन नगरी मनाली के माता हिडिंबा मंदिर, मनु मंदिर, धार्मिक पर्यटन स्थल वशिष्ठ, नग्गर, कोठी, सोलंग व हामटा में भी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं, अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ व साउथ पोर्टल सहित सिस्सू, कोकसर के अलावा मणिकर्ण, कसोल, जिभी, सोझा, तीर्थन घाटी में भी पर्यटकों का मेला लग रहा है। हालांकि, रोहतांग जाने वाली एचआरटीसी की इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हुई है, लेकिन भीड़ को देखते हुए एचआरटीसी ने बसों की संख्या बढ़ाने की बात कही है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि समर सीजन ने गति पकड़ ली है।

### वाहनों की आमद बढ़ने से बढ़ा ट्रैफिक जाम

**मनाली** में पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ते ही ट्रैफिक जाम की समस्या गहरा गई है। मनाली सहित आसपास के पर्यटन स्थलों में सुबह-शाम भारी जाम लगा। सुबह से लेकर शाम तक पलचान से लेकर मनाली तक ट्रैफिक जाम लग रहा है। वहीं, तीर्थन बंजार, सोझा, जिभी, मणिकर्ण, कसौल में भी ट्रैफिक जाम आम हो गया है।

# आशु शर्मा ने कैनवास पर पर्वत शृंखलाओं को किया चित्रांकित



अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में माउंटेन मेटाफोर एकल चित्रकला प्रदर्शनी के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में माउंटेन मेटाफोर एकल चित्रकला प्रदर्शनी में कलाकार आशु शर्मा की 39 कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है।

आशु शर्मा ने कैनवास पर हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड की पर्वत शृंखलाओं को बहुत ही सुंदर रूप से चित्रांकित किया है। इस कला प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद महेश्वर सिंह रहे। उन्होंने रिबन काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। महेश्वर सिंह ने प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में हिमालय क्षेत्र को अत्यंत सुंदर रूप से चित्रांकित किया गया है।

वहीं, उन्होंने कलाकार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कला प्रदर्शनी को लगाने में सिकंद्र जांगड़ा का प्रयास बहुत महत्वपूर्ण रहा है। ये प्रदर्शनी 9 से 11 जून तक चलेगी। इस मौके पर नग्गर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# देवभूमि की शांति पर हमला: कुल्लू घाटी में तेज संगीत से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहन**

शांत और सुरम्य कुल्लू घाटी, जिसे 'देवभूमि' के नाम से जाना जाता है, इन दिनों कुछ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से अशांत होती जा रही है।

विशेष रूप से '15 मील' क्षेत्र के पास खुले मैदानों में तेज संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनकी आवाज मीलों दूर तक सुनाई देती है। यह तेज संगीत रात के समय भी बजाया जाता है, जिससे स्थानीय निवासियों की नींद हराम हो गई है। न तो बच्चे चैन से सो पा रहे हैं और न ही बुजुर्ग आराम कर पा रहे हैं। यह स्थिति न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि देवभूमि की उस शांति और पवित्रता को भी ठेस पहुंचा रही है, जिसके लिए कुल्लू घाटी प्रसिद्ध है। स्थानीय जनता ने प्रशासन से बार-बार गुहार लगाई है कि ऐसे शोर-शराबे वाले आयोजनों पर रोक लगाई जाए, ताकि घाटी की प्राकृतिक और आध्यात्मिक शांति को बनाए रखा जा सके। यह आवश्यक है कि ऐसे आयोजनों के लिए सख्त दिशा-निर्देश तय किए जाएं और नियमों का पालन अनिवार्य किया जाए। देवभूमि की गरिमा और यहां के निवासियों की शांति बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। समय रहते यदि कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो यह घाटी अपनी मूल पहचान खो सकती है। वहीं, थाना प्रभारी पतलीकूहल इंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने स्वयं मौके पर जा कर डीजे सिस्टम को बंद करवाया था, लेकिन फिर भी ऐसी हरकत कोई कर रहा है, तो उस के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी और घाटी में शांति व्यवस्था बनाए रखी जाएगी।

# दूध की पेमेंट न होने से किसान परेशान

## विश्राम गृह निथर में हुई हिमाचल दुग्ध उत्पादन संघ की बैठक

**सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान**

**निरमंड।** किसान सभा निरमंड ब्लॉक के अध्यक्ष देवकी नंद व निहाल चंद ने कहा कि दूध उत्पादकों को आज कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार की नीतियों के कारण दूध उत्पादन घाटे का कारण बन रहा है, क्योंकि दूध को पैदा करने की लागत मंहगाई के कारण बढ़ रही है। पशुओं के उपयुक्त आहार के रूप में दी जाने वाली फीड की कीमत बढ़ रही है। वहीं, दूसरी तरफ दूध की पेमेंट समय पर नहीं मिल रही है। आज के समय में कई जगह तो दूध की पेमेंट दो माह के बाद भी मिल रही है, जिस कारण दुग्ध उत्पादकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने



हिमाचल दुग्ध उत्पादन संघ की बैठक के दौरान सदस्य।

दूध के दाम तो बढ़ा दिए हैं, लेकिन सोसायटियों में दूध की गुणवत्ता को मापने के लिए टेस्टिंग मशीन न होने से सरकार द्वारा तय किए रेट से कम दाम मिल रहे हैं। आज भी कई जगह दूध के दाम 35-40 रुपए तक ही मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी समस्या पशु औषधालय में डॉक्टर न होने से गाय को समय पर टीका नहीं लग पा रहा है। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादक संघ प्रदेश सरकार से मांग करता है कि सभी सोसायटियों में दूध की गुणवत्ता मापने के लिए टेस्टिंग मशीन दी जाए। दूध की पेमेंट हर माह दस तारीख से पहले दी जाए। पशु औषधालय में खाली पद भरे जाएं, फीड सभी सोसायटियों में उपलब्ध की जाए। बैठक में रणजीत, अमी चंद, पदम, सुदर्शन, श्याम लाल, निर्मला, पिंकी, रोमिला, कृष्णा देवी, गुदला देवी, नरमू राम आदि मौजूद रहे।

# टिप्पल में नेपाली युवक ने लगाई फांसी

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस थाना आनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत जाबन के टिप्पल गांव में एक नेपाली युवक द्वारा जीवनलीला समाप्त किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मोहन केशी (उम्र 31 वर्ष), निवासी गांव तिमिले डा. रेउगा, तहसील व थाना सुरवा ओशल, जिला रोल्पा, नेपाल के रूप में हुई है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार मोहन केशी ने टिप्पल स्थित एक बगीचे में सेब के पेड़ की टहनी से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस द्वारा मौके पर की गई शव की प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई, केवल गले पर हल्का फंदे का निशान पाया गया। मौके पर मृतक की पत्नी, जमीन मालिक और अन्य रिश्तेदारों के बयान दर्ज किए गए। मृतक की पत्नी ने बताया कि उन्होंने सोचा कि वह शराब पीकर ऐसे ही खेत में बैठा है, लेकिन जब उन्होंने उसे हिलाया, तो वह पीछे की ओर गिर गया। परिजनों ने किसी भी प्रकार के संदेह या आरोप को नकार दिया है। पुलिस ने हालात और जांच के आधार पर मामला दर्ज किया है और छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल आनी में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# लोत राम चेयरमैन चंद्रप्रकाश बने कोषाध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** महालक्ष्मी यूनियन पतलीकूहल की मासिक बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से लोत राम को यूनियन का चेयरमैन और चंद्रप्रकाश को कोषाध्यक्ष चुना गया। नए पदाधिकारियों की नियुक्ति का कारण पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन लाल की आकस्मिक मृत्यु के बाद कोषाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था, जिसे भरने के लिए यह निर्णय लिया गया। यूनियन के प्रधान सुखबीर मेहता ने नए चेयरमैन और कोषाध्यक्ष को बधाई दी और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# भारतीय किसान संघ की रीति-नीति पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भारतीय किसान संघ नगर खंड का प्रशिक्षण वर्ग शिव मंदिर पतलीकूहल में सोमवार को आयोजित हुआ। वर्ग में भारतीय किसान संघ की संकल्पना, रीति-नीति, संघ की कार्या पदति व ग्राम समिति के कार्य पर प्रांत व जिले के वक्ताओं ने विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उद्घाटन सत्र में प्रांत महामंत्री उमेश सूद ने संगठित होकर कार्य करने पर बल दिया व समापन सत्र में जिलाध्यक्ष ऋषिराज संगठनात्मक, आंदोलनत्मक व रचनात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला। प्रदेश वीज प्रमुख मोहन ने भारतीय किसान संघ की कार्य पद्धति पर अपने विचार रखे। जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद ने भारतीय किसान संघ की रीति-नीति तथा श्रद्धेय दतोपंत ठेंगड़ी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। जिला विपणन प्रमुख राजेश्वर तंवर ने ग्राम समिति के कार्यों पर अपने विचार रखे। खंड अध्यक्ष हरि चंद राणा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस वर्ग में प्रांत महामंत्री उमेश सूद, प्रांत महिला प्रमुख डिंपल ठाकुर, जिलाध्यक्ष ऋषिराज, कोषाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, खंड अध्यक्ष हरि चंद राणा आदि उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संघ के सदस्य।

# बोर्ड बना शोपीस, पर्यटक कर रहे मनमानी

## पर्यटक नदी किनारे कर रहे अठखेलियां, कभी भी घट सकती है घटना

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली के बीच ब्यास नदी के किनारे पर्यटक पानी के बहाव को नहीं भांप रहे हैं और नदी के किनारे अठखेलियां करते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही नजारा रायसन के पास हर दिन नजर आता है।

यहां पर्यटक ब्यास नदी में उतर कर मस्ती कर रहे हैं। प्रशासन ने यहां नदी किनारे न जाने के लिए बोर्ड भी लगा रखे हैं और जुर्माने का प्रावधान भी लिखा है, मगर बोर्ड केवल शोपीस बन कर रह गए हैं। यहां पर्यटकों को टोकने और रोकने वाला कोई नहीं है। बोर्ड पर लिखा आदेश धरातल पर शून्य के बराबर है। कुल्लू-मनाली में पिछले कुछ दिनों से गर्मी भी बढ़ रही है, ऐसे में पहाड़ों पर ग्लेशियर पिघलने से पानी का बहाव भी बढ़ सकता है। एक दम पानी का बहाव बढ़ने से पिछली बार भी कुल्लू-मनाली के बीच कई हादसे हो चुके हैं। ऐसे में कई घटनाएं होने के बावजूद भी कोई सबक नहीं ले रहा है। सोमवार



रायसन के पास ब्यास नदी किनारे पानी में अठखेलियां करते पर्यटक।

दिन को रायसन के पास दर्जनों पर्यटक नदी में उतरते दिखे, यहां न तो पुलिस का कोई जवान दिखा और न ही पर्यटक अपनी जान को लेकर जागरूक है। प्रशासन पर्यटन सीजन को लेकर पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर बैठक तो करते हैं, मगर धरातल पर कोई असर नहीं दिखता है। हालांकि, डीसी कुल्लू ने संबंधित विभागों को पर्यटकों की सुरक्षा के लिए निर्देश दिए हैं। उधर, शिरढ़ पंचायत प्रधान चित्रलेखा भार्गव ने बताया कि हम ने भी कई बार पर्यटकों को नदी में उतरने के लिए रोका, मगर कुछ देर बाद अन्य पर्यटक आकर पुनः नदी में उतर जाते हैं। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से आग्रह किया कि यहां पर पुलिस जवान की तैनाती की जाए, ताकि समय रहते कोई अनहोनी न हो। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को इस बारे सूचित किया गया तो पतलीकूहल पुलिस की टीम ने तुरंत मौके पर आकर इन को वहां से खदेड़ दिया और नदी किनारे न जाने की हिदायत दी। हालांकि, यह इलाका कुल्लू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

**गुहार** बंजार के दूरदराज क्षेत्र शिल्ली उच्च विद्यालय में शिक्षकों का टोटा

# 52 बच्चों की पढ़ाई पर संकट, न मास्टर, न हेडमास्टर

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**

**बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के दूरदराज क्षेत्र शिल्ली पंचायत के राजकीय उच्च विद्यालय पिछले कई वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है।

यहां पढ़ने वाले 52 बच्चों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। स्कूल में कुल सात शिक्षकों के पद खाली हैं, जिनमें हेडमास्टर और अन्य अध्यापक शामिल हैं। इस विद्यालय में शिक्षकों के साथ-साथ एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद भी वर्ष 2012 से खाली है, जिस कारण साफ-सफाई और अन्य जरूरी कामों में भी बाधा आ रही है। हाल ही में जो अस्थायी कर्मचारी भेजी गई थी, उन्हें भी 6 जून को वापस भेज दिया गया है। ग्राम पंचायत शिल्ली की प्रधान शेतू देवी, उपप्रधान मोहर सिंह, वार्ड सदस्य भीमसेन व सीता देवी और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दलीप सिंह, सदस्यों गोविंद सिंह, डूर सिंह, बहादुर



बंजार उपमंडल का शिल्ली उच्च विद्यालय।

सिंह, सरनु राम, सीता देवी, कांता देवी, जयचंद, खिला देवी, फूला देवी, रणजीत सिंह, केहर सिंह सहित अनेक ग्रामीणों जैसे दलीप सिंह, यशपाल, रीत राम, धने राम, ओम प्रकाश, मदन लाल आदि ने बताया कि अभी इस स्कूल में केवल दो ही अध्यापक हैं।

इसमें मोहनलाल टीजीटी आर्ट्स और सीमा ठाकुर भाषा अध्यापक ही कार्यरत है। अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो बच्चों का भविष्य अंधकारमय होगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है कि शिक्षा के इस संकट का जल्द हल निकाला जाए और खाली पड़े शिक्षकों के पदों को जल्द भरा जाए।

### शिक्षकों के ये पद चल रहे खाली

**शिक्षा** खंड बंजार के राजकीय उच्च विद्यालय शिल्ली में हेडमास्टर का पद अप्रैल 2022 से, टीजीटी मेडिकल जुलाई 2022 से, टीजीटी नॉन मेडिकल जुलाई-2024 से, टीजीटी आर्ट्स सितंबर-2022 से शास्त्री का पद मार्च-2022 से, ड्राइंग मास्टर अगस्त-2013 से, पीटीआई वर्ष-2016 से और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद-2012 से अभी तक रिक्त चले हैं।

### स्कूल में मात्र दो कमरे

**लोगों** का कहना है कि इस स्कूल भवन में अभी तक पांच कक्षाओं के लिए दो ही कमरे बने हैं, जिससे असुविधा हो रही है। विद्यालय प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि जल्द सभी रिक्त पदों को भरा जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके और स्कूल भवन की भी व्यवस्था की जाए।

# लोक लेखा समिति ने लाहौल स्पीति के मंदिरों का किया दौरा



लोक लेखा समिति के पदाधिकारी लाहौल-स्पीति जिले के त्रिलोकीनाथ मंदिर में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति ने सोमवार को लाहौल-स्पीति जिले के पौराणिक त्रिलोकीनाथ मंदिर का दौरा किया। समिति के सदस्यों ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी ली।

उदयपुर की एसडीएम आलिशा ने समिति के सभापति अनिल शर्मा और सदस्यों उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक डॉ. हंसराज, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज, मलेंद्र राजन और कैप्टन रंजीत सिंह का मंदिर ट्रस्ट की ओर से पारंपरिक लाहौली रीति-रिवाजों के अनुसार स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने त्रिलोकीनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार करने और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विशेष प्रयास करने पर बल दिया। इसके पश्चात समिति ने उदयपुर स्थित लगभग एक हजार वर्ष पुराने ऐतिहासिक मृकुला देवी मंदिर का भी दौरा किया और वहां शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति ने मंदिर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# एमसी की जमीन पर बिना अनुमति के स्टॉल लगाया, तो लगेगा जुर्माना


नगर निगम की बैठक में उपस्थित पार्षद।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्य स्तरीय शूलिनी मेले की तैयारियों को लेकर नगर निगम सोलन ने विशेष बैठक का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता मेयर उषा शर्मा ने की। आयुक्त एकता कापटा और ज्वॉइंट आयुक्त बिमला वर्मा ने बैठक का संचालन किया। बैठक में डिप्टी मेयर सहित अधिकतर पार्षदों ने अपनी उपस्थिति दी।

इसमें मुख्यतः मेले के दौरान ठोड़ो मैदान में लगने वाले झूलों, तहबाजारी, स्टॉल, प्रदर्शनियों और सफाई व्यवस्था को लेकर निर्णय लिए गए। इसके अलावा दुकानों की ऑक्शन को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही रेट भी निर्धारित किए गए। हाउस में मेले के दौरान दुकान की आड़ में नगर निगम की जगहों पर महंगे दाम पर स्टाल देने वाले मुनाफाखोरों पर भी शिकंजा कसने का निर्णय लिया गया। यह तय हुआ कि यदि कोई व्यक्ति अपने प्रभाव से नगर निगम की जमीन पर स्टाल बेचता है, तो उससे 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इसकी पुनरावृत्ति होने पर जुर्माना दोगुना वसूल होगा। इस बार तहबाजारी करने पर कम से कम 500 रुपए की पर्ची काटी जाएगी। एरिया ज्यादा होने पर अमाउंट बढ़ाया जाएगा। नगर निगम ने निर्णय लिया कि मेले के दौरान लगने वाले भंडारों की एवज में सफाई शुल्क लिया जाएगा। इसके लिए कम से कम 2000 रुपए की राशि चुकानी होगी। मेले के दौरान 24 घंटे सफाई कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसी तरह बिना परमिशन के भंडारे लगाने पर शुल्क देना होगा। हाउस में झूलों, तहबाजारी, स्टॉल, प्रदर्शनियां के रेट पर भी चर्चा हुई।

# क्रस्ना लैब में शुरू हुए टेस्ट

## अब 24 घंटे मिलेगी सोलन हॉस्पिटल में मरीजों को टेस्ट की सुविधा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** करीब तीन हफ्ते तक बंद रहने के बाद आखिरकार सोलन हॉस्पिटल में क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब में बीमारियों की टेस्ट सेवा शुरू हो गई है। इससे हॉस्पिटल उपचार करवाने आने वाले मरीजों को राहत मिली है। दरअसल, कंपनी काफी समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रही थी।

इसके चलते बिल बढ़ते-बढ़ते एक लाख रुपए हो गया, जिससे बिजली काट दी गई। लिहाजा, 3 सप्ताह तक बिजली गुल रहने के चलते यहां टेस्ट की सुविधा नहीं मिल पाई। बिजली का बिल जमा करने के बाद सोमवार से यहां टेस्ट होने शुरू हो गए। गौरतलब है कि सोलन हॉस्पिटल में 24 घंटे क्रस्ना डायग्नोस्टिक कंपनी मरीजों को सुविधा प्रदान करती है। ऐसे में टेस्ट की सुविधा बंद होने से मरीज खासे परेशान हो गए थे। कई बार इस विषय में सोलन हॉस्पिटल मैनेजमेंट से मरीजों ने बात भी की, लेकिन बिजली बिल न जमा करने का हवाला देते हुए हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने इससे पल्ला झाड़ दिया। खैर अब टेस्ट की सुविधा मिलने से मरीजों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि सोलन हॉस्पिटल में उपचार के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला जिले से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं, ऐसे में यहां हमेशा ही सरकारी लैब के अलावा क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब में मरीजों की भीड़ लगी रहती है।




हॉस्पिटल में क्रस्ना डायग्नोस्टिक कंपनी ने काम शुरू कर दिया है। कंपनी ने बिजली बिल का भुगतान कर दिया है, ऐसे में अब रोजाना रूटीन की तरह ही नियमित रूप से यहां टेस्ट होंगे।
**डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

### 1 बजे के बाद नहीं हो रहे थे टेस्ट

क्रस्ना डायग्नोस्टिक कंपनी में टेस्ट बंद होने के बाद भी अस्पताल में मरीजों के टेस्ट होते रहे, लेकिन हॉस्पिटल की सरकारी लैब में दोपहर 1 बजे तक ही टेस्ट होते थे। इसके बाद मरीजों को क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब में टेस्ट करवाने पड़ते थे, लेकिन क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब में बिजली नहीं थी। लिहाजा, 1 बजे के बाद मरीजों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा कई ऐसे टेस्ट भी हैं, जो सिर्फ क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब में ही होते हैं। सरकारी लैब में नहीं। इसके लिए पिछले कुछ दिनों से मरीजों को बाहर ही महंगे दामों पर टेस्ट करवाने पड़ रहे थे। इससे मरीज ज्यादा परेशान थे।

# सराहां में गर्मी से लोग हुए बेहाल

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पच्छाद उपमंडल के मुख्यालय सराहां सहित पूरे पच्छाद में सोमवार को गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। इलाके का तापमान सोमवार को 34 डिग्री से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया, जो कि यहां के हिसाब से काफी अधिक रहा। जरूरी कार्य को छोड़ कर अधिकतर लोग घरों में ही रहे।

यहां के किसान जो अकसर दिनभर अपने खेतों में काम करते थे, वह भी भयंकर गर्मी के चलते दिन भर अपने घरों में ही रहे। आज से तीन दशक पहले तक यहां के लोगों को पंखे, कूलर जैसे उपकरणों का पता ही नहीं होता था। भारी गर्मी में भी इलाके का तापमान 25/26 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं जाता था, लेकिन मैदानी इलाकों में हुए उद्योगीकरण के लिए पहाड़ियों को काटना तथा वनस्पति व पहाड़ियों को काट कर लगातार हो रहे भवन निर्माण के चलते मौसम में काफी परिवर्तन आया है और अब इस इलाके में भी पंखे, कूलर, एसी आम जिंदगी का हिस्सा बन गये है। वरिष्ठ नागरिकों के मुताबिक इस तरह की गर्मी उन्होंने कभी नहीं देखी।

# सिरमौर में 262 करोड़ से हो रहा सड़कों का निर्माण : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जिला सिरमौर व हिमाचल की सड़कों के निर्माण व सुधार के लिए कार्य कर रही है और कांग्रेस इन सड़कों के निर्माण व सुधार के काम का श्रेय लेने में जुटी है।



उन्होंने कहा कि केवल नाहन के आसपास ही अत्यंत महत्वपूर्ण सड़कों का काम प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से चल रहा है। जिनमें जमटा-बिरला सड़क निर्माण का कार्य 18 करोड़ रुपए, जमटा से ही महीपुर सड़क का काम व ददाहू से बेचड़ का बाग सड़क का काम 25 करोड़ की लागत से चल रहा है। जैथल घाट से कून व झमीरिया से दघेड़ा सड़क का निर्माण 15 करोड़ की लागत से चल रहा है। धौलाकुआं से बायला सड़क का निर्माण भी 15 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इन सडकों के अपग्रेडेशन (उन्नयन) से क्षेत्र की भारी प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता किसी भी प्रकार से जनहित में नहीं है, न ही स्वीकार किया जाएगा।

जिला सिरमौर में निम्न स्वीकृतियों पर कार्य चल रहा है, जो पूरी तरह मोदी सरकार की देन है पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में नैनाटिक्कर से देवथल रोड के लिए 12 करोड़ 19 लाख रुपए मरयोग से घरयार के लिए 34 करोड़ 37 लाख रुपए। बागथन रोड के लिए 4 करोड़ 71 लाख रुपए, शलाना जोड़ी से पैरवीखड रोड के लिए 7 करोड़ 41 लाख रुपए, थानाघाट रोड के लिए 4 करोड़ 49 लाख रुपए, रेरी गुसान से डोगा सड़क के लिए 3 करोड़ 87 लाख रुपए, टाली भुज्जल सड़क के लिए 7 करोड़ 5 लाख रुपए, छामला से धणेच सड़क के लिए 13 करोड़ 8 लाख रुपए, राजगढ़ से यशवंत नगर सड़क के लिए 8 करोड़ 3 लाख रुपए, श्री रेणुका जी विधानसभा में संगड़ाह से पालर सड़क के लिए 11 करोड़ 3 लाख रुपए, पालर से पिड़ियाधार सड़क के लिए 6 करोड़ 5 लाख रुपए आदि स्वीकृत किए गए।

# अरुण जस्टा ने नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ठोड़ो मैदान में सात दिवसीय ग्रीष्मोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। मेयर उषा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर औपचारिक रूप से उत्सव का शुभारंभ किया। उद्घाटन के साथ ही पहले दिन की सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी लोकगायक अरुण जस्टा ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। उनकी गायिकी ने न केवल हिमाचली लोक संस्कृति की छवि को मंच पर जीवंत किया, बल्कि दर्शकों को झूमने पर भी मजबूर कर दिया। हिमफ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष विशाल वर्मा ने बताया कि यह ग्रीष्मोत्सव हर वर्ष सोलन के ठोड़ो मैदान में आयोजित किया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिमाचली सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि यह सात दिवसीय आयोजन प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्याओं से सजा रहता है। इसमें हिमाचल, पंजाब और बॉलीवुड के चर्चित कलाकार अपने प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करते हैं।

# वन माफिया और पर्यावरण संरक्षण पर सरकार बहा रही मगरमच्छ आंसू : विवेक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने पर्यावरण दिवस, वन माफिया को और प्रदेश सरकार के संरक्षण को मगरमच्छ के आंसू करार दिया।

शर्मा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हिमाचल सरकार के अनुसार चौंकाने वाले आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। सरकार का दावा है कि फॉरेस्ट कवर एरिया का जो क्षेत्रफल 2023 में 15228.35 वर्ग किलोमीटर से बढ़ कर अब 15880. 35 हो गया है। 652 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र बढ़ाया गया है। सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, इसे 28 फीसदी बता रही है और 2030 तक इसे 30 फीसदी करने का लक्ष्य बता रही है व कार्बन क्रेडिट लेने की दावेदारी प्रस्तुत की जा रही है। दावेदारी और हकीकत मगरमच्छ के आंसुओं के समान है। हिमाचल में लगातार जिस तरह से जंगलों का कटान हो रहा है, जमीन पर चाहे वन क्षेत्रों में 652 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोतरी दिखा रही हो, लेकिन जंगल लगातार खत्म हो रहे हैं। कहीं खनन तो कहीं वन माफिया इन जंगलों को बंजर में तब्दील कर रहा है। 3117.60 वर्ग किलोमीटर के घने जंगलों में अपराध की राजधानी बिलासपुर के स्वारघाट वन परिक्षेत्र के अंतर्गत 18 करोड़ के खैर की लकड़ी के अवैध कटान हो गए, जिसकी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गई और यह पहली बार नहीं हुआ 2017 में कांग्रेस कार्यकाल में नयना देवी क्षेत्र में भी घटना घट चुकी है।



चंबा जिले के हिमगिरि क्षेत्र में कश्मल की अपनी औषधि गुणवत्ता है और उसकी 400 से 500 साल पुरानी जड़ों को भी खोदकर निकाला जा रहा है। फॉरेस्ट विभाग की जानकारी के अनुसार 8 क्विंटल जड़ों को अभी तक पकड़ा गया है। तस्करी कितनी हुई होगी अनुमान लगाना मुश्किल है।

# ग्राम देवता के स्थापना दिवस पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** झाड़माजरी में सोमवार को ग्राम देवता का 32वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। ग्राम वासियों ने स्थापना दिवस मनाने के लिए 6 जून से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। इसी दिन से मंदिर में करीब आधा दर्जन पंडितों से पाठ शुरू करवाया गया। क्षेत्र की खुशहाली और तरक्की के लिए सभी ग्राम वासी उपस्थित हुए। सभी ने मिलजुल कर सोमवार को पहले झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की। उसके बाद पूर्णाहुति डाली। करीब दोपहर 2 बजे विशाल भंडारा शुरू किया गया, जो देर रात्रि तक चलता रहा। यह क्षेत्र का यह सबसे बड़ा भंडारा होता है, जहां पर 15 हजार से अधिक लोगों के लिए भंडारा तैयार किया जाता है। आज के दिन सभी ग्राम वासी एकत्रित होकर नए कपड़े पहनकर सज-धज कर पूजा और कार्य करवाने में हिस्सा लेते है। यहां तक कि गांव वासियों के रिश्तेदार, जो गांव के लोग बाहर रहते हैं, वह भी इस स्थापना दिवस पर दूर-दूर से आकर शामिल होते हैं।

# एनटीटी वॉक-इन इंटरव्यू में अव्यवस्था का आलम

**अनंत ज्ञान, नाहन/पांवटा साहिब**

केंद्र सरकार के समग्र शिक्षा अभियान के तहत एनटीटी (ईसीसीई) भर्ती के लिए पांवटा साहिब में आयोजित जिला स्तरीय वॉक-इन इंटरव्यू में भारी अव्यवस्था देखने को मिली।

भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच हजारों महिला अभ्यर्थी पीने के पानी और मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसती रहीं। आउटसोर्स कंपनी 'पांखी' द्वारा आयोजित इस इंटरव्यू में पहुंची हजारों महिलाओं के लिए बैठने, आराम करने या भोजन की कोई व्यवस्था नहीं थी। चिलचिलाती धूप में अपनी बारी का इंतजार करती, गर्मी से बेहाल महिलाओं के लिए पीने के पानी तक का इंतजाम नहीं था। इनमें गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चों की मां और बीमार अभ्यर्थी भी शामिल थीं, जो एक अदद आउटसोर्स नौकरी की आस में अपनी जान जोखिम में डालकर धक्के खाने को मजबूर थीं। गर्मी से बचने के लिए टेंट और पंखे तो दूर की बात, पानी की एक बूंद भी मुश्किल से नसीब हो रही थी। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस जिला स्तरीय वॉक-इन इंटरव्यू के संबंध में शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा अभियान, स्थानीय प्रशासन और पुलिस को भी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। एक ओर जहां खुले आसमान के नीच हजारों महिलाएं घंटों अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग बैकडोर से अपने जानकारों को सीधे एंट्री दिलाते हुए वायरल वीडियो में कैद हुए।


एनटीटी इंटरव्यू को पहुंचे प्रतिभागी।

ये लोग साक्षात्कार स्थल के एग्जिट गेट से अपने चहेतों को अंदर भेज रहे थे, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। स्थानीय एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा और तहसीलदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं हुआ। प्रशासन के पहुंचने के बावजूद महिलाएं यथावत धूप में खड़ी रहीं। हालांकि, कुछ पुलिस के जवान पानी की बोतलें बांटते जरूर नजर आए। कंपनी के निदेशक ईश्वर चंद शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए खाना और पानी आदि का इंतजाम किया गया था और बैकडोर से किसी को नहीं आने दिया गया। दूसरी ओर, एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि प्रशासन को इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई थी। उन्होंने भी माना कि अव्यवस्था से हजारों आवेदनकर्ता परेशान हुए हैं।

# कुणाल युवा जागृति क्लब के बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत रौड़ी में युवा जागृति क्लब धार की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के पूर्व प्रधान दीपक ठाकुर ने की, जबकि ग्राम पंचायत रौड़ी के उपप्रधान जीत राम बिट्टू विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में कुणाल शर्मा को प्रधान, मनीष शर्मा को उपप्रधान, विशाल शर्मा को सचिव, योगेश शर्मा को कोषाध्यक्ष और अजय ठाकुर को सलाहकार नियुक्त किया गया। पंचायत रौड़ी के उपप्रधान जीत राम बिट्टू और क्लब के पूर्व प्रधान दीपक ठाकुर ने नई कार्यकारिणी के गठन पर कहा कि नई कार्यकारिणी क्लब को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और युवाओं के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जीत राम बिट्टू और दीपक ठाकुर ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई दी।

# बाबा जगो अकादमी ने जीता कबड्डी टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

खेलकूद एवं दंगल समिति मांगल (बागा) और अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बागा के आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का समापन शालूघाट मैदान में हुआ। इसमें मुख्यातिथि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बागा के इकाई प्रमुख नितेश निराला ने शिरकत की। इस अवसर पर अल्ट्राटेक प्लांट से मानव संसाधन प्रमुख राजेश जंवाल, एडमिन हेड पीयूष शुक्ला, समाजसेवी गणपत राम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बागा के इकाई प्रमुख नितेश निराला ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना और प्रतिभा को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दी मांगल ट्रक ऑपरेटर यूनियन के प्रधान बलदेव राज चौहान और हेमराज ठाकुर ने बताया कि फाइनल अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में साई टीम ने कृष्णा अकादमी को 37-23 से हराकर विजेता का खिताब जीता। दूसरी ओर प्रतियोगिता के ओपन कबड्डी फाइनल मैच में बाबा जगो अकादमी टीम नालागढ़ और कोहिनूर टीम नालागढ़ की टीमें आमने-सामने थीं। इस मैच में बाबा जगो अकादमी टीम नालागढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक हासिल किए, जबकि कोहिनूर टीम 29 अंक ही प्राप्त कर सकी। बाबा जगो अकादमी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीता। विजेता टीम बाबा जगो अकादमी टीम को 31,000 रुपए का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम कोहिनूर को 21,000 रुपए का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई। बलदेव राज चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर विधायक अर्की संजय अवस्थी बतौर मुख्यातिथि शामिल होने वाले थे, लेकिन किसी कारणवश वह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। हालांकि, विधायक ने खेलकूद समिति को कबड्डी मैट देने का आश्वासन दिया। इसके लिए समिति ने उनका आभार जताया।


खेलकूद व दंगल समिति मांगल के आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

# सोलन के सिंचाई वाले क्षेत्रों में टमाटर की फसल तैयार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन के सिंचाई वाले क्षेत्रों में टमाटर की फसल तैयार होने लगी है। यही वजह है कि स्थानीय सब्जी मंडी में भी स्थानीय टमाटर ने दस्तक देनी शुरू कर दी है।

सब्जी मंडी सोलन में टमाटर के करीब 150-200 क्रेट पहुंच रही हैं। टमाटर के फिलहाल 300 से 600 रुपए तक प्रति क्रेट दाम चल रहे हैं। हालांकि, अभी पंजाब से भी टमाटर सोलन पहुंच रहा है। कुछ दिनों बाद पंजाब का टमाटर आना बंद हो जाएगा। इसके बाद स्थानीय टमाटर के दामों में उछाल आने की संभावना है। जानकारी के अनुसार जिले के मनलोग, अश्वनी खड्ड, गंबर पुल और कुनिहार के कई क्षेत्रों में सबसे पहले टमाटर की पैदावार तैयार होती है। बाजार में उचित दाम भी मिलते हैं। इस बार भी अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। सोलन मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में टमाटर देरी से तैयार होगा। इसका मुख्य कारण पहले सूखा और बाद में बारिश बताया जा रहा है। सूखे और बेमौसमी बारिश के चलते टमाटर लगाने में देरी हुई है। कई क्षेत्रों में समय पर रोपाई कार्य भी नहीं हो पाया। मंडी समिति सोलन के सचिव अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि गंबर पुल, अश्वनी खड्ड, कंडाघाट समेत अन्य क्षेत्रों में टमाटर जल्द तैयार हो जाता है। इन क्षेत्रों से टमाटर आना शुरू हो गया है। पंजाब के टमाटर के क्रेट से 100 से 150 रुपए तक अधिक दाम मिल रहे हैं। आने वाले दिनों में दामों में और उछाल आने की संभावना है।



# जिला स्तरीय होगा चायल का सिद्ध बाबा मेला

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** चायल का सिद्ध बाबा मेला प्राचीन और जिला सोलन के प्रसिद्ध मेलों में शामिल है इसलिए यह मेला जिला स्तरीय घोषित किया जाता है। यह घोषणा हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने इस मेले के दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में की। उन्होंने कहा कि मेले हमारे प्रदेश की प्राचीन समृद्ध संस्कृति की पहचान हैं। उन्होंने इन संस्कृति को संजोए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए प्रयासरत है। उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग पर चायल टैक्सी स्टैंड में लॉकिंग टाइल लगाने को 5 लाख, स्थानीय अस्पताल में जल्द डॉक्टरों व स्टॉफ के पद सृजित करने, उठाऊ सिंचाई योजना सकोड़ी का काम इस साल अक्तूबर तक पूरा करने,




### डॉ. धनीराम शांडिल ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

कंडाघाट- चायल सड़क का सुदृढ़करण करने, चोहड़ा से अश्वनी खड्ड, डीडीएल सड़क को छह किलोमीटर तक जल्द पक्का करने और मेला कमेटी को 21 हजार देने की घोषणा की। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान उषा शर्मा, उपप्रधान पंकज ठाकुर सहित कई पंचायतों के वर्तमान और पूर्व पंचायतीराज संस्थाओं के पदाधिकारी, सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के प्रधानाचार्य विमल गगवाल, एसडीएम गोपाल चंद, कई विभागों के विभागाध्यक्ष, भाजपा और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मेले के दूसरे दिन सांस्कृतिक दलों, सीनियर सेकेंडरी स्कूल चायल, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, एचडी पब्लिक स्कूल जनेड़घाट, बाबा बड़भाग सिंह स्कूल भलावग, भारती पब्लिक स्कूल मिहाणी के स्कूली बच्चों ने रगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मेले में वॉलीबाल और कुश्ती ने खेल प्रेमियों का खूब मनोरंजन किया। आज मंगलवार को इस मेले के समापन मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन और पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे।

# सेवा-सम्मान का प्रतीक बना राजगढ़

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

### ऑपरेशन सिंदूर की विजय के बाद पहली बार छुट्टी लौटे सैनिक वैभव सिंह चौहान

ऑपरेशन सिंदूर की विजय के बाद देश भर में सैनिकों का अलग-अलग तरीके से सम्मान हो रहा है।

इसी कड़ी में सैनिक फैमिली एकता संगठन राजगढ़ द्वारा देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान और एकजुटता का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर विजय के उपरांत पहली बार अवकाश पर घर लौटे सैनिक वैभव सिंह चौहान का शिरगुल मंदिर राजगढ़ में भव्य स्वागत किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर सैनिक के साथ संगठन के सदस्यों सहित अनेक नागरिकों ने शिरगुल देवता मंदिर में माथा टेका और भारत की थल, जल व वायु सेना की कुशलता एवं विजय की प्रार्थना की। यह राजगढ़ में ऐसा पहला अवसर था, जब किसी सेवारत सैनिक का इस प्रकार सम्मान पूर्वक स्वागत किया गया। इस आयोजन ने न केवल स्थानीय लोगों को गौरवान्वित किया, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश में सैनिक फैमिली एकता संगठन राजगढ़ को एक मिसाल के रूप में स्थापित कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर विजय के समय भी इस संगठन ने देश के सैनिकों की कुशलता और सफलता के लिए महामृत्युंजय जाप व हवन का आयोजन किया था, जो जनसहभागिता और देशभक्ति की भावना का अनूठा परिचायक रहा। यह अविस्मरणीय पल सदैव सैनिकों, उनके परिवारों और आम नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।


ऑपरेशन सिंदूर के बाद अवकाश पर घर लौटे सैनिक वैभव का स्वागत करते लोग।

**अनुदान** 81 गृह निर्माण कार्य पूर्ण, 22 का निर्माण कार्य अंतिम चरण में, 1.5 लाख रुपए मिल रहे

# सिरमौर में मुख्यमंत्री आवास योजना का 103 को मिला लाभ

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। सरकार द्वारा लोगों को सड़क, शिक्षा तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अतिरिक्त गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले (बीपीएल) परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गृह निर्माण के लिए अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे सभी वर्गों के परिवारों को गृह निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत अनुदान राशि तीन किश्तों मे लाभार्थी के उपलब्ध करवाई जाती है। इसमें प्रथम किश्त 65 हजार निर्माण कार्य आरंभ होने पर, दूसरी किश्त 45 हजार निर्माण कार्य के लैंटर स्तर तक चिनाई होने पर तथा तीसरी व अंतिम किश्त 40 हजार रुपए की राशि निर्माण कार्य पूर्ण होने पर दी जाती है। परियोजना अधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सिरमौर अभिषेक मित्तल ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान जिले में 103 आवास स्वीकृत किए गए, जिसके तहत वित वर्ष 2022-23 के दौरान 65 मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिस पर 97 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई तथा 2023-24 में 22 मकान निर्माण के लिए 33 लाख रुपए, जबकि 2024-25 में 16 गृह निर्माण के लिए 24 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। इसके अतंर्गत 81 मकानों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष 22 मकानों का कार्य अंतिम चरण में है।



सिरमौर जिले में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास योजना के लाभार्थी।

खंड विकास अधिकारी नाहन परमजीत सिंह ने बताया कि नाहन विकास खंड के अंतर्गत वित वर्ष 2022-23 में 11 मकान, वर्ष 2023-24 में 3, जबकि 2024-25 में 2 मकान इस योजना के तहत स्वीकृत किए गए, जिनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके लिए सरकार द्वारा लाभार्थियों को 16 लाख 50 हजार रुपए की अनुदान राशि उपलब्ध करवा दी गई है। मुख्यमंत्री आवास योजना की लाभार्थी जमना देवी, गांव कन्यारी, डाकघर कौंलावाला भूड़, तहसील नाहन जिला सिरमौर बताती हैं कि उनके परिवार में चार सदस्य थे, जिनमें दो बेटे हैं। पती दर्जी का काम करते थे, जिनका 2019 में देहांत हो गया। सारी घर की जिम्मोदरी उन्हीं के कंधों पर आ गई रहने के लिए कच्ची झोपडी थी। बीपीएल में चयन होने से उन्हें 2024 में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई, जिससे उन्होंने एक कमरा, एक रसोईघर तथा एक शौचालय का निर्माण किया। आज उनके पास पक्का मकान है, जिसके लिए वह प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री का बार-बार धन्यवाद करती हैं। साहिल पुत्र रेखा देवी गांव गुमटी, डाकघर पालियों, तहसील नाहन जो अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध रखते हैं। उनके परिवार की स्थिति बड़ी दयनीय थी। पिता मजदूरी का कार्य करते है तथा माता गृहिणी हैं, उनके पास कच्चा जर्जर अवस्था में मकान था।

वर्ष-2024 में उन्हें सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की अनुदान राशि मिली, जिसके लिए वह प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। इसी प्रकार इस योजना के लाभार्थी राजपाल गांव खैरवाला, डाकघर विक्रमबाग, तहसील नाहन जिला सिरमौर बताते हैं कि उनके परिवार में 6 सदस्य हैं, वह स्वयं मजदूरी कर परिवार का पालन करते हैं। प्रदेश सरकार ने उन्हें 2023 में गृह निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार की राशि प्रदान की, जिससे उन्होंने आज एक सुंदर घर का निर्माण किया है। इसके लिए वह प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हैं।

# खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया, जो हर साल 7 जून को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम, खाद्य सुरक्षा साइंस इन एक्शन, खेत से लेकर खाने तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक नवाचार और सामूहिक जिम्मेदारी की भूमिका पर जोर देती है।

बागवानी महाविद्यालय के डीन डॉ. मनीष शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सरकारों, उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में इस वैश्विक पालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की उत्पत्ति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इसे घोषित किया गया था और पहली बार 2019 में मनाया गया। इस दिवस का उद्देश्य ऐसे कार्यों को बढ़ावा देना है, जो खाद्य जनित जोखिमों को रोकने, पता लगाने और प्रबंधित करने में मदद करते हैं तथा खाद्य सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्धि और सतत विकास में योगदान करते हैं। डॉ. मनीष शर्मा ने भारत में खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से बढ़ते शहरीकरण और एक विशाल अनौपचारिक खाद्य क्षेत्र के संदर्भ में। उन्होंने खाद्य मिलावट के मामलों में वृद्धि का उल्लेख किया।

## न्यूज ब्रीफ

### यू-ट्यूबर जसबीर सिंह ने किए कई खुलासे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए यू-ट्यूबर जसवीर सिंह से पुलिस रिमांड के दौरान हैरान करने वाले खुलासे हो रहे हैं। जासूस जसबीर सिंह स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) के पास दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर है। जसवीर की जिस महिला मित्र का नाम पूछताछ में सामने आया था उसे स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने पूछताछ के लिए बुलाया और कई घंटों तक उससे पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार 32 वर्षीय जालंधर की रहने वाली महिला मित्र ने पूछताछ में बताया कि जसवीर सिंह उसे दिल्ली तीन से चार बार लेकर गया था और वहां पर कई लोगों से मिलवाया था। पाकिस्तान-डे पर भी जसवीर सिंह की महिला मित्र उसके साथ थी। हैरानी की बात यह है कि जिसके पास डिजिटल इन्विटेशन था, उन्हीं को इस प्रोग्राम में अंदर आने की परमिशन थी, लेकिन इसके बावजूद दानिश के साथ नजदीकी होने के वजह से जसवीर अपनी महिला मित्र को भी प्रोग्राम में साथ ले गया। हालांकि, महिला मित्र के फोन और सोशल मीडिया अकाउंट्स भी पुलिस ने खंगालना शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा यू-ट्यूबर के लैपटॉप की जांच में सामने आया है कि आईएएस एजेंट ने तीन से 4 एप्लीकेशन डाउनलोड की थीं। आखिर वह एप्लीकेशन क्या थी इसको लेकर फॉरेंसिक टीम डाटा रिकवर करने में जुट गई है। एसएसओसी को उम्मीद है कि डेटा रिकवर होने से काफी बड़े खुलासे हो सकते हैं। इसके अलावा जो 150 पाकिस्तान के कॉन्टेक्ट नंबर फोन से मिले हैं, वह ज्यादातर आईएसआई और आर्मी ऑफिसर के नंबर हैं, जिनसे जसबीर सिंह बातचीत करता था।



### लक्की ने मोदी सरकार के 11 वर्षों पर किया कड़ा प्रहार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने इसे विश्वासघात का दशक करार देते हुए कहा कि 2014 में जो सपने दिखाए गए थे, वे अब आम नागरिकों के लिए रोजमर्रा की परेशानियों में बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में लोगों ने 'अच्छे दिन' के वादे पर भरोसा किया था। लेकिन नौकरियों, विकास और एकता की जगह देश ने बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक तनाव और संस्थाओं की कमजोरी का सामना किया। भारत ने पिछले 45 वर्षों की सबसे खराब बेरोजगारी देखी। नोटबंदी, जीएसटी और बिना योजना के लॉकडाउन से एमएसएमई (छोटे उद्योग) बर्बाद हो गए। पेट्रोल, गैस और जरूरी वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं। किसान आंदोलन के दौरान 700 से अधिक किसानों की मौत हुई, लेकिन अब तक एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं दी गई।

### शहरी भूमि सर्वेक्षण शुरू करने को लाई जाएगी तेजी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित शहरी आवास भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) परियोजना के पायलट कार्यान्वयन के लिए उपायुक्त सह-नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग, शहरी नियोजन, नगर निगम, राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) के प्रतिनिधियों सहित सभी प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। बैठक में नक्शा पहल के तहत शहरी भूमि सर्वेक्षण शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण प्रारंभिक गतिविधियों में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) का एक महत्वपूर्ण घटक है। 20 फील्ड सर्वेक्षण टीमों के प्रशिक्षण में तेजी लाई जानी चाहिए। प्रशिक्षण में तकनीकी प्रक्रियाओं, भू-स्थानिक उपकरणों के उपयोग, सर्वेक्षण प्रोटोकॉल और सार्वजनिक सहभागिता दिशा-निर्देशों को शामिल किया जाएगा, ताकि क्षेत्र डाटा संग्रह में एकरूपता और सटीकता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सर्वेक्षण शुरू करने से संबंधित औपचारिक अधिसूचना जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया, साथ ही कवर किए जाने वाले क्षेत्रों को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया जाए। इसके अतिरिक्त, सर्वेक्षण प्रक्रिया के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र सर्वेक्षण टीमों का गठन और तैनाती औपचारिक रूप से की जानी चाहिए। डिप्टी कमिश्नर ने विभागों के बीच तालमेल और समयसीमा का सख्ती से पालन करने के महत्व को रेखांकित किया।

### गोवा के स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर से मांगी माफी

**एजेंसी, पणजी।** गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में एक डॉक्टर से बदसलूकी करने के मामले में सोमवार को माफी मांग ली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मैंने हीट ऑफ द मूमेंट में जिस तरह से स्थिति को हैंडल किया, उसका मुझे बहुत दुख है।' दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री राणे ने 7 जून को का जीएमसीएच औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉ. रुद्रेश कुट्टीकर पर मरीजों के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया और सबके सामने फटकार लगाई। उन्होंने डॉक्टर को सस्पेंड करने का आदेश भी दे दिया था। हालांकि, अब सस्पेंशन वापस ले लिया है। (अनंत ज्ञान)



### जापान में अमेरिका के एयरबेस में धमाका

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि दक्षिणी जापानी द्वीप ओकीनावा पर स्थित अमेरिकी एयरबेस में धमाका हुआ, जिसमें चार जापानी सैनिक घायल हुए हैं। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। धमाका केडेना एयरबेस पर उस वक्त हुआ, जब एक टीम गोला बारूद से जुड़ा काम कर रही थी। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच चल रही है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका से 37 अवैध नेपाली नागरिक निर्वासित

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने नेपाल के 37 अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया है। ये लोग अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे। एक चार्टर्ड फ्लाइट से इन लोगों को नेपाल भेजा गया। यह एक दिन में नेपाली नागरिकों का सबसे बड़ा निर्वासन है। राष्ट्रपति ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से 177 अवैध नेपाली नागरिकों को निर्वासित किया जा चुका है। अभी ट्रंप प्रशासन अमेरिका में रह रहे सैंकड़ों अन्य नागरिकों को भी निर्वासित करने की योजना बना रहा है। (अनंत ज्ञान)

### हम मोदी और शाह से नहीं डरते : ए. राजा

**एजेंसी, चेन्नई।** डीएमके सांसद ए राजा ने भाजपा पर निशाना साधा है और दावा किया है कि भगवा पार्टी कभी भी तमिलनाडु में अपने पैर नहीं जमा पाएगी। ए राजा ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि तमिलनाडु के पास भाजपा की विचारधारा का मुकाबला करने के लिए द्रविड़ विचारधारा है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तमिलनाडु दौरे पर थे और उन्होंने मदुरै में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे और दावा किया था कि आगामी विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु में भाजपा की सरकार बनेगी। सोमवार को चेन्नई में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीएमके सांसद ने अमित शाह के आरोपों को खारिज कर दिया और दावा किया कि गृह मंत्री ने झूठ बोला और डीएमके पर गलत आरोप लगाए। (अनंत ज्ञान)



# हिसार-चंडीगढ़ हवाई सेवा शुरू सीएम सैनी ने भी किया सफर

## बोले- जयपुर, जम्मू और अहमदाबाद के लिए भी जल्द होगी सेवा शुरू

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के हिसार एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए सोमवार को पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और खुद भी चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। इसके लिए नायब सैनी ने पहले ही टिकट बुक करा ली थी।

उनके साथ नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, राज्य मंत्री राजेश नागर, विधायक रणधीर पनिहार, विधायक विनोद भयाणा, विधायक सावित्री जिंदल, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली समेत अन्य नेताओं ने भी इस फ्लाइट में सफर किया।

हिसार से चंडीगढ़ के लिए दूसरी हवाई उड़ान शुरू हो रही है, और भविष्य में जयपुर, अहमदाबाद, और जम्मू के लिए भी यात्राएं शुरू होंगी, जिससे यह क्षेत्र इंडस्ट्री का हब बनेगा। प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख लोगों के लिए है, जो इस एयरपोर्ट का लाभ लेंगे।




सैनी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हरियाणा को पहला हवाई अड्डा मिला है, जो पीएम मोदी ने प्रदेश को दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष गौरवशाली रहे हैं, और इन 11 सालों को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में 150 से ज्यादा एयरपोर्ट बने हैं, साथ ही आईआईटी और आईआईएम भी बने हैं, जो देश के लिए गर्व की बात है। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा।

उन्होंने कहा कि 2047 में हिसार की तस्वीर भी बदली हुई नजर आएगी। विकसित हरियाणा की दिशा में काम किया जा रहा है और यह उड़ान सभी के लिए है, जिसका लाभ प्रदेश के सभी लोग लेंगे। आने वाले समय में हिसार से जयपुर, अहमदाबाद, और जम्मू के लिए भी यात्राएं शुरू होंगी। समय-समय पर यह एयरपोर्ट आगे बढ़ेगा और यहां इंडस्ट्रियल हब भी बनेगा। हमें सार्थक तरीके से आगे बढ़ना है और प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

यह फ्लाइट सेवा सप्ताह में 2 दिन सोमवार और शुक्रवार को चलेगी। हिसार से चंडीगढ़ की उड़ान लगभग 1 घंटे की होगी, जबकि वापसी में उड़ान समय करीब 1 घंटा 10 मिनट रहेगा।

### नवजोत सिद्धू की कपिल शर्मा शो में वापसी

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** पंजाब कांग्रेस के नेता व पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू 6 साल बाद कॉमेडियन कपिल शर्मा के साथ जोड़ी बनाने जा रहे हैं। उनकी कपिल शर्मा के नए शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में वापसी हो रही है। इस शो का तीसरा सीजन 21 जून को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा, जिसमें कपिल शर्मा और नवजोत सिंह सिद्धू की जोड़ी एक साथ दिखेगी। प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। इसके अलावा नवजोत सिंह सिद्धू ने भी हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर शो में अपनी वापसी की पुष्टि की थी। गौरतलब है कि सिद्धू को 2019 में हुए पुलवामा हमले के दौरान विवाद में घिरने के बाद शो छोड़ना पड़ा था। सिद्धू को 2019 में पुलवामा हमले के बाद उपजे विवाद के कारण द कपिल शर्मा शो छोड़ना पड़ा था। इसके बाद उनकी जगह अर्चना पूरन सिंह ने ली थी, जो अब तक शो का हिस्सा हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने कालू सिद्ध मंदिर में की पूजा-अर्चना



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हल्द्वानी स्थित कालू सिद्ध मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा मंदिर में छत्र चढ़ाकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने नव निर्मित भव्य मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कालू सिद्ध मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसार पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह कैड़ा, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, कुमाऊं आयुक्त श्री दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा उपस्थित थे।

# गंगवा बोले-आदमपुर के निर्माण कार्य निर्धारित समय पर करें पूरा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा है कि इस साल के अंत तक आदमपुर में अमृत योजना के तहत चल रहे कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। यहां शहरी तर्ज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी।

गंगवा सोमवार को हिसार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने सीवरेज और पेयजल संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग तथा मार्केटिंग कमेटी के कार्य शुरू हो चुके हैं। एचएसवीपी के तहत होने वाले कार्यों का टैंडर हो गया है। विकास कार्यों के मद्देनजर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्राथमिकता आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में आदमपुर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने अधूरी परियोजनाओं की सूची लेकर संबंधित अधिकारियों से उनका स्टेटस जाना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक तें मंत्री ने मौके पर उपस्थित आमजन की समस्याएं भी सुनीं।

### राष्ट्रीय सम्मेलन को कामयाब बनाने की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इस सिलसिले में उन्होंने सोमवार को विधानसभा सचिवालय में प्रदेश सरकार और हरियाणा विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रत्येक व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की।

यह सम्मेलन हरियाणा विधानसभा की मेजबानी में जुलाई के पहले सप्ताह में गुरुग्राम में होना प्रस्तावित है। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय महत्व के विषय पर हो रहे इस सम्मेलन को सफल बनाना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री मोदी के स्वप्न 'एक राष्ट्र एक विधायिका' की दिशा में बढ़ता हुआ महत्वपूर्ण कदम है। इस सम्मेलन के निमित्त शहरी स्थानीय निकायों की देश के विकास में सहभागिता को बढ़ाने का रोडमैप तैयार हो रहा है। इस वर्ष पटना में आयोजित पीठासीन अधिकारियों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भी इस संकल्प को दोहराया गया है।

# मुख्यमंत्री सैनी के सिरसा दौरे से पहले पुलिस अलर्ट : एसपी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सिरसा दौरे को लेकर सोमवार को एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा की दृष्टिगत समीक्षा बैठक की। एसपी ने कहा कि सीएम के आगमन को लेकर पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह अलर्ट हो गई है और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। उल्लेखनीय है कि सीएम 11 जून को सिरसा की अनाज मंडी में कबीर जयंती पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हजारों की संख्या में पुलिस जवान एवं अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे तथा सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने ट्रैफिक थाना प्रभारी सहित सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कबीर जयंती समारोह के दौरान बाहर से आने वाले लोगों किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से समूचित व्यवस्था होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसके अलावा मुख्यमंत्री जिस रुट से होकर गुजरेंगे वहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जो पुलिस के लिए तीसरी आंख का काम करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों से कहा कि ड्यूटी के दौरान पूरी सावधानी व सतर्कता बरतें और असामाजिक तत्वों पर पूरी निगरानी बनाए रखें। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि 11 जून को बिना किसी इमरजेंसी के वाहन लेकर शहर में प्रवेश न करें, इसके अलावा अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

## देश-विदेश

# उत्तर भारत में पड़ रही झुलसा देने वाली गर्मी, कई जगह चल रही लू

## श्रीगंगानगर में 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान

एजेंसी, नई दिल्ली

उत्तर भारत में पड़ रही प्रचंड गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। इस बीच मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आने वाले पांच दिनों में उत्तर भारत समेत राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने वाली है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में अगले कुछ दिनों तक पारा 40 डिग्री सेल्सियस से पार पहुंच सकता है। दरअसल, उत्तर भारत के पहाड़ों और मैदानों में तापमान में अचानक तेज बढ़ोतरी कई कारणों से हुई है। पश्चिमी विक्षोभ क्षेत्र से हट गया है, जबकि पूर्व-पश्चिम ट्रफ उत्तर की ओर खिसक गया है और अब कमजोर हो चुका है। (अनंत ज्ञान)



### राजस्थान में हीटवेव का अलर्ट

**मौसम** विभाग ने राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक 11 जून तक बीकानेर संभाग में पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच 30 से 40 किमी की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान बढ़ सकता है। मानसून की बात करें तो यह अभी भी बिहार-पश्चिम बंगाल की सीमा पर अटका है।

### क्लासरूम घोटाला मामला

## एसीबी के सामने पेश नहीं हुए मनीष सिसोदिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से सोमवार को कथित क्लास रूम घोटाला मामले में पूछताछ होनी थी। यह पूछताछ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की तरफ से की जानी थी। हालांकि सिसोदिया ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है। इसके पीछे की वजह उन्होंने अपने पूर्व से निर्धारित कार्यक्रमों को बताया है। मनीष सिसोदिया के वकील की तरफ से चिट्ठी के जरिए जवाब भी भेजा गया है। हालांकि, एसीबी ने अभी तक इस जवाब पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। मनीष सिसोदिया से पहले 6 जून को एसीबी ने दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ की थी। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को एसीबी ने समन देकर दफ्तर तलब किया था। (अनंत ज्ञान)



# मदद लेकर गाजा जा रहीं ग्रेटा थनबर्ग इसराइल की हिरासत में



इसराइली कब्जे में नोबल प्राइज विजेता एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ता।

एजेंसी, गाजा

एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ राहत सामग्री लेकर गाजा जा रही शिप को इसराइल ने अपने कब्जे में लेकर शिप में मौजूद सभी लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इंटरनेशनल वाटर में इसराइली डिफेंस फोर्स के जवानों शिप में दाखिल हुए और वहां मौजूद सभी लोगों से उनके फोन समुद्र में फेंकने के लिए कहा। इससे पहले ग्रेटा थनबर्ग ने वीडियो जारी कर मदद मांगी है। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना ने उन्हें किडनैप कर लिया है और सभी को उनकी रिहाई के लिए विदेश मंत्रालय पर दबाव बनाना चाहिए।

इसरायल के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि इसजराइली अधिकारियों ने मैडलीन को रोक लिया है। मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'सेलिब्रिटीज की सेल्फी नौका सुरक्षित रूप से इजरायल के तटों की ओर बढ़ रही है।' पोस्ट में ग्रेटा और अन्य पर मीडिया में उकसावे का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है, जिसका एकमात्र उद्देश्य प्रचार प्राप्त करना था और दावा किया गया है कि पिछले दो हफ्तों में गाजा में पर्याप्त सहायता पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

### ग्रेटा थनबर्ग ने मांगी मदद

**ग्रेटा** थनबर्ग ने पहले से रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो शेयर करते हुए मदद मांगी है। इस वीडियो में उन्होंने कहा, 'मेरा नाम ग्रेटा थनबर्ग है और मैं स्वीडन से हूं। अगर आप यह वीडियो देखें, तो हमें इजराइली सेना या इजराइल का समर्थन करने वाले सैनिक इंटरनेशनल वॉटर पर रोक रहे हैं और हमें किडनैप किया जा रहा है। मैं अपने सभी दोस्तों, परिवार और साथियों से आग्रह करती हूं कि वे स्वीडिश सरकार पर मुझे और अन्य लोगों को जल्द से जल्द रिहा करने के लिए दबाव डालें।'

### सिंगापुर में चोरी के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**एजेंसी, सिंगापुर।** सिंगापुर में चोरी के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है की महिलाओं ने कई दुकानों से सामान की चोरी की। जब वे देश छोड़ने वाली थीं, तभी चांगी हवाई अड्डे से उन्हें गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी महिलाओं की उम्र 29 और 30 साल के करीब है। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के पास से चोरी किया हुआ पर्स, बैकपैक, परफ्यूम की बोतल आदि सामान बरामद किया है। दोनों महिलाओं को अगर दोषी पाया जाता है तो दोनों को सात साल तक की जेल हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश हिंसा में शामिल व्यक्ति के प. बंगाल का मतदाता निकलने पर बवाल

**एजेंसी, कोलकाता।** बीते साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के खिलाफ भड़की हिंसा में शामिल एक व्यक्ति पश्चिम बंगाल में मतदाता पाया गया है। इसके बाद इस पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है और भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार पर राज्य की मतदाता सूची में घुसपैठियों को शामिल करने का गंभीर आरोप लगाया है। बांग्लादेशी हिंसा में शामिल व्यक्ति की पहचान न्यूतन दास के रूप में हुई है, जिसने 2024 में ढाका में हुए छात्र विरोध प्रदर्शन में शिरकत की थी। अब वह बंगाल के काकद्वीप में मतदाता पाया गया है। विवाद के बाद न्यूतन दास ने दावा किया कि उसके पास भारतीय नागरिकता है और उसने पैन कार्ड और आधार कार्ड भी होने का दावा किया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 256 अंक उछलकर 82,445 पर बंद

## निफ्टी में भी 100 अंक की बढ़त, फाइनेंस और बैंकिंग सेक्टर के शेयर्स चढ़े

एजेंसी, मुंबई

शेयर बाजार में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी रही। सेंसेक्स 256 अंक की बढ़त के साथ 82,445 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 100 अंक की तेजी रही, यह 25,103 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और 7 में गिरावट रही। आज बैंकिंग, फाइनेंस, एनर्जी और आईटी शेयर्स में ज्यादा तेजी है। कोटक बैंक और जियो फाइनेंस के शेयर 3 प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर बंद हुए।

बीते कारोबारी हफ्ते यानी 2 से 6 जून तक भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन हफ्ता पॉजिटिव नोट पर खत्म हुआ। निफ्टी 50 और सेंसेक्स ने शुरुआती गिरावट के बाद आखिरी दो दिनों में शानदार रिकवरी दिखाई। पूरे हफ्ते में सेंसेक्स 737 अंक और निफ्टी 252 अंक चढ़ा। (अनंत ज्ञान)



### ग्लोबल मार्केट में तेजी

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,088 पर और कोरिया का कोस्पी 1.55 प्रतिशत चढ़कर 2,855 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.63 प्रतिशत बढ़त के साथ 24,181 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,399 पर बंद हुआ। 6 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.05 प्रतिशत बढ़कर 42,76 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 1.20 प्रतिशत और 1.03 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ।

**प्रदर्शन** प्रदर्शनकारियों ने अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के विरोध में अमेरिकी झंडे जलाए

# लॉस एंजिल्स में प्रदर्शकारियों ने झंडे पर थूका और फूंका

एजेंसी, लॉस एंजिल्स

अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के विरोध में तीन दिन से जारी प्रदर्शन हिंसक हो गया है। उपद्रवियों ने पूरे शहर में कई सड़कों पर आगजनी की है। इस दौरान सैकड़ों गाड़ियों को आग के हवाले किया है।

इस दौरान कई प्रदर्शनकारी मेक्सिको का झंडा लेकर प्रदर्शन करते आए। हालात को काबू करने के लिए अमेरिकी नेशनल गार्ड्स ने भारतीय समयानुसार रविवार देर रात प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले-रबर बुलेट्स दागीं और भीड़ को पीछे धकेला। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी झंडे पर थूकते और जलाते भी नजर आए। घटना मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के बाहर हुई, जहां प्रदर्शनकारी जुटे थे। कुछ प्रदर्शनकारी गो होम और शेम के नारे लगाने लगे। (अनंत ज्ञान)



प्रदर्शनकारियों की ओर से जलाई गई पुलिस गाड़ी।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले- मास्क पहने लोगों को करो गिरफ्तार

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों को मास्क पहने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के बीच लॉस एंजिल्स में तनाव बढ़ गया है। कई स्थानों पर आगजनी और हिंसा भी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल ट्रुथ प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'चेहरे पर मास्क पहने लोगों को तुरंत गिरफ्तार करें। ट्रंप ने कहा कि 'अब से, विरोध प्रदर्शनों में मास्क पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी।' हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि संघीय सरकार के पास ऐसा आदेश जारी करने का अधिकार है या नहीं। प्रदर्शनकारी अपनी पहचान छिपाने के लिए मास्क पहन रहे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एआईएफएफ का बधिर कोचों के लिए पहला डी सर्टिफिकेट कोर्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बधिर कोचों के लिए पहला डी सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स नवी मुंबई के रिलायंस फाउंडेशन यंग चैम्प्स परिसर में आयोजित किया। पश्चिम भारत फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित छह दिवसीय कोर्स में 23 सक्रिय फुटबॉल कोचों ने भाग लिया जो भारतीय एनजीओ 'स्लम सॉकर' से जुड़े थे। एआईएफएफ के शीर्ष कोच शैलेष करकेरा ने इसका संचालन किया और भारतीय साइन भाषा के दो भारतीय जानकारों ने उनकी मदद की। इसमें सैद्धांतिक और व्यवहारिक दोनों सत्र हुए जिसमें बच्चों के फुटबॉल, तकनीकी विकास और कोचिंग के कई पहलुओं पर फोकस था। (अनंत ज्ञान)

### सप्तक तलवार स्विटजरलैंड में संयुक्त 44वें स्थान पर रहे


**एजेंसी, ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड)।** भारत के सप्तक तलवार यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे दौर में सात ओवर 78 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर रहे। तलवार शुरुआती तीन दौर के बाद सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 16वें स्थान के साथ बेहतर स्थिति में थे।



वह हालांकि, चौथे दौर के शुरुआती नौ होल में ही एक डबल बोगी और तीन बोगी कर पिछड़ गए। उन्होंने 14वें होल में बर्डी लगाकर कुछ हद तक वापसी की, लेकिन फिर 15वें से 17वें होल में बोगी कर गए। (अनंत ज्ञान)

### कार्लोस अल्कारेज ने सिनर को हराकर जीता फ्रेंच ओपन

**एजेंसी, पेरिस।** दूसरे वरीय और गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराकर इटली के खिलाड़ी के ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 20 जीत के अभियान पर विराम लगाया।



सिनर ने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था और उनकी नजरें पेरिस में ग्रैंडस्लैम जीत की हैट्रिक पूरी करने पर थी। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज का यह पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब है, जबकि सिनर के नाम तीन ग्रैंडस्लैम खिताब दर्ज हैं। अल्कारेज ने अब तक कोई ग्रैंडस्लैम फाइनल नहीं गंवाया है, जबकि सिनर को पहली बार ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। 22 वर्षीय अल्कारेज का इस साल क्ले कोर्ट पर जीत-हार का रिकॉर्ड 22-1 हो गया है। उन्होंने 23 वर्षीय सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत सहित कुल आठवीं जीत दर्ज की। सिनर ने चार बार अल्कारेज को हराया है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली इंटरनेशनल ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त एसएल नारायणन की अगुवाई में भारत के ग्रैंड मास्टर नॉर्म प्राप्त खिलाड़ियों का दिल्ली अंतरराष्ट्रीय जीएम ओपन शतरंज में सोमवार को चौथे दौर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। नारायणन ने वियतनाम के ग्रैंड मास्टर गुयेन डुक होआ को हराया, जबकि दिप्तायन घोष और दो अन्य घरेलू ग्रैंड मास्टर ने भी शानदार जीत दर्ज कर तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा और अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश ने भी अपने अपने मुकाबले में जीत के साथ दबदबा कायम किया है। ग्रैंड मास्टर आदित्य एस सामंत ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा है। दिल्ली जीएम ओपन एशिया के सबसे बड़े क्लासिकल प्रारूप के ओपन शतरंज टूर्नामेंट के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसकी पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपए है। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत स्टाइल में यूजिनी बुचर्ड

**कनाडा।** कनाडा की टेनिस खिलाड़ी यूजिनी बुचर्ड की खूबसूरती भी देखने लायक है। वह कनाडा की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेनिस में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा किसी भी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाली वह कनाडा की पहली टेनिस हैं।



## ऑस्ट्रेलिया के साथ कल से शुरू होगा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर

**एजेंसी, लंदन**

वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी।



फाइल फोटो

टीम ने डब्ल्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया, इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी। टीम के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद हैं। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है।

हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आईपीएल में 12 मैचों में 22 विकेट लेकर दमदार प्रदर्शन किया।

सलामी बल्लेबाज के तौर पर वॉर्नर की जगह लेने वाले का फैसला अब भी नहीं हुआ है। 19 साल के सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर से प्रभावित किया, लेकिन लेकिन फरवरी में श्रीलंका में ट्रेविस हेड ने इस भूमिका को निभाया। माना जा रहा कि हेड एक बार भी इस भूमिका में दिखेंगे। टीम के लिए मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन की फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन हरफनमौला कैमरून ग्रीन ने सर्जरी से वापसी करते हुए काउंटी क्रिकेट में ग्लूस्टरशर का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन शतक जड़ कर शानदार वापसी की है।

ऑस्ट्रेलिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती कैगिसो रबाडा से निपटने की होगी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों के लिए भी रबाडा मुश्किलें खड़ा करेंगे। उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में ख्वाजा को पांच बार चलता किया है। रबाडा के नाम 327 टेस्ट विकेट है। उन्हें मार्को यानसेन से बेहतर मदद की उम्मीद होगी। टीम में लुंगी एनगिडी और डेन पैटरसन तेज गेंदबाजी के तीसरे विकल्प होंगे। एडेम मार्करम और रयान रिकेल्टन दक्षिण अफ्रीका के लिए पारी का आगाज करेंगे, जबकि कप्तान बावुमा चौथे स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## कैमरून ग्रीन बोले-सर्जरी से पहले बुमराह ने बढ़ाया मेरा हौसला

**एजेंसी, लंदन**

कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक 'विशेष' संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया।



ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' हुआ था। यह चोट हालांकि, नौ से बारह महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन उन्होंने अक्तूबर में सर्जरी करवाने का फैसला किया। ग्रीन ने संवाददाताओं से कहा, ''जसप्रीत बुमराह ने सर्जरी करवाने से एक रात पहले मुझसे संपर्क किया था। वह उस समय भारतीय टीम के लिए एक टेस्ट मैच खेल रहे थे।''

ग्रीन ने कहा, ''ऐसी कुछ चीजें वाकई बहुत खास होती हैं और आपको इससे बहुत अच्छा महसूस होता है। उनके जैसे किसी व्यक्ति का साथ मिलना और फिर उन्हें ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करते देख कर मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है।'' ग्रीन 2023 आईपीएल सत्र में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। उस समय बुमराह सर्जरी से उबरने के लिए टीम से बाहर थे। वह इस सर्जरी के कारण 2022 टी20 विश्व कप खेलने से भी चूक गए थे। उन्होंने हालांकि, सर्जरी के बाद शानदार वापसी की और भारत को 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के बाद पिछले साल टी20 विश्व कप चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। बुमराह इसके बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच मैचों में 32 विकेट लेकर सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। 26 साल के ग्रीन को जेसन बेहरेनडॉर्फ इसी तरह की सर्जरी से गुजरने वाले अन्य गेंदबाजों से भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

ग्रीन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' के 'अनप्लेएबल पॉडकास्ट' को बताया, ''(ऑपरेशन का) मुख्य कारण हड्डी के कुछ अतिरिक्त भाग को अलग करना था। जाहिर है कि मेरे 'एल4' में थोड़ी परेशानी थी और रीढ़ के उस हिस्से पर अतिरिक्त हड्डी विकसित हो गई थी, जिससे मुझे परेशानी हो रही थी।'' ग्रीन के इस सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड में अच्छे प्रदर्शन के लिए भारत को हालात के अनुकूल ढलना होगा : पूर्व क्रिकेटर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी, जबकि माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह सीरीज भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरुआत हो सकती है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। चेतेश्वर पुजारा ने कहा,'' भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा।'' उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोर्ट्स से कहा,''हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा।''

पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा,''इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है।'' इरफान पठान ने कहा,''भारत की नई टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है, लेकिन हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। (अनंत ज्ञान)

## ऑफ साइड के बाहर की गेंद पर जूझने के कारण कोहली ने लिया संन्यास : पनेसर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बार-बार जूझने की समस्या का संभवत: समाधान नहीं मिलने के कारण विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले और 2012 में भारत में अपनी टीम को टेस्ट सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले पनेसर का मानना है कि कोहली को इंग्लैंड के अपने पिछले दौरों की तुलना में ऑफ स्टंप के आसपास घूमती गेंदों से निपटना अधिक कठिन लगता।



कोहली ने 2014 के खराब दौरे के बाद 2018 में इंग्लैंड में शानदार वापसी की। वर्ष 2014 में जेम्स एंडरसन ने इस दिग्गज बल्लेबाज को काफी परेशान किया। पनेसर ने कहा, ''कोहली के साथ जो हुआ है वह यह है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद, पांचवें स्टंप की लाइन, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में तेज उछाल वाली पिचों पर वह संघर्ष कर रहे थे।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए उन्होंने शायद सोचा होगा कि इंग्लैंड में गेंद और ज्यादा स्विंग करेगी, उन्होंने शायद ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर समस्या का समाधान नहीं निकाला। मुझे लगता है कि शायद यही एक कारण रहा होगा कि उन्होंने संन्यास लेने और अपनी सारी ऊर्जा आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में लगाने के बारे में सोचा।'' उन्होंने कहा कि कोहली के पास 2018 में वापसी करने के लिए जवाब थे, लेकिन अपने करियर के इस पड़ाव पर ऐसा करना स्वाभाविक रूप से बहुत कठिन होगा। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि उन्होंने सभी प्रारूपों में एक क्रिकेटर के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वह टेस्ट क्रिकेट के शानदार दूत रहे हैं। उन्हें शायद लगता है कि उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, उन्होंने सब कुछ हासिल किया है और शायद उन्हें लगता है कि युवाओं के लिए आगे आने का समय आ गया है।'' (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज-दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया के टेस्ट मैचों में बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम भारत के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमश: वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्तूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डाटा को एकत्रित किया



और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्तूबर को अहमदाबाद में होगी, उसके बाद दिल्ली टेस्ट होगा। भारतीय टीम इसके बाद विभिन्न स्थानों पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीनों प्रारूपों की पूरी सीरीज खेलेगी। इसमें दो टेस्ट मैच तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता शुरुआती टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा, जबकि गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में 22 से 26 नवंबर तक सीरीज का दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इस स्टेडियम के लिए यह पहला टेस्ट मैच होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच रांची (30 नवंबर), रायपुर (तीन दिसंबर) और विशाखापत्तनम (छह दिसंबर) में खेले जाएंगे, जबकि पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच कटक (नौ दिसंबर), न्यू चंडीगढ़ (11 दिसंबर), धर्मशाला (14 दिसंबर), लखनऊ (17 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में खेले जाएंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने इस बीच 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली महिला वनडे सीरीज की मेजबानी करने में असमर्थता जताई है। इस सीरीज को 50 ओवर के विश्व कप की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। तीस सितंबर से शुरू होने वाली सीरीज के पहले दो मैच अब न्यू चंडीगढ़ (मुल्लांपुर) और तीसरा मैच नई दिल्ली में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## टेनेरीफ महिला ओपन में दीक्षा डागर टॉप-10 से बाहर



**एजेंसी, टेनेरीफ (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर टेनेरीफ महिला ओपन के चौथे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर रही। वह तीसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में जगह बनाए रखने की दौड़ में थी, लेकिन आखिरी दौर में निराशाजनक प्रदर्शन से वह कुल चार अंडर 284 के स्कोर के साथ पांच स्थान फिसल गई। कट में जगह बनाने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी अवनी प्रशांत ने तीसरे दौर में लचर प्रदर्शन से उबरते हुए चौथे दौर में शानदार वापसी कर चार अंडर 68 का कार्ड खेला। वह 23 स्थान के सुधार के साथ 20 वें पायदान पर रही।

**सारा कोसकोवा बनीं चैंपियन**

सारा कोसकोवा तीसरे दौर की बढ़त को बनाए रखने में सफल रही। उन्होंने एक अंडर 71 के कार्ड के के साथ लगातार दूसरा खिताब जीता। कोसकोवा का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। (अनंत ज्ञान)

## अतीका रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में टॉप-10 में स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय

**एजेंसी, ट्रिनेच (चेक गणराज्य)**

भारत की दस वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया।



फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली, लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं।

भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेय से प्रशिक्षण लेने वाली अतीका ने रविवार को फाइनल से पहले बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल में 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली अतीका एक समय 14वें स्थान पर फिसल गई थी, लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए रेस को नौवें पायदान के साथ खत्म किया।

अतीका ने कहा, ''मेरे लिए वह एक अद्भुत सप्ताहांत था। मैंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ ड्राइविंग करके बहुत कुछ सीखा। सूखे मौसम में मेरी गति बहुत अच्छी थी और मैंने बारिश के बाद मुश्किल स्थिति में भी अच्छी प्रगति की।'' (अनंत ज्ञान)

## भारतीय निशानेबाजी लीग से इस खेल को मिलेगा बढ़ावा : टकर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मैरी टकर का मानना है कि भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) भारत और दुनियाभर में इस खेल को विकसित करने का बड़ा अवसर प्रदान करेगी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली इस 23 साल की इस निशानेबाज ने कहा कि उन्हें टीम प्रारूप वाले टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करना पसंद है।



टकर ने कहा, ''मुझे लीग बहुत पसंद है। मुझे एनसीएए और बुंडेसलीगा का अनुभव है। मुझे टीम में रहना और दर्शकों को पूरी टीम का समर्थन करने का माहौल पसंद है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे शीर्ष एथलीटों और जूनियर एथलीटों के एक साथ प्रतिस्पर्धा करने का प्रारूप बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह भारत और दुनिया भर में निशानेबाजी खेलों को विकसित करने का एक बड़ा अवसर है।'' आईएसएसएफ ने एसएलआई के पहले सत्र के लिए 20 नवंबर से दो दिसंबर के बीच का समय आवंटित किया है। इस लीग में पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी। (अनंत ज्ञान)

## नेशंस लीग फुटबॉल

## रोनाल्डो बोले-देश के लिए ट्रॉफी जीतने से बड़ा कुछ भी नहीं

# स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पुर्तगाल बना चैंपियन

**एजेंसी, म्यूनिख**

पुर्तगाल ने नेशंस लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच के वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही। पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। मोराटा एकमात्र खिलाड़ी था स्पॉट किक से गोल करने से चूक गए। अपने प्रयास के विफल होने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सकें और उनकी आंखें नम हो गई।

रोनाल्डो ने नियमित समय के 61वें मिनट में अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल करके पुर्तगाल को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी।



ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाए मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी। यूरोपीय चैंपियन स्पेन के आक्रमण में वह सामंजस्य और प्रवाह नहीं दिखा जो उसने वीरवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-4 की जीत में दिखाया था।

मैच के 21 में मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि, नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मेंडिस को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 22 साल के खिलाड़ी ने टीम के लिए पहला गोल करने के बाद रोनाल्डो के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और पूरे मैच के दौरान यामल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम योगदान दिया। उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में आत्मविश्वास के साथ अपने मौके को गोल में बदला। इससे पहले कप्तान काइलियान एमबाप्पे के शानदार खेल के दम पर फ्रांस ने तीसरे स्थान के मैच में जर्मनी को 2-0 से हराया। (अनंत ज्ञान)

### चैंपियन बनने के बाद रोनाल्डो की आंखों में छलके खुशी के आंसू

**दिग्गज** खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो उस समय भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए जब स्पेन के खिलाफ नेशंस लीग फुटबॉल के फाइनल में पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई और फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। टीम की जीत तय होते ही रोनाल्डो की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि देश के लिए ट्रॉफी जीतने से बड़ा कुछ भी नहीं।

